

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,सोमवार 24 अगस्त 2026 ■ श्रावण शुक्ल पक्ष-12 ■ वर्ष -42 ■ अंक-145 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 25 अगस्त 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये


## सावन के आखिरी सोमवार शिवालयों में उमड़ा आस्था का सैलाब, वाराणसी से उज्जैन तक भक्तों की भारी भीड़

**भोपाल,24 अगस्त।** सावन के पावन महीने के आखिरी सोमवार के अवसर पर देशभर के शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। भक्त भगवान शिव का जलाभिषेक और विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर सुख-समृद्धि एवं खुशहाल जीवन की कामना कर रहे हैं। श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या को देखते हुए प्रमुख शिव मंदिरों में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। वाराणसी, उज्जैन से लेकर पुरी तक शिवालयों में सुबह से ही भक्तों का तांता लगा हुआ है। वाराणसी में काशी विश्वनाथ धाम में सोमवार तड़के से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचने लगे। देश के विभिन्न हिस्सों से आए भक्त बाबा विश्वनाथ के दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए लंबी कतारों में अपनी बारी का इंतजार करते नजर आए। मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए प्रशासन की ओर से व्यापक सुरक्षा एवं भीड़ प्रबंधन की व्यवस्था की गई है।

मंदिर परिसर को रुद्राक्ष और फूलों से खूबसूरती से सजाया गया है। वाराणसी के जिला मजिस्ट्रेट सत्येंद्र कुमार ने बताया कि बड़ी संख्या में भक्त शिव मंदिरों में जलाभिषेक के लिए आ रहे हैं। उन्होंने कहा, ''सुबह के सिर्फ 5 बजे होने के बावजूद, 60,000 से ज्यादा भक्तों ने काशी विश्वनाथ के दर्शन किए। मध्य प्रदेश के उज्जैन में, भक्त खास पूजा-पाठ में शामिल होने के लिए महाकालेश्वर मंदिर पहुंच रहे हैं। एक श्रद्धालु ने कहा, ''सावन का आखिरी सोमवार मेरे लिए बहुत खास है, क्योंकि मुझे सुबह-सुबह महाकाल की



भस्म आरती देखने का मौका मिला।'' उत्तर प्रदेश के एटा में कैलाश मंदिर में भारी भीड़ है। भक्त भगवान शिव का जलाभिषेक कर रहे हैं। गुजरात के अहमदाबाद में, सावन के दौरान खास पूजा के लिए सरदारनगर के एक शिव मंदिर में भक्त जमा हुए। रुद्राभिषेक समारोह भी आयोजित किया गया, जिसमें भक्तों ने पवित्र अनुष्ठानों में भाग लिया।

बिहार के मुजफ्फरपुर में, बाबा गरीब नाथ धाम में भी श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। वहीं, बिहार के बक्सर में, जिला मजिस्ट्रेट साहिला और पुलिस अधीक्षक शुभम आर्य ने रामरेखा घाट से बाबा ब्रह्मेश्वर नाथ मंदिर तक कांवड़िया मार्ग पर इंतजामों का जायजा लिया। उन्होंने मंदिर में पूजा-अर्चना भी की। एक भक्त ने बताया कि बक्सर भर से लोग अपनी मन्नतें लेकर आए थे और बाबा ब्रह्मेश्वर नाथ मंदिर में जलाभिषेक के लिए लंबी कतारों में खड़े थे।

ओडिशा के पुरी में, सावन के आखिरी सोमवार को हजारों कावड़िया भक्तों ने महाप्रभु श्री जगन्नाथ दर्शन किए। भक्तिपूर्ण माहौल में मंदिर के कपाट खुलने की रस्म 'द्वारा फीता नीति' पूरी की गई। भगवान शिव के भक्तों के लिए सावन का आखिरी सोमवार का विशेष धार्मिक महत्व है। देश भर के मंदिरों में मंत्रोच्चार, प्रार्थना, जलाभिषेक और विशेष अनुष्ठान हो रहे हैं।



## राजधानी में निकली विशाल कांवड़ यात्रा हर-हर महादेव के जयकारों से गूंजा मार्ग

**रायपुर,24 अगस्त।** सावन के पावन माह में रायपुर शिवमय नजर आ रहा है. बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का शिवालयों में पहुंचने का सिलसिला जारी है. इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ कांग्रेस के पिछड़ा वर्ग अध्यक्ष भावेश बघेल के नेतृत्व में रविवार को भव्य कावड़ यात्रा निकाली गई. सिलयारी के छाता तालाब से बोल बम के जयकारों के साथ बड़ी संख्या में भक्त मुक्तेश्वर महादेव मंदिर चरोदा पहुंचे. 20 किमी की यात्रा में जगह-जगह कांवड़ियों पर जोरदार स्वागत किया गया. भावेश बघेल ने कहा कि कांवड़ यात्रा सिर्फ एक यात्रा नहीं बल्कि भोलेनाथ के प्रति अटूट श्रद्धा-भक्ति और आस्था का प्रतीक है. कांवड़िये दूर दूर से नंगे पैर पैदल चलकर बोल बम के जयकारे लगाते हुए कांवड़ यात्रा के रूप में भोलेनाथ के दरबार में पहुंचते हैं. भक्तों की सच्चे मन से की गई प्रार्थना को भगवान भोलेनाथ अवश्य ही पूर्ण करते हैं.

**बारिश में भक्तों का जोश**-कांवड़ यात्रा के दौरान बारिश भी हुई, लेकिन भक्तों का जोश नहीं थमा. बोल बम के जयकारों के साथ महिलाएं, बुजुर्ग और युवा आगे बढ़ते गए. सिलयारी से लेकर रेता कपसदा तिवरैया धरसीवा चरोदा में जगह जगह कांवड़ियों का स्वागत किया गया.

**धरसीवा में कांवड़ियों का हुआ स्वागत**-कांवड़ यात्रा जैसे ही धरसीवां पहुंची तो ग्राम पंचायत सरपंच साहिल खान और पूर्व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दुर्गेश वर्मा के साथ सैकड़ों लोगों ने कांवड़ यात्रा का बैंड बाजों के साथ भव्य स्वागत किया. **शिवलिंग का किया जलाभिषेक**-चरोदा स्थित प्राचीन मुक्तेश्वर महादेव मंदिर पहुंचने पर भी कांवड़ यात्रा का स्वागत किया गया. कांवड़ियों ने भगवान भोलेनाथ का रुद्राभिषेक किया. भावेश बघेल ने प्रदेश ओर देश की सुख-समृद्धि और शांति की कामना भोलेनाथ से की. साथ ही विशाल भंडारा का भी आयोजन किया गया.

## सौरभ दास के घर का पता बताने वालों को अदालत ने किया तलब

नई दिल्ली,24 अगस्त। कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के नेता सौरभ दास की शिकायत पर दिल्ली हाई कोर्ट ने सोमवार को दक्षिणपंथी स्तंभकार अभिजीत अय्यर मित्रा, मीडिया प्लैटफॉर्म पैम्पलेट, लॉ बीट समेत उन पक्षकारों को तलब कर लिया है, जिन पर आरोप लगाया गया है कि उन्होंने दास के दिल्ली वाले किराये के घर का पता और अन्य जानकारियों को सार्वजनिक किया। जस्टिस सचिन दत्ता ने अंतरिम रोक की याचिका पर प्रतिवादियों को नोटिस भी जारी किया और इस मामले की सुनवाई दो हफ्ते बाद सूचीबद्ध करने को कहा। सुनवाई के दौरान अदालत को बताया गया कि उन ट्वीट्स को हटा दिया गया है, जिनमें सौरभ दास का पता सार्वजनिक किया गया था। बेंच ने पूछा, 'एक्स की तरफ से कौन पेश हुआ है? क्या इन लिंक्स को हटाया जा चुका है? क्या ये लिंक अब ऐक्टिव नहीं?' एक्स की ओर से पेश हुए वकील ने अदालत को बताया कि इन्हें हटाया जा चुका है। अब इस मामले की अगली सुनवाई 14 सितंबर को होगी। सौरभ दास ने उनके निजता के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए 2 करोड़



रुपये हर्जाने की मांग की है। उन्होंने अदालत से यह भी मांग की है कि मित्रा समेत अन्य को आगे उनके आवासीय पते आदि को सार्वजनिक करने से भविष्य में भी रोका जाए और उनके उन वीडियोज को हटा दिया जाए जिनमें सूचनाओं को सार्वजनिक किया गया है।

## लगातार बारिश से उफान पर इंद्रावती नदी

**जगदलपुर,24 अगस्त।** बस्तर और ओडिशा में लगातार हो रही झमाझम बारिश का असर अब इंद्रावती नदी पर दिखाई दे रहा है। इंद्रावती नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। जल स्तर 8.40 पहुंच गया है। जगदलपुर के पुराने पुलिया के ऊपर से भी पानी बहने लगा है। नदी-नाले उफान पर होने के चलते दर्जनों गांवों का संपर्क भी टूट चुका है। इंद्रावती नदी के साथ उसके सहायक नाले भी पूरी तरह उफान पर है, जिससे आसपास के इलाकों में बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। स्थिति को देखते हुए SDRF को अलर्ट मोड पर रखा गया है। वहीं जगदलपुर तहसीलदार के मुताबिक, बाढ़ प्रभावित इलाकों में लगातार मुनादी कराकर लोगों को सतर्क किया जा रहा है।

**चित्रकोट भी अपने सवाब पर नजर आ रहा**-बेलगांव नगरनार को जोड़ने वाले मार्ग के ऊपर से बाढ़ का पानी बह रहा है। लोग जान जोखिम में डालकर सड़क पार करते नजर आ रहे हैं। वहीं



चित्रकोट भी अपने सवाब पर नजर आ रहा है। लगातार बारिश से चित्रकोट की खूबसूरती में चार चांद लग गई है।

**24 घंटे कुछ जगह भारी से अति भारी बारिश का अलर्ट**-छत्तीसगढ़ में अगले 24 घंटे कुछ जगह भारी से अति भारी बारिश का अलर्ट है। गरज-चमक के साथ बिजली गिरने की भी आशंका है। मौसम विभाग के मुताबिक अगले 7 दिनों तक प्रदेश में कहीं-कहीं मध्यम से भारी बारिश का दौर जारी रह सकता है। रायपुर में रविवार दोपहर से 2 घंटे तक लगातार तेज बारिश हुई.

## जशपुर की प्रशासनिक, सांस्कृतिक और विकास यात्रा का दस्तावेज है 'जशपुर : एक परिचय': मुख्यमंत्री साय



**रायपुर, 24 अगस्त।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने भारतीय लोक प्रशासन संस्थान, नई दिल्ली द्वारा प्रकाशित पुस्तक 'जशपुर : एक परिचय' का विमोचन किया। पुस्तक में जशपुर जिले के इतिहास, प्रशासनिक विकास, सुशासन, सामाजिक-आर्थिक परिवर्तन, जनजातीय संस्कृति, प्राकृतिक संपदा और विकास की संभावनाओं का समग्र अध्ययन प्रस्तुत किया गया है। मुख्यमंत्री साय ने प्रकाशन के लिए भारतीय लोक प्रशासन संस्थान की छत्तीसगढ़ क्षेत्रीय शाखा को बधाई देते हुए कहा कि जशपुर प्रकृति, संस्कृति और परंपराओं की समृद्ध विरासत वाला विशिष्ट अंचल है। यहां के पहाड़, घाटियां, नदियां, जलप्रपात, घने वन और समृद्ध जनजातीय संस्कृति जिले को विशेष पहचान देते हैं। उन्होंने कहा कि जिले की विकास यात्रा और प्रशासनिक अनुभवों को पुस्तक के रूप में संकलित करना सराहनीय प्रयास है। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी क्षेत्र की विकास यात्रा को समझने के लिए उसके इतिहास, समाज, संस्कृति, प्राकृतिक संसाधनों और प्रशासनिक व्यवस्था का समग्र अध्ययन जरूरी है। 'जशपुर : एक परिचय' इस दृष्टि से महत्वपूर्ण दस्तावेज है। यह पुस्तक प्रशासनिक संरचना में समय के साथ आए बदलावों और विकास प्रक्रिया को समझने का अवसर देती है। उन्होंने कहा कि जशपुर में अधोसंरचना, शिक्षा, स्वास्थ्य, ग्रामीण विकास, आजीविका और प्रशासनिक सुधार के क्षेत्र में निरंतर प्रगति हुई है। स्थानीय जरूरतों और विशेषताओं को ध्यान में रखकर भविष्य की योजनाएं बनाना आवश्यक है। कृषि, वनोपज, पर्यटन, स्थानीय उत्पादों तथा महिला और युवा उद्यमिता के माध्यम से जिले की अर्थव्यवस्था को और मजबूत किया जा सकता है। मुख्यमंत्री ने जशपुर को प्राकृतिक पर्यटन की दृष्टि से समृद्ध बताते हुए कहा कि यहां के वन, जलप्रपात, पहाड़ और जनजातीय संस्कृति पर्यटन की बड़ी संभावनाएं रखते हैं।

## नीट छात्रों के साथ एनएसयूआई करेगी प्रदर्शन : स्वास्थ्य मंत्री ने कहा- Gen-Z युवाओं को भटकाने की कोशिश

रायपुर. छत्तीसगढ़ में नीट यूजी काउंसलिंग 2026 में डोमिसाइल और अन्य डॉक्यूमेंट्स को लेकर सवाल उठ रहे हैं. राजधानी में कांग्रेस स्टूडेंट विंग एनएसयूआई मेडिकल कॉलेजों में एडमिशन प्रक्रिया को लेकर मंगलवार को प्रदर्शन करने वाली है. घड़ी चौक से एनएसयूआई कार्यकर्ता नीट छात्रों के साथ स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के सरकारी आवास का घेराव करने के लिए निकलेंगे और पारदर्शी प्रक्रिया की मांग करेंगे. इस प्रदर्शन पर स्वास्थ्य मंत्री का कहना है कि दिल्ली में बैठे कुछ आका साजिश कर जेन-जी युवाओं को भटकाने की कोशिश कर रहे हैं. उनके दिमाग में दिमागी नक्सलवाद भरा हुआ है.



स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने कहा कि सरकार मेडिकल एडमिशन को लेकर पूरी तरह अलर्ट मोड पर है. पहली बार राजस्व विभाग की टीम भी एडमिशन प्रक्रिया में शामिल रहेगी. इससे प्रमाण पत्रों का गहन सत्यापन किया जाएगा जो भी गड़बड़ी करेगा, उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी. किसी भी तरह का लूपहोल नहीं छोड़ा जाएगा.

उन्होंने कहा कि अभी एडमिशन प्रक्रिया शुरू भी नहीं हुई है और घेराव की तैयारी की जा रही है. आखिर ये लोग युवाओं को किस दिशा में ले जाना चाहते हैं? कुछ भ्रमित लोग एडमिशन प्रक्रिया को विवादों में लाकर उसे जानबूझकर देर कराने का प्रयास कर रहे हैं. स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि मेडिकल प्रवेश में डाक्यूमेंट्स वेरिफिकेशन के दौरान मूल निवासी प्रमाण-पत्र और कैटेगरी/संवर्ग प्रमाण-पत्र की भी जांच की जाएगी, जिससे सीट का लाभ सिर्फ पात्र अभ्यर्थी को ही मिले. स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि इतिहास में पहली बार प्रदेश में एक साथ पांच मेडिकल कॉलेज शुरू किए जा रहे हैं. इसके अलावा इस वर्ष 7 फिजियोथेरेपी कॉलेज, 14 नर्सिंग कॉलेज और 10 मेडिकल कॉलेजों में पैरामेडिकल कोर्स भी शुरू किए जा रहे हैं.




# प्रणव शर्मा के नेतृत्व में नारायणपुर (घुघुवा-क) से देवबलौदा तक निकली भव्य कांवड़ यात्रा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 24 अगस्त।** सनातन जागरण समिति, पाटन के तत्वावधान में भगवान शिव के प्रति आस्था, भक्ति एवं समर्पण के प्रतीक विशाल कांवड़ यात्रा का आयोजन रविवार, 23 अगस्त 2026 को किया गया यात्रा का शुभारंभ प्रातः 8 बजे नारायणपुर (घुघुवा-क) के बड़े तालाब स्थित भगवान गुमानेश्वर शिव मंदिर में जलाभिषेक कर किया गया, पूजन पश्चात सभी कावड़ियों ने बड़े तालाब से जल भरकर व ग्राम के देवी देवताओं का आशीर्वाद लेकर हजारों की संख्या में श्रद्धालु कांवड़ लेकर सनातन जागरण समिति के संयोजक प्रणव शर्मा के नेतृत्व में प्राचीन शिव मंदिर, देवबलौदा के लिए निकले। कांवड़ यात्रा का शोभा बढ़ाते





हुए भगवान भोलेनाथ के भक्तिमय गीत संगीत जयकारे के साथ साथ अघोरी रूप धरे भव्य झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। कांवड़ यात्री श्रद्धालुओं की टोली घुघुवा(क) से बड़े औरी से नारधी होते हुए प्राचीन शिव मंदिर देवबलौदा पहुंची, यात्रा के दौरान धूप बारिश के बावजूद भक्तों के जोश में कोई परिवर्तन नहीं हुआ भक्तिमय माहौल में सभी उम्र के ग्रामीण महिला पुरूष श्रद्धालु शिवभक्त यात्रा में सम्मिलित हुए।

प्राचीन शिव मंदिर देवबलौदा पहुंचने पर मंदिर के पुजारी द्वारा मंत्रोच्चार कर प्रणव शर्मा एवं पारिवारिकजनों से भगवान भोलेनाथ का अभिषेक व आरती कराया। तत्पश्चात उपस्थित सभी श्रद्धालुओं को मंदिर परिसर के समीप भंडारे में महाभोग का प्रसादी वितरण किया गया।संयोजक प्रणव शर्मा ने कहा कांवड़ यात्रा का उद्देश्य क्षेत्र में धार्मिक एवं आध्यात्मिक चेतना को बढ़ावा देना तथा श्रद्धालुओं को भगवान शिव की भक्ति से जोड़ना है और भगवान भोलेनाथ से क्षेत्र के आमजन की कल्याण की कामना है। क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं एवं धर्मप्रेमी नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर कांवड़ यात्रा को सफल बनाने के लिए आभार व्यक्त किया है।समिति ने कहा कि कांवड़ यात्रा श्रद्धा, भक्ति और सकारात्मक ऊर्जा का माध्यम है। सामूहिक रूप से भगवान शिव की आराधना और जलाभिषेक से समाज में धार्मिक सद्भाव, सेवा और आध्यात्मिक चेतना को बल मिलता है।यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शिवभक्तों के साथ ही साथ क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही ।

## समाचार संक्षेप

### बिशप अजय पॉल बने मसीह दल ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष



**भिलाई, 24 अगस्त।** मसीह दल फाउंडेशन ऑफ इंडिया ने बिशप डॉ. अजय पॉल को फाउंडेशन के पास्टर वेलफेयर बोर्ड का राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति पर फाउंडेशन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। फाउंडेशन की ओर से जारी बधाई संदेश में कहा गया है कि बिशप डॉ. अजय पॉल के नेतृत्व में पादरी कल्याण बोर्ड को और मजबूती मिलेगी तथा देशभर के पादरियों एवं उनके परिवारों के हित में बेहतर ढंग से कार्य किया जा सकेगा। संस्था ने विश्वास जताया कि उनके अनुभव, नेतृत्व क्षमता और समर्पण से बोर्ड की गतिविधियों को नई दिशा मिलेगी। मसीह दल फाउंडेशन ऑफ इंडिया ने अपने संदेश में कहा कि नई जिम्मेदारी के दौरान बिशप डॉ. अजय पॉल पादरियों के कल्याण, सेवा और सशक्तिकरण के लिए प्रभावी पहल करेंगे। संस्था ने उनके उज्ज्वल भविष्य और सफल कार्यकाल की कामना करते हुए कहा कि ईश्वर उन्हें ज्ञान, शक्ति, उत्तम स्वास्थ्य और सफलता प्रदान करें। बिशप डॉ. अजय पॉल की नियुक्ति को लेकर फाउंडेशन से जुड़े लोगों में उत्साह है। संगठन के एकता, सेवा और सशक्तिकरण के उद्देश्य के अनुरूप पादरी समुदाय के कल्याण के लिए उनके नेतृत्व में नई योजनाओं और गतिविधियों को गति मिलने की उम्मीद जताई गई है।

### जकात फाउंडेशन ने बांटी 15 लाख रुपये की छात्रवृत्ति




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 24 अगस्त।** छत्तीसगढ़ जकात फाउंडेशन की ओर से जामा मस्जिद सेक्टर-6 स्थित कम्युनिटी हॉल में 12वां सालाना स्कॉलरशिप कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में दुर्ग-भिलाई क्षेत्र के कक्षा छठवीं से लेकर कॉलेज स्तर तक के जरूरतमंद विद्यार्थियों को कुल 15 लाख रुपये की छात्रवृत्ति वितरित की गई। मुख्य अतिथि डॉ. इरफान उर रहीम, कैंप कमांडेंट बालोद ने विद्यार्थियों को प्रशासनिक सेवा परीक्षाओं की तैयारी पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर मेहनत करनी चाहिए।कार्यक्रम में असद खान, एडिशनल एसपी, डॉ. मोहम्मद अनवर अंसारी, असिस्टेंट सीएमओ सेक्टर-9, समाजसेवी फजल फारूकी, मस्जिद ट्रस्ट के सदर मिर्जा आसिम बेग सहित जकात फाउंडेशन के अकील सैयद, रियाज और जावेद मौजूद रहे। मोहम्मद इमरान खान ने बताया कि पिछले 12 वर्षों में छत्तीसगढ़ जकात फाउंडेशन ने पूरे छत्तीसगढ़ में लगभग 8,000 विद्यार्थियों को आर्थिक सहायता प्रदान की है। कक्षा 12वीं में 95.86 प्रतिशत अंक हासिल करने वाली इफरा बानो को सम्मानित किया गया।

### शैक्षिक गुणवत्ता बढ़ाने एवं परीक्षा परिणाम में सुधार लान की पहल



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 24 अगस्त।** शैक्षिक गुणवत्ता को लेकर जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान प्राचार्य पी सी मरकले के मार्गदर्शन में स्कूल, संकुल, जोन, ब्लॉक और जिला स्तर पर शैक्षिक गतिविधि प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही है। जिसमें सभी शिक्षकों की भूमिका और जिम्मेदारी निर्धारित की गई है। प्रतियोगिताओं में भाग लेने स्कूल स्तर पर सभी शिक्षक निर्धारित विषयों को लेकर कड़ी मेहनत कर रहे हैं। जिसमें सभी बच्चों को हिंदी- अंग्रेजी भाषा धारा प्रवाह लिखना-पढ़ना भी सिखा रहे हैं। नोडल प्रतिनिधि सत्येंद्र शर्मा ने बताया कि जिले के शैक्षिक गुणवत्ता को बढ़ाने एवं परीक्षा परिणाम में सुधार लाने के लिए प्राचार्य के मार्गदर्शन में समस्त डाइट के अकादमिक सदस्यों द्वारा जिले में संचालित अटल टिंकरिंग लैब , व्यवसायिक पाठ्यक्रम संचालित विद्यालयों एवं विषय वार अध्ययन अध्यापन को लेकर जुलाई से अगस्त माह के बीच में टीम बनाकर शैक्षिक अवलोकन किया गया।

### महान क्रांतिकारी राजगुरु की जयंती पर किसान मोर्चा ने किया नमन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 24 अगस्त ।** महान क्रांतिकारी शिवराम हरि राजगुरु की जयंती पर भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश संयोजक (प्रकल्प) राम उपकार तिवारी ने उन्हें स्मरण करते हुए नमन किया। उन्होंने कहा कि देश की स्वतंत्रता के लिए राजगुरु का अदम्य साहस, त्याग और बलिदान सदैव देशवासियों के लिए प्रेरणास्रोत रहेगा। राम उपकार तिवारी ने कहा कि राजगुरु ने बेहद कम उम्र में देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। मात्र 22 वर्ष की आयु में फांसी के फंदे पर चढ़कर उन्होंने राष्ट्र के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया। उनका देशप्रेम, साहस और मातृभूमि के प्रति समर्पण आने वाली पीढ़ियों को हमेशा प्रेरणा देता रहेगा। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम के वीर सेनानियों के त्याग और बलिदान के कारण ही देश आजाद हुआ। ऐसे महान क्रांतिकारियों का जीवन युवाओं में राष्ट्रभक्ति और देश सेवा की भावना जागृत करता है। राजगुरु का बलिदान भारतीय इतिहास में सदैव अमर रहेगा।



## एक नजर

### भागवत आश्रम लिमतरा में रुद्राभिषेक का आयोजन आज



**उतई, 24 अगस्त (तछसं.)।** पवित्र श्रावण मास के शुभ अवसर पर श्री भागवत आश्रम लिमतरा में 51 पार्थिव शिवलिंग रुद्राभिषेक कार्यक्रम का आयोजन 24 अगस्त 2026, सोमवार को किया जाएगा। धार्मिक एवं आध्यात्मिक वातावरण में होने वाले इस आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह है। श्रद्धालु इस पावन आयोजन में शामिल होकर भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त कर सकेगें श्री भागवत आश्रम लिमतरा के मुख्य संचालन एवं प्रखर कथावाचक संत निरंजन महाराज जी है ।आयोजकों ने श्रद्धालुओं से 24 अगस्त को श्री भागवत आश्रम लिमतरा पहुंच कर 51 पार्थिव शिवलिंग रुद्राभिषेक में सहभागी बनने और भगवान भोलेनाथ की आराधना करने की अपील की है।

### सड़क हादसे में युवक की मौत



**भिलाई, 24 अगस्त (तछसं.)।** भिलाई सेक्टर-6 में सतनाम भवन के पास सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई मृतक अपने दोस्त के साथ पंडित प्रदीप मिश्रा की कथा से लौट रहा था इसी दौरान उनकी गाड़ी की ट्रैक्टर से टकरा गई इस से उसकी मौत हो गई पुलिस मर्ग कायम कर विवेचना कर रही है भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि रामनगर निवासी दुष्यंत सिन्हा (20 साल ) अपने दोस्त के साथ कथा में शामिल होने गए थे देर रात दोनों वापस लौट रहे थे जैसे ही वे सेक्टर-6 स्थित सतनाम भवन के पास पहुंचे, सामने से आ रहे ट्रैक्टर से उनकी गाड़ी की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। टक्कर से दुष्यंत को गंभीर चोटें आईं और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, उनके दोस्त को गंभीर हालत में इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक के मौके से फरार हो गया शुरुआती जानकारी में हादसे में शामिल ट्रैक्टर भिलाई नगर निगम का बताया जा रहा है पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है ।

### मारपीट के मामले में 3 गिरफ्तार



**भिलाई, 24 अगस्त (तछसं.)।** भिलाई जामुल टीआई राकेश खुटेश्वर ने बताया कि साहिल साहू अपने दोस्त शुभम पाठक, वासु निषाद एवं तनु निषाद के साथ हरेली की रैली देखने के लिए शंकर नगर के पास छावनी गया था इसी दौरान श्रमिक नगर निवासी रितेश कश्यप, राहुल, समीर एवं अन्य व्यक्तियों ने शुभम के साथ मारपीट की जा रही थी प्रार्थी साहिल साहू ने बीच-बचाव करने पर आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट की गई इसी दौरान प्रार्थी की मां एवं बहन बीच-बचाव कर समझाने का प्रयास किया गया आरोप है कि आरोपी रितेश कश्यप द्वारा धारदार हथियार निकालकर लहराते हुए जान से मारने की धमकी दी गई तथा प्रार्थी के साथ मारपीट कर चोट पहुंचाई गई प्रार्थी की रिपोर्ट पर धारा 296, 351(3), 115(2), 3 (5) बीएनएस एवं धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की। विवेचना के दौरान रितेश कश्यप, समीर खान एवं राहुल बेहरा को पकड़ा गया आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त धारदार हथियार एवं लकड़ी का डंडा जब्त किया है ।

### गालीगलौज से मना करने पर की मारपीट



**भिलाई, 24 अगस्त (तछसं.)।** भिलाई नेवई टीआई अनिल साहू ने बताया कि प्रार्थिया शशि देवारिन (30 साल ) निवासी देवारपारा स्टेशन मरोदा चौपाटी से चाय पीकर अपने पिता के घर की ओर जा रही थी देवारपारा स्टेशन मरोदा के पास संतू तेलासी, पोखलू देवार एवं दादू देवार ने प्रार्थिया की बहन एवं मां के साथ गाली-गलौज की जा रही थी प्रार्थिया ने गाली-गलौज करने से मना करने पर आरोपियों ने प्रार्थिया एवं उसके परिजनों को जान से मारने की धमकी दी तथा मारपीट की। घटना की रिपोर्ट पर थाना नेवई में धारा 296, 351(3), 115(2), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की विवेचना के दौरान आरोपी संतू राम तेलासी को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में घटना में प्रयुक्त धारदार हथियार से प्रार्थिया को चोट पहुंचाना स्वीकार किया ।

# खण्ड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारी स्वास्थ्य सचिव से मिले

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 24 अगस्त।** इस संबंध में छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के खण्ड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारी प्रकोष्ठ के मीडिया प्रभारी विक्रम सिंह रामटेके ने मीडिया को बताया कि प्रकोष्ठ के प्रांतीय अध्यक्ष बी एल वर्मा के अगुआई में पिछले दिनों छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य विभाग के स्वास्थ्य सचिव डॉ अमित कटारिया से मंत्रालय में भेंट हुई । जिसमे अपने प्रमोशन और वेतन विसंगति को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा हुई। विक्रम सिंह रामटेके ने आगे बताया कि माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर ने खण्ड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारियों के वेतनमान को सुधारने (वस्तुनिष्ठ विचार कर निर्णय



लेने) के लिए छत्तीसगढ़ शासन और प्रशासन को 60 दिनों का समय दिया है, इसी तरह हम लोगों को शासन और प्रशासन के समक्ष अपना पक्ष रखने के लिए 45 दिनों का समय दिया गया है। तदनुसार हमने अपना पक्ष छत्तीसगढ़ शासन और प्रशासन के समक्ष निवेदन सहित रखा कि हमें सन 2018 में छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के वेतन विसंगति संबंधित मांगों पर गठित समित के अध्यक्ष तत्कालीन डायरेक्टर स्वास्थ्य द्वारा अनुशंसित 4400 का ग्रेड पे दिया जाना चाहिए। दूसरी माँग प्रमोशन से संबंधित है जिसे मीडिया में उछालने पर विगत दिनों समस्त संयुक्त संचालकों से खण्ड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारियों की अंतिम सूची प्रकाशन बाबत 2023-24, 2024-25, 2025-26 की जानकारी संचालक स्वास्थ्य सेवाएं छत्तीसगढ़ द्वारा चाही गई है, जिस पर जल्द अमल करने की मांग सचिव महोदय से की गई।प्रतिनिधि मंडल में प्रकोष्ठ के अध्यक्ष बी एल वर्मा, प्रांतीय सचिव साहू, मीडिया प्रभारी विक्रम सिंह रामटेके, बालोद जिला अध्यक्ष रमेश सोनबोईर, गणेश राम भूआर्य, खोरबहरा राम उर्वसा, हितेन्द्र कोसरे, राजेंद्र डाहरे, शोभित राम रंगारी, रीता रानी राय, अनीता नयन, सविता साहू, अमृता सलामे, रहीसा बेगम, बी एल चौरे शामिल थे।

# वेस्ट प्लांट का काम जल्द पूरा करें गुणवत्ता से समझौता नहीं: सुरुचि सिंह



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 24 अगस्त।** आयुक्त सुरुचि सिंह ने नेहरू नगर स्थित एसएलआरएम सेंटर का निरीक्षण कर निर्माणाधीन कंस्ट्रक्शन एंड डिमोलिशन वेस्ट प्लांट के कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों और निर्माण एजेंसी को निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखते हुए प्लांट का काम जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। आयुक्त ने कहा कि निर्माण कार्य निर्धारित मापदंडों के अनुरूप होना चाहिए और गुणवत्ता से किसी भी स्थिति में समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने समय-सीमा के भीतर कार्य पूरा करने के साथ निर्माण की लगातार मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने एसएलआरएम सेंटर में संचालित गीले-सूखे सहित विभिन्न श्रेणियों में कचरा सेग्रीगेशन व्यवस्था का भी जायजा लिया। उन्होंने मौके पर पूरी कार्यप्रणाली देखी और अपशिष्ट पृथक्करण को अधिक व्यवस्थित एवं प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने एसएलआरएम सेंटर में कार्यरत कर्मचारियों की उपस्थिति व्यवस्था को हाईटेक करने पर भी जोर दिया। आयुक्त ने कहा कि तकनीक आधारित उपस्थिति प्रणाली से कर्मचारियों की नियमित एवं पारदर्शी निगरानी सुनिश्चित होगी। उन्होंने अधिकारियों को तकनीक का अधिकतम उपयोग करते हुए सेंटर की गतिविधियों की सतत मॉनिटरिंग करने कहा। निरीक्षण के दौरान जोन आयुक्त डी.के. कोसरिया, कार्यपालन अभियंता सुनील जैन एवं नितेश मेश्राम, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, सहायक अभियंता श्वेता वर्मा, उप अभियंता पुरुषोत्तम सिन्हा, अशोक देवांगन, आशीष भारती तथा स्वच्छता निरीक्षक कमलेश द्विवेदी सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

### प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 1.0 के अधूरे आवासों को 30 सितंबर तक पूर्ण करने के निर्देश

**अंवरी, 24 अगस्त।** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 1.0 के अंतर्गत स्वीकृत किए गए आवासों में जो निर्माण कार्य अभी तक पूर्ण नहीं हो पाए हैं, उन्हें अब निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरा कराने की कवायद तेज कर दी गई है। शासन द्वारा योजना के अंतर्गत स्वीकृत समस्त आवासों को 30 सितंबर 2026 तक अनिवार्य रूप से पूर्ण किए जाने के सख्त निर्देश दिए गए हैं। इसके मद्देनजर नगर पंचायत द्वारा अपूर्ण आवासों के हितग्राहियों से लगातार संपर्क कर उन्हें निर्माण कार्य पूरा करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 1.0 के अंतर्गत ऐसे 16 हितग्राही हैं, जिनके आवास अभी अपूर्ण हैं। इन सभी हितग्राहियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने आवास निर्माण का शेष कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरा करें। आवास पूर्ण होने के बाद संबंधित हितग्राहियों को कार्यालय में उपस्थित होकर जियो टैगिंग तथा पूर्णता प्रमाण पत्र से संबंधित आवश्यक कार्यवाही भी पूरी करनी होगी।

# सावन के अंतिम सोमवार को नगर के शिवालयों में उमड़ा आस्था का सैलाब

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 24 अगस्त।** सावन के अंतिम सोमवार को आज शहर के विभिन्न शिवालयों में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। भक्तों ने हर हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष के साथ भगवान शिव का पूजन-अर्चन कर सुख-समृद्धि की कामना की। पूरे शहर का माहौल शिव भक्ति से सराबोर नजर आया। सावन के अंतिम सोमवार को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह रहा। भोर से ही बड़ी संख्या में लोग शिव मंदिरों में पहुंचने लगे। भक्तों ने विधि-विधान से भगवान शिव का अभिषेक किया। शिवलिंग पर जल, दूध और गंगाजल अर्पित करने के साथ बेलपत्र, धतूरा, पुष्प और अन्य पूजन सामग्री चढ़ाई गई। कई मंदिरों में सुबह से ही विशेष पूजा-अर्चना और अभिषेक का दौर चलता रहा। श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ का दर्शन कर परिवार की सुख-शांति, समृद्धि और खुशहाली की प्रार्थना की। मंदिरों में बज रहे भजनों और लगातार हो रहे जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा।



मंदिरों के आसपास भी चहल-पहल रही। बड़ी संख्या में महिला, पुरुष और युवा श्रद्धालु पूजा-अर्चना के लिए पहुंचे। श्रद्धालुओं का कहना था कि सावन के अंतिम सोमवार को भगवान शिव की आराधना करने का विशेष महत्व है और इस अवसर पर पूजा-अभिषेक कर वे स्वयं को सौभाग्यशाली मानते हैं। सुबह से दोपहर तक शहर के प्रमुख शिवालयों में भक्तों की भीड़ बनी रही। श्रद्धालुओं ने श्रद्धा और भक्ति के साथ सावन के अंतिम सोमवार का पर्व मनाया और भगवान भोलेनाथ से सभी के कल्याण की कामना की।

# छत्तीसगढ़ में भगवान महादेव की कृपा से खुशहाली और समृद्धि है: मुख्यमंत्री

**दुर्ग, 24 अगस्त ।** जिले के भिलाई नगर स्थित जयंती स्टेडियम के समीप आयोजित शिव महापुराण कथा के आज अंतिम दिवस मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय अपनी धर्मपत्नी श्रीमती कौशिल्या देवी साय के साथ कथा श्रवण करने पहुंचे। उन्होंने व्यास पीठ का पूजा अर्चना कर प्रदेश के जनता की खुशहाली एवं समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर विशाल शिवभक्तों को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में कहा कि यह हम सबके लिए सौभाग्य की बात है कि माता कौशिल्या की जन्मभूमि और प्रभु श्री राम के ननिहाल छत्तीसगढ़ प्रदेश के इस्पात नगरी भिलाई की पावन भूमि में बीते सात दिनों से शिव भक्ति की अविरल धारा बह रही है। यहां पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं को अध्यात्म से सीधे जुड़ने का अवसर मिला है। आज मैं भी सपत्नीक कथा श्रवण करने पहुंचा हूं।मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि भगवान भोलेनाथ हमारे प्रदेश के चारों दिशाओं में विराजमान है। रायपुर में हटकेश्वर महादेव और कवर्धा में वे भोरमदेव कहे जाते हैं। राजीम में कुलेश्वर महादेव, चम्पारण में चम्पेश्वर महोदव, गरियाबंद में भुतेश्वर महोदव, सिरपुर में गंधेश्वर महोदव, जशपुर में मधेश्वर महोदव के रूप में पूजे जाते हैं। इस तरह छत्तीसगढ़ के चप्पे-चप्पे पर देवाधिदेव भगवान महोदव की कृपा है। उनके आशीर्वाद से सभी ओर खुशहाली और समृद्धि है।

# आपसी विवाद में चाकू से हमला करने वाले गिरफ्तार



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 24 अगस्त।** भिलाई शराब पीने के दौरान दोस्तों के बीच मामूली विवाद खूनी झड़प में बदल गया। ठंडा समोसा लाने को लेकर शुरु हुए विवाद के बाद एक युवक ने साथी की बहन पर आपत्तिजनक टिप्पणी कर दी इस से नाराज दो दोस्तों ने उसी युवक पर चाकू से हमला कर दिया गंभीर अवस्था में उसे एम्स अस्पताल में भर्ती कराया मामले में पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है सुपेला टीआई एस एन ने बताया कि प्रार्थिया अर्चना नेवारे निवासी आदर्श पारा सुपेला ने थाना सुपेला में रिपोर्ट दर्ज कराया कि उनके पुत्र हिमांशु के साथ लक्ष्मी मार्केट सुपेला स्थित शिव मंदिर के पास दो व्यक्तियों ने मारपीट कर धारदार हथियार से हमला किया बताया जाता है कि हिमांशु रात्रि लगभग 10 बजे शिव मंदिर के पास बैठा था। तभी मोहल्ले के योगेश्वर वर्मा उर्फ बिच्छु एवं मनीष नोनहारे उर्फ पीला भाउ वहां पहुंचे हिमांशु ने शराब एवं बाद में समोसा तथा पानी लाने को कहा गया।

लगभग 11.15 बजे वापस आने के बाद शराब पीने के दौरान समोसा ठंडा होने की बात को लेकर विवाद हुआ विवाद बढ़ने पर आरोपियों ने पहले मारपीट की गई तथा इसके बाद धारदार हथियार से हिमांशु पर लगातार वार किए गए हमले में हिमांशु के सिर, गर्दन, पेट, पीठ एवं कमर में चोटें आई। उसे शासकीय अस्पताल सुपेला ले जाया गया, जहां से उपचार हेतु जिला अस्पताल दुर्ग एवं बाद में रायपुर स्थित एम्स अस्पताल रेफर किया गया। रिपोर्ट प्राप्त होते ही थाना सुपेला पुलिस टीम ने दोनों आरोपी योगेश्वर वर्मा उर्फ बिच्छु (22 साल ) निवासी कृष्णा नगर व मनीष नोनहारे उर्फ पीला भाउ (25 साल ) निवासी भीम नगर को गिरफ्तार कर लिया है ।

### ट्रेन के काटने से युवक की मौत

**भिलाई, 24 अगस्त (तछसं.)।** भिलाई खुर्सीपार थाना क्षेत्र के एक युवक की ट्रेन से कटकर मौत हो गई पुलिस मर्ग कायम कर शव की पहचान में जुट गई है खुर्सीपार टीआई लक्ष्मण केवंट ने बताया कि रेलवे क्रासिंग खुर्सीपार गेट पर एक अज्ञात युवक की ट्रेन से कटकर मौत हो गई मृतक की ( 26 साल ) के आसपास है पुलिस शव की पहचान करने में जुटी हुई है ।

### जिले में अब तक 617.2 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**दुर्ग, 24 अगस्त।** जिले में 1 जून 2026 से 23 अगस्त 2026 तक 617.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। कार्यालय कलेक्टर भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से अब तक सर्वाधिक वर्षा 768.3 मिमी तहसील पाटन में तथा न्यूनतम 445.8 मिमी. तहसील धमधा में दर्ज की गई है। इसके अलावा तहसील दुर्ग में 719.3 मिमी, तहसील बोरी में 599.6 मिमी, तहसील भिलाई-3 में 672.5 मिमी और तहसील अहिवारा में 497.8 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

### निधन

**गुहाराम देशमुख**



**भिलाई, 24 अगस्त।** जिला सहकारी बैंक के पूर्व कर्मी ग्राम पिसेगांव निवासी 79 वर्षीय गुहाराम देशमुख का रविवार को सुबह निधन हो गया । उनका अंतिम संस्कार गांव के ही मुक्तिधाम में किया गया। वे चित्रलेखा देशमुख के पति, खेमलाल, अजय, कावेरी और मुखी के पिता थे।

## एक नजर

### नर्मदेश्वर शिव मंदिर समिति की नई कार्यकारिणी गठित

**राजनांदगांव, 24 अगस्त। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** न्यू खंडेलवाल कॉलोनी स्थित नर्मदेश्वर शिव मंदिर के संचालन एवं रख -रखाव के दृष्टिकोण से समिति का गठन किया गया है । मंदिर समिति के अध्यक्ष के रूप में देवेंद्र चौबे का मनोनयन किया गया , जबकि सभी की सहमति से सचिव का कार्यभार यशवंत दीपक (साहू) को सौंपा गया। मंदिर समिति के मीडिया प्रभारी डॉ.सूर्यकांत मिश्रा ने बताया कि न्यू खंडेलवाल कॉलोनी में श्रावण मास के पहले सोमवार को शिव परिवार की स्थापना विधि विधान से तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा के माध्यम से संपन्न हुई । मंदिर के संचालन सहित रख -रखाव की जिम्मेदारी तय करते हुए कॉलोनीवासियों को अवगत कराया गया है । समिति में अध्यक्ष देवेंद्र चौहान , सचिव यशवंत दीपक , सह सचिव गणेश साहू , वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुधीर पंजवानी एवं ध्रुवराज बोरकर , कनिष्ठ उपाध्यक्ष मोरध्वज देवांगन एवं बालकृष्ण बघेल , कोषाध्यक्ष गिरीश देवांगन , सह कोषाध्यक्ष योगेश अग्रवाल को बनाया गया । मीडिया प्रभारी डॉ . सूर्यकांत को बनाया गया है । इसके अलावा कार्यकारिणी में सात लोगों को शामिल किया गया , जिसमें प्रकाश मानकर , जतिंदर सिंह पंधेर , बिसौहा राम साहू , गिरधारी राम साहू , पवन जयसिंघानी , चंद्रशेखर कुम्हारे तथा शैलेष श्रीवास्तव के नाम शामिल हैं।

### यूनिट टेस्ट में मिले अंकों पर पालकों ने संतुष्टि जताई

**अंबागढ़ चौकी , 24 अगस्त। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** एनएसएम पब्लिक स्कूल , अंबागढ़ चौकी में सत्र 2026-27 की पहली शिक्षक -पालक बैठक में पालकों ने प्रथम यूनिट टेस्ट में बच्चों द्वारा अर्जित अंकों पर संतुष्टि प्रकट की । पालकों ने बेहतर शिक्षा के उद्देश्य से शिक्षकों तथा प्राचार्य के साथ अपने सुझावों को साझा किया । प्राचार्य डॉ.सूर्यकांत मिश्रा ने आने वाले समय में बेहतर सुविधाओं के संदर्भ में पालकों को अवगत कराया । इसी बैठक में पालक -शिक्षक संघ का गठन जिला शिक्षा विभाग के अनुपालन में किया गया । वनांचल के बच्चों की बेहतर शिक्षा के मद्देनजर नांदगांव शिक्षा मंडल , राजनांदगांव ने अंबागढ़ चौकी में सत्र 2024-25 से एनएसएम पब्लिक स्कूल का संचालन शुरू किया है । स्वच्छ एवं सुरक्षा की दृष्टि से परिपूर्ण परिसर शिक्षा की सभी जरूरतों को पूरा करते हुए अपने पथ पर अग्रसर है । संस्था ने इस वर्ष अपने तीसरे सत्र में प्रवेश किया । पालकों से मिल रहे सहयोग के चलते संस्था में लगातार विद्यार्थियों की संख्या प्रगति पर है । प्रथम पालक -शिक्षक बैठक में सभी पालकों को उनके बच्चों के प्रथम यूनिट टेस्ट के प्राप्त अंक से अवगत कराया गया । इस दौरान कमियां और बेहतर कार्य पर भी फोकस रहा । पालकों ने जहां और बेहतर शिक्षा की उम्मीद से अवगत कराया , वहीं संस्था प्राचार्य ने उससे कहीं अधिक अच्छे परिणाम का आश्वासन दिया । भविष्य में पालकों के साथ अच्छे आदान - प्रदान के लिए बनाए गए संघ में शामिल पदाधिकारियों ने सकारात्मक सहयोग का आश्वासन दिया । संस्था में जुटाई जा रही छात्र हित सुविधाओं का जिक्र करते हुए प्राचार्य ने पालकों को यह विश्वास दिलाया कि उनके बच्चों की बेहतर शिक्षा और संस्कार ही संस्था का लक्ष्य है । अंत में सभी पालकों ने संस्था की कार्यसमिति तथा शिक्षकों के सहयोग को वनांचल में शिक्षा का अलख जगाने वाला संकल्प बताया ।

### 90 पौवा शराब ले जाते हुए कोचिया को पुलिस ने किया गिरफ्तार




**बलौदाबाजार 24 अगस्त। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पुलिस अधीक्षक श्री गौरव राय के कुशल निर्देशन में आज दिनांक 22.08.2026 को थाना सुहेला की पुलिस टीम द्वारा बुडगहन भांठा के पास में घेराबंदी कर अवैध रूप से बिक्री करने के लिए शराब ले जाते हुए 01 आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी शराब कोचिया से कुल ?9800 कीमत मूल्य का 90 पाव देशी मसाला/अंग्रेजी गोवा शराब तथा अवैध रूप से शराब परिवहन में प्रयुक्त पल्सर मोटरसाइकिल जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना सुहेला में धारा 34(2) आबकारी के तहत अपराध क्र. 152/2026 पंजीबध्द कर आरोपी को गिरफ्तार करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। प्रकरण विवेचना में है।

### साइबर जागृति अभियान में अभिषेक तिवारी ने ली 'जागरूकता की एक सेल्फी'

**बलौदाबाजार 24 अगस्त। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने और आम नागरिकों को ऑनलाइन ठगी एवं डिजिटल फ्रॉड के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा प्रदेशभर में 15 अगस्त से 02 अक्टूबर 2026 तक साइबर जागृति अभियान चलाया जा रहा है। ?इस अभियान के तहत आम जनता को डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए जागरूकता की एक सेल्फी पहल की शुरुआत की गई है। मुख्य सलाहकार छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज बलौदाबाजार ने की पहलः- आज दिनांक 23.08.2026 को मुख्य सलाहकार छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज बलौदाबाजार एवं पूर्व जिला अध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद बलौदाबाजार-भाटापारा श्री अभिषेक तिवारी ने इस जन-जागरूकता अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लिया। उन्होंने आधिकारिक पोस्टर पर दिए गए क्यूआर (त्तक्र) कोड को स्कैन कर अपनी जागरूकता की सेल्फी ली और उसे अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर अपलोड किया।

# मनखे-मनखे एक समान' के संदेश के साथ कांवड़ यात्रा का आज समापन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा 24 अगस्त।** सामाजिक सद्भाव विशाल कांवड़ यात्रा का आज होगा भव्य समापन आरंग में तिल्दा नेवरा माता कौशल्या की पुण्यधरा चंदखुरी से बाबा बागेश्वरनाथ की नगरी आरंग तक निकाली जा रही 71 किलोमीटर लंबी तीन दिवसीय सामाजिक सद्भाव विशाल कांवड़ यात्रा का आज तृतीय एवं अंतिम दिवस है। यात्रा का समापन आरंग के पंचमुखी महादेव मंदिर में कांवड़ियों द्वारा भगवान शिव के जलाभिषेक के साथ होगा।





यात्रा के द्वितीय दिवस पर पूर्व मुख्यमंत्री एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह तथा छत्तीसगढ़ गौसेवा आयोग के उपाध्यक्ष राजीव लोचन महाराज की गरिमामयी उपस्थिति ने हजारों कांवड़ियों और श्रद्धालुओं का उत्साह बढ़ाया। डॉ. रमन सिंह ने कांवड़ियों के साथ कदम से कदम मिलाकर यात्रा में सहभागिता की तथा सामाजिक सद्भाव और समरसता के पवित्र संकल्प को मजबूत करने का आह्वान किया। इस दौरान बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं ने बोल रहा अब हिंदुस्तान, मनखे-मनखे एक समान का जयघोष किया। यात्रा में शामिल लोगों ने एकता, समानता, भाईचारे और सामाजिक समरसता को मजबूत करने का संकल्प लिया। आज अंतिम दिन कांवड़ यात्रा सुबह 7 बजे समोदा से प्रारंभ होगी। यात्रा चपरीद, रानीसागर, देवरी मोड़, गुल्लू बस स्टैंड, अमेठी, आरंग कर्मा चौक होते हुए कुमारेश्वर महादेव, बागेश्वर महादेव और अंत में पंचमुखी महादेव मंदिर पहुंचेगी। यहां भगवान शिव का जलाभिषेक एवं कांवड़ियों का सम्मान किया जाएगा। समापन अवसर पर दोपहर 3 बजे से पंचमुखी महादेव मंदिर परिसर में गंगा साहू द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जाएगा। यात्रा के प्रमुख संयोजक गुरु खुशवंत साहेब, कैबिनेट मंत्री छत्तीसगढ़ शासन एवं गोविंद साहू, अध्यक्ष साहू समाज भानसोज परिक्षेत्र हैं। आयोजकों का कहना है कि यह यात्रा केवल धार्मिक आस्था तक सीमित नहीं, बल्कि मनखे-मनखे एक समान के संदेश के साथ सामाजिक एकता, मानवता, भाईचारे और समरसता को मजबूत करने का प्रयास है। अंतिम दिवस सर्व समाज के कांवड़ियों, श्रद्धालुओं, जनप्रतिनिधियों, भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं गणमान्य नागरिकों की बड़ी भागीदारी की उम्मीद है।

### रायपुर संसदीय क्षेत्रवासियों के सच्चे संबल और जीवनरक्षक

# सांसद बृजमोहन अग्रवाल की पहल से 23 मरीजों को मिला 69 लाख का उपचार सहारा

**रायपुर 24 अगस्त।** रायपुर लोकसभा क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवाल एक बार फिर अपने क्षेत्रवासियों के लिए संकटमोचक और सच्चे जीवन रक्षक साबित हुए हैं। संवेदनशील जननेता के रूप में अपनी विशिष्ट पहचान रखने वाले श्री बृजमोहन अग्रवाल के व्यक्तिगत प्रयासों और अनुशंसा पर प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से रायपुर लोकसभा क्षेत्र के 23 गंभीर एवं असाध्य बीमारियों से जूझ रहे मरीजों के इलाज के लिए कुल ?69,00,000/- (उनहत्तर लाख रुपये) की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। इस संबंध में प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा विधिवत पत्र जारी कर जानकारी दी गई है।

#### लाखों के महंगे इलाज के आगे बेबस परिवारों को मिला नया जीवन

बोन मैरो ट्रांसप्लांट, रीनल (किडनी) ट्रांसप्लांट, हार्ट सर्जरी, कैंसर और थैलेसीमिया मेजर जैसी जानलेवा बीमारियों का इलाज साधारण और मध्यमवर्गीय परिवारों की आर्थिक क्षमता से कोसों दूर होता है। ऐसे कठिन समय में जब पीड़ित परिवारों के सामने जीवन और मृत्यु का संकट खड़ा था, तब सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने आगे बढ़कर इन परिवारों का हाथ थामा।



श्री अग्रवाल ने प्रत्येक पीड़ित परिवार के आवेदन को अत्यंत संवेदनशीलता के साथ लेते हुए प्रधानमंत्री कार्यालय को त्वरित अनुशंसा भेजी और लगातार फॉलोअप कर प्रत्येक पात्र मरीज के उपचार हेतु ?3,00,000/- (तीन लाख रुपये) की सहायता राशि स्वीकृत करवाई।

#### देश के शीर्ष अस्पतालों में चल रहा इलाज

स्वीकृत की गई यह सहायता राशि सीधे उन प्रतिष्ठित अस्पतालों को प्रेषित की गई है जहाँ मरीजों का जीवनरक्षक उपचार चल रहा है। इनमें प्रमुख रूप से इंद्रप्रस्थ अपोलो हॉस्पिटल, नई दिल्ली (बोन मैरो ट्रांसप्लांट) नारायण हृदयालय / हेल्थ सिटी, बेंगलुरु (बोन मैरो ट्रांसप्लांट व थैलेसीमिया) अपोलो हॉस्पिटल, जुबली हिल्स, हैदराबाद (हार्ट सर्जरी व रीनल ट्रांसप्लांट), मूलजीभाई पटेल यूरोलॉजिकल हॉस्पिटल, नडियाद (गुजरात) (रीनल ट्रांसप्लांट) कोवई मेडिकल सेंटर एंड हॉस्पिटल, कोयंबटूर (किडनी ट्रांसप्लांट) वॉकहार्ट हॉस्पिटल, नागपुर

फोर्टिस मेमोरियल रिसर्च इंस्टीट्यूट, गुरुग्राम डॉ. भीमराव आंबेडकर स्मृति चिकित्सालय एवं श्री बालाजी इंस्टीट्यूट, रायपुर शामिल हैं।

#### जनता का दुख-दर्द मेरा अपना दुख-दर्दः बृजमोहन अग्रवाल

सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि, रायपुर लोकसभा क्षेत्र की जनता मेरा अपना परिवार है। जब परिवार का कोई सदस्य गंभीर बीमारी और आर्थिक तंगी के दोहरे संकट से जूझता है, तो उसकी पीड़ा मुझे व्यक्तिगत रूप से व्यथित करती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के संवेदनशील नेतृत्व में गरीबों और जरूरतमंदों को समय पर यह सहायता मिल सकी है। ईश्वर से प्रार्थना है कि सभी पीड़ित भाई-बहन और नौनिहाल शीघ्र पूर्ण स्वस्थ होकर अपने घर लौटें। जनता की सेवा और हर जरूरतमंद के चेहरे पर मुस्कान लौटाना ही मेरी राजनीति की सबसे बड़ी पूंजी और ध्येय है।

#### पीड़ित परिवारों ने जताया हृदय से आभार

आर्थिक तंगी के कारण जीवन-मौत के बीच संघर्ष कर रहे मरीजों और उनके परिजनों ने सांसद बृजमोहन अग्रवाल का आभार व्यक्त किया है। परिजनों का कहना है कि बृजमोहन जी ने न केवल एक जनप्रतिनिधि बल्कि एक अभिभावक और देवदूत की तरह खड़े होकर उनके परिजनों की जान बचाई है।

## पुत्रदा एकादशी पर श्री बांके बिहारी मंदिर में भव्य हिंडोला महोत्सव

**रायपुर 24 अगस्त।** पुत्रदा एकादशी के पावन अवसर पर श्री बांके बिहारी मंदिर, रायपुर में महिला मंडल द्वारा भव्य हिंडोला महोत्सव का आयोजन श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहा।



हिंडोला महोत्सव में भजन लालू महाराज जी द्वारा दी गई सुंदर एवं आकर्षक भजन प्रस्तुति ने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। वहीं प्रसिद्ध भागवताचार्य श्री ओम प्रकाश जी जोशी की विशेष उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ाया।

श्री बांके बिहारी महिला मंडल की ओर से अनीता अशोक अग्रवाल, श्रीमती शशि अग्रवाल, श्रीमती राधा अग्रवाल, श्रीमती लता अग्रवाल, श्रीमती शशि अग्रवाल (जूनागढ़),सारिका खेतान , संगीता पोद्दार , श्रीमती बरखा गुप्ता, श्रीमती पिंकी सिंघानिया एवं श्रीमती सुनीता वर्मा कोमल अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में महिलाओं की उत्साहपूर्ण एवं गरिमामयी उपस्थिति रही। महिलाओं ने पूरे आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

हिंडोले की मनमोहक एवं आकर्षक सजावट श्री बांके बिहारी मंदिर के ट्रस्टी श्री महेंद्र बागड़ोदिया जी एवं उनके परिवार की ओर से कराई गई। सुंदर सजावट ने भगवान श्री बांके बिहारी जी के हिंडोला दर्शन को और भी आकर्षक बना दिया।

## भरोसा टूटा तो जीवन आसान नहीः श्रेयांशप्रभ जी

■ **कसम भी भरोसा ही है, विश्वास बनाए रखो**

**राजनांदगांव 24 अगस्त।** खरतर गच्छाधिपति मणिप्रभ सागर जी के सुशिष्य श्रेयांशप्रभ सागर जी ने आज यहां कहा कि आप कभी झगड़े की शुरुआत मत करो। इसका मतलब यह नहीं है कि आप गलत का साथ दो। भगवान पर भरोसा रखो। भरोसा टूटा तो आपका खुद पर से विश्वास उठ जाएगा।



जैन बगीचा स्थित ज्ञानवल्लभ उपाश्रय भवन में अपने नियमित चातुर्मासिक प्रवचन की श्रृंखला में श्रेयांशप्रभ मुनि ने कहा कि हर आत्मा में परमात्मा का वास है। आप परमात्मा पर विश्वास करें और इस विश्वास को कभी ना तोड़े। व्यक्ति भरोसे पर ही जीता है। हर बड़ी-बड़ी एवं छोटी-छोटी चीजों पर हमें भरोसा होता है। जिस पर भरोसा होता है उस पर शक नहीं होना चाहिए। यदि शक है तो उस शक को बोलकर या पूछ कर दूर कर लेना चाहिए। गलतफहमी और भरोसे के बीच की यदि कोई कड़ी है तो वह है शक। यदि शक पर हम रहे तो किसी के साथ भी अच्छा नहीं रह सकते। शक को अवश्य दूर करें। मुनि श्री ने कहा कि जब आप संसार में हो तब तक यह सोचो कि ना किसी के प्रति गलत नहीं सोचूंगा। उन्होंने कहा कि यदि हम गलत सोचते हैं तो यह भी सोचिए कि हम परमात्मा के प्रति भी गलत सोच रहे हैं क्योंकि हर आत्मा में परमात्मा का वास है। यदि हमने परमात्मा के प्रति बुरा सोच तो फिर हमें बचाने वाला कौन होगा? बच्चों के प्रति शक को बढ़ने मत दो। शक का तत्काल समाधान निकाले और बच्चे से बात कर यह शक दूर करें। यह जानकारी मीडिया प्रभारी विमल हाजरा ने दी।

## स्वास्थ्य विभाग में फर्जी ट्रांसफर आदेश का भंडाफोड़, 2 और आरोपी गिरफ्तार



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार 24 अगस्त।** शासकीय दस्तावेजों में कूटरचना, धोखाधड़ी एवं फर्जीवाड़े के मामलों पर सख्त रुख अपनाते हुए पुलिस अधीक्षक श्री गौरव राय के कुशल मार्गदर्शन में थाना पलारी पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई कर फर्जी स्थानांतरण आदेश तैयार करने वाले मामले में आरोपियों के विरुद्ध थाना पलारी में अपराध क्र. 347/2026, धारा 318(4), 336(3),337,338,340(2),3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में दिनांक 22.08.2026 को आरोपी ग्रामीण चिकित्सा सहायक सहित कुल 04 आरोपियों को गिरफ्तार किया था। प्रकरण की विवेचना क्रम में आज दिनांक 23.08.2026 को 02 अन्य आरोपी परख कश्यप एवं प्रणव अवस्थी को गिरफ्तार किया गया है तथा दोनों आरोपियों को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। इस प्रकार प्रकरण की विवेचना क्रम में अब तक कुल 06 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। प्रकरण में वैधानिक कार्रवाई एवं विवेचना जारी है। प्रकरण विवेचना में है।

## सोलर ऊर्जा से कम होगा प्रदूषण, आमजन की बचेगी ऊर्जा और बढ़ेगा जीवन स्तरः बृजमोहन

**रायपुर 24 अगस्त।** छत्तीसगढ़ सोलर वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा आयोजित दो दिवसीय ÷छत्तीसगढ़ संवाद÷ एवं सम्मान समारोह के समापन अवसर पर रायपुर सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि हमारा शरीर पंचतत्वों से मिलकर बना है और सूर्य ऊर्जा का सबसे बड़ा स्रोत है। यदि हम अपने घरों और प्रतिष्ठानों में रोशनी के लिए सौर ऊर्जा का उपयोग बढ़ाएंगे, तो हमारी अपनी कार्यक्षमता और ऊर्जा भी दोगुनी होगी। उन्होंने कहा कि कोयले पर अत्यधिक निर्भरता से प्रदूषण, धूल और परिवहन संबंधी समस्याएं बढ़ती हैं, जो मानव स्वास्थ्य और ऊर्जा को प्रभावित करती हैं। ऐसे में सोलर ऊर्जा को अपनाना समय की सबसे बड़ी मांग है।

श्री अग्रवाल ने बताया कि देश में प्रधानमंत्री जी की योजना के तहत करोड़ों घरों को सोलर ऊर्जा से जोड़ने का कार्य तीव्र गति से चल रहा है। छत्तीसगढ़ ने भी लगभग 2.5 लाख सिंचाई पंपों को ऊर्जीकृत करने की दिशा में बेहतरीन कार्य किया है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र जैसे राज्यों में कृषि पंपों को पूरी तरह सोलर में बदलने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं, उसी तरह छत्तीसगढ़ में भी आने वाले समय में सभी पंपों और घरों को सोलर ऊर्जा से जोड़ा जाना चाहिए।

सांसद अग्रवाल ने कहा कि, वर्तमान में विद्युत क्षेत्र में लगभग ?10,000 करोड़ की सब्सिडी दी जा रही है। यदि सोलर ऊर्जा का विस्तार बड़े स्तर पर होता है, तो इस भारी सब्सिडी की बचत होगी। इसका सीधा लाभ प्रदेश की लगभग 70त्न मध्यम एवं निम्न-मध्यम वर्गीय आबादी को मिलेगा, उनके आय के साधन बढ़ेंगे और जीवन स्तर में व्यापक सुधार आएगा। उन्होंने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ देश में सबसे अधिक कोयला, लौह अयस्क, एल्युमिनियम और लाइमस्टोन उत्पादन करने वाला समृद्ध राज्य है।

## बलौदाबाजार में एसपी की मैराथन क्राइम बैठक अपराध नियंत्रण के लिए बनी रणनीति

**बलौदाबाजार 24 अगस्त।** पुलिस अधीक्षक जिला बलौदाबाजार-भाटापारा श्री गौरव राय (आईपीएस) की अध्यक्षता में पुलिस कार्यालय बलौदाबाजार के सभाकक्ष में जिले के समस्त अनुभागों की महत्वपूर्ण एवं विस्तृत क्राइम मीटिंग का आयोजन किया गया। इस दौरान ?कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाने तथा प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के उद्देश्य से तीनों अनुविभागों की समय-सारणी अनुसार पृथक-पृथक समीक्षा बैठक ली गई।



अनुभागवार समीक्षा बैठक की समय-सारणीः1.बलौदाबाजार अनुभागः सुबह 10:00 बजे (थाना व चौकियों की समीक्षा)2.कसडोल अनुभागः दोपहर 12:00 बजे (थाना व चौकियों की समीक्षा)3. भाटापारा अनुभागः दोपहर 02:00 बजे (थाना व चौकियों की समीक्षा) बैठक के मुख्य एजेंडे एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा दिए गए महत्वपूर्ण निर्देशः- ?लंबित प्रकरणों की समीक्षा (31.07.2026 की स्थिति में):

1. पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा 31 जुलाई 2026 की स्थिति में थानों में लंबित अपराध, मर्ग एवं शिकायतों की गहन समीक्षा की गई। उन्होंने सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वर्षों/महीनों से लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण किया जाए।2. नवीन भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (क्चहृस्स्) का पालनः- बीएनएसएस की धारा 193(9) [पूर्व धारा 173(8) द.प्र.सं.] के तहत पूरक चालान एवं अग्रिम विवेचना से संबंधित लंबित मामलों की विस्तृत समीक्षा की गई। विवेचकों को साक्ष्यों का सही संकलन कर समय-सीमा में न्यायालय में चालान प्रस्तुत करने हेतु ताकीद किया गया।3. शिकायत एवं मर्ग जांच का त्वरित निराकरणः- आमजनों से प्राप्त शिकायतों एवं मर्ग जांच की पेंडेंसी को समाप्त करने के कड़े निर्देश दिए गए। आवेदकों की समस्याओं को संवेदनशीलता से सुनते हुए निष्पक्ष जांच करने हेतु कहा गया।4. अपराध नियंत्रण एवं कसावटः- अवैध शराब तस्करों, जुआ-सट्टा एवं असामाजिक तत्वों के विरुद्ध लगातार सख्त अभियान चलाने के निर्देश दिए गए।

# चन्द्राकर समाज ने प्रतिभाओं का किया सम्मान, सावन उत्सव में दिखा उत्साह

■ **चन्द्राकर समाज द्वारा प्रतिभा सम्मान एवं सावन उत्सव कार्यक्रम संपन्न**

**रायपुर 24 अगस्त।** चंद्रनाहूं कुर्मी क्षत्रिय समाज रायपुर द्वारा प्रतिभा सम्मान एवं सावन उत्सव का आयोजन मंगल भवन चंद्राकर छात्रावास डंगनीया रायपुर में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि माननीय श्री दिनेश चंद्राकर जी केंद्रीय अध्यक्ष,अध्यक्षता डॉ. पुरुषोत्तम चंद्राकर अध्यक्ष चंद्रनाहूं कुर्मी क्षत्रिय समाज रायपुर, विशिष्ट अतिथि माननीय श्री केशव नायक राम चंद्राकर राज अध्यक्ष, पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष मान.श्री अश्विनी चंद्राकर, मान. श्रीमती मनीषा चंद्राकर, पूर्व राज अध्यक्ष मान.श्री वतन चंद्राकर, श्री बसंत चंद्राकर, सचिव श्री हुलास चंद्राकर, लक्ष्मी नारायण चंद्राकर के आतिथ्य में संपन्न हुआ। सभी अतिथियों ने समाज को सही दिशा में ले जाने एवं युवा प्रतिभा को आगे आने का आह्वान किया।




इस अवसर पर समाज के प्रतिभावान श्री रवि कुमार चंद्राकर सहायक अभियंता सीएसईबी रायपुर, श्री कृष्ण कुमार चंद्राकर सहायक पुलिस आयुक्त पंडरी, डॉ निधि चंद्राकर, श्री प्रयाग चंद्राकर सहायक विस्तार अधिकारी, कु. विभूति चंद्राकर सॉफ्टवेयर इंजीनियर, श्री वेदांत चंद्राकर चार्टर्ड अकाउंटेंट, श्री वात्सल्य चंद्राकर, मौली चंद्राकर का शाल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह,पेन, गुलदस्ता,प्रदान कर अतिथियों द्वारा सम्मान किया गया। कार्यक्रम में सचिव श्रीमती किरण चंद्राकर, कोषाध्यक्ष अनिल चंद्राकर, उपाध्यक्ष हरिशंकर चंद्राकर, ट्रस्ट कमेटी सदस्य केदार चंद्राकर, महिला सदस्य डॉ. सरोज चंद्राकर, महिला अध्यक्ष श्रीमती योगिता चंद्राकर, युवा अध्यक्ष धर्मेंद्र चंद्राकर, कार्यकारिणी सदस्य होमोकांत चंद्राकर, नेहरू चंद्राकर, कमल नारायण चंद्राकर, जितेंद्र चंद्राकर, चंद्रकुमार चंद्राकर, गोकुल चंद्राकर सहित समाज के सभी प्रतिष्ठित गणमण्य प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती किरण चंद्राकर एवं श्रीमती योग्यता चंद्राकर ने किया।

# व्यवस्था सुधार नहीं सकते तो निरीक्षण किसलिए स्कूल का

हर राज्य में सरकारी स्कूली शिक्षा व्यवस्था निरीक्षण करने का अधिकार सरकारी अधिकारियों को होता है।वह करते भी हैं ताकि जिन स्कूलों में शिक्षा के लिए जरूरी व्यवस्था नहीं है वहां जरूरी व्यवस्था की जा सके और बच्चों को शिक्षा में सुविधा हो।स्कूलों में शिक्षा का न्यूनतम स्तर कायम रहे।हर राज्य में अगर कोई स्कूली शिक्षा व्यवस्था में कमी तलाशने जाएगा तो शायद ही कोई राज्य ऐसा होगा जहां के किसी न किसी स्कूल में कोई जरूरी व्यवस्था न मिले।किसी स्कूल का भवन नहीं होगा तो वह किसी किराए के भवन मे चल रहा होगा कई भवनों में दो पारी में स्कूल लग रहे होंगे, कई स्कूलों का अपना भवन होगा तो वह पुराना हो गया होगा,जर्जर हो गया होगा, मरम्मत की जरूरत हो मरम्मत तक नहीं हो पा रही होगी।बच्चों को समय पर गणवेश,किताबें नहीं मिलती हैं। कहीं एक ही शिक्षक मिलेगा।कहीं जरूरत से ज्यादा शिक्षक भी मिलेंगे।शिक्षक होंगे तो समय पर स्कूल नहीं आते होंगे,स्कूल आते होंगे तो ठीक से पढ़ाते नहीं होंगे। कोई शराब पीकर स्कूल आ जाता है और पढ़ा नहीं पाता है, कोई स्कूल आता है तो ध्यान पढ़ाने में कम बच्चों को सुधारने में ज्यादा रहता है।स्कूल में किसी न किसी विषय का टीचर नहीं होगा।

चाहे भाजपा की सरकार रहे या कांग्रेस की सरकार रहे या किसी तीसरे दल की सरकार रहे सरकारी स्कूल हमेशा सरकारी स्कूल ही बने रहते हैं,वहां की व्यवस्था नहीं बदलती है।कोई सरकार हिंदी स्कूलों की हालत को सुधार नहीं पाती है लेकिन अंग्रेजी मीडियम वाले स्कूल खोलकर मान लेती है कि उसने राज्य में शिक्षा की क्रांति कर दी है।स्कूलों में शिक्षकों की कमी रहती है और शिक्षकों की भर्ती नहीं होती है।कोई सरकार सरकारी स्कूलों में जरूरी सुविधाएं नहीं कर पाती है लेकिन स्मार्ट क्लास खोलने पर आमादा रहती है ताकि स्मार्ट क्लास को देखकर किसी को पता न चले कि गांवों के स्कूलों में शिक्षा व्यवस्था का कितना बुरा हाल है। हर सरकार शिक्षा के लिए कुछ न कुछ करती रहती है लेकिन स्कूल शिक्षा व्यवस्था हो या उच्च शिक्षा व्यवस्था वहां जरुरी सुविधाएं नहीं होती हैं।आजादी के ८० साल बाद देश में सरकारी स्कूल व्यवस्था नहीं सुधरी है तो इसका बहुत कुछ श्रेय राज्य सरकारों को भी जाता है क्योंकि कोई भी सरकार हो वह सुधार नहीं पाती है। यह बात भाजपा व कांग्रेस दोनों राजनीतिक दल जानते हैं इसलिए वह कुछ क्षेत्र ऐसे होते हैं जिनमें राजनीति नहीं करते या कम राजनीति करते हैं क्योंकि दोनों ही राज्य मे शासन कर चुके होते हैं और राज्य में वर्तमान में समस्या है तो दोनों समस्या के लिए दोषी है।कोई एक दूसरे को समस्या के लिए दोषी ठहराएगा तो दूसरा भी उसे भी दोषी ठहराएगा।लेकिन सीजेपी नई नई राजनीति में आई है इसलिए उसे नया नया जोश है,सरकारी व्यवस्था मैं खामी को बताने का। वह इस बात से खुश हो सकते हैं कि कहीं तबेले में स्कूल चल रहा था, उनके खुलासा करने से अब स्कूल तबेले में नहीं लग रहा है।वह सोच रहे होंगे कि उन्होंने कोई ईनाम पाने वाला काम कर दिया तो यह उनकी गलतफहमी है क्योंकि एक नहीं सैकड़ों स्कूल अपना भवन न होने के कारण तबेले में लग रहे होंगे।एक कमरे में लग रहे होंगे,एक कमरे में कई कक्षाएं लग रही होंगी।उनके स्कूल निरीक्षण से किसी राज्य में कुछ भी शिक्षा के क्षेत्र में बदलने वाला नहीं है।वह सोचते है कि उन्होंने आंदोलन करके शिक्षा मंत्री को इस्तीफा देने के लिए मजबूर कर दिया तो क्या देश की शिक्षा व्यवस्था सुधर गई। उनके आंदोलन या शिक्षा मंत्री के इस्तीफे से देश मे कुछ भी नहीं बदलने वाला है। देश या किसी राज्य की शिक्षा व्यवस्था को सुधारना उतना आसान नहीं है जितना काकरोच जनता पार्टी के नेता समझते हैं। किसी राज्य की शिक्षा व्यवस्था की खामी बताने से शिक्षा व्यवस्था कहां सुधरती है।वह क्या कर रहे हैं कि स्कूल में जा रहे है और बता रहे कि स्कूल में शिक्षा की क्या व्यवस्था नहीं है,उनको व्यवस्था पता चलने पर वह क्या कर सकते हैं,स्कूल सुधारने के लिए कुछ कर सकते हैं,नहीं कर सकते।जब किसी स्कूल की व्यवस्था वह सुधार नहीं सकते तो उनके स्कूल निरीक्षण करने का क्या मतलब रह जाता है। ऐसे में लोग तो यह कहेंगे ही कि सीजेपी वालों के स्कूल निरीक्षण का मकसद तो राजनीति करना है,भाजपा शासित राज्यों के स्कूलों में जाकर क्यों शिक्षा की खामी बता रहे हैं।कांग्रेस व दूसर दलों के शासन वाले राज्यों में जाना चाहिए और बताना चाहिए वहां क्या खामी है तो समझ में आता कि उनका मकसद सभी राज्यों की शिक्षा व्यवस्था को देश के लोगों को बताना है, कई लोग तो यह भी कह सकते हैं कि स्कूलों की व्यवस्था को देश के लोगों को बताने से क्या होगा क्योंकि देश के लोग जहां रहते हैं वह वहां की शिक्षा व्यवस्था के बार मे बखूबी जानते हैं कि क्या ठीक है और क्या ठीक नहीं है।जंतर मंतर के आंदोलन की सफलता का नशा सीजेपी नेताओं को चढ़ गया तो उनके सामने समस्या थी कि अब क्या किया जाए जिससे देश में उनकी वाहवाही हो और देश के लोगों को लगे कि हां यह लोग देश की हर जरूरी व्यवस्था सुधारने का काम कर सकते हैं।उन्होंने घोषणा कर दी कि वह राज्यों में जाएंगे और स्कूलों का निरीक्षण कर बताएंगे कि स्कूल मे क्या समस्या है। उनका पता नहीं था कि उनको यह काम करने का अधिकार नहीं है, क्योंकि वह भी सरकारी स्कूल है, वहां जाने के लिए अनुमति जरूरी होती है।स्कूल निरीक्षण करने का अधिकार उनको नहीं है,इसलिए स्थानीय लोगों को यह पसंद नहीं आया कि कोई बाहरी स्कूल में घुसे और स्थानीय लोगों ने उनकी पिटाई कर भगा दिया। अब वह रो-रो कह रहे हैं कि हमको मारा गया। उनकी कोई सुन नहीं रहा है क्योंकि सब मानते हैं कि कोई मार खाने वाला काम करेगा को जनता उसकी कुटाई तो करेगी ही। समझदार नेता तो वह होता है जो ऐसा काम करता नहीं है जिसे जनता पसंद नही् करती है।जनता की पसंद का काम कोई नेता करता है तो जनता तो उसकी वाहवाही करती है,जनता किसी काम की वाहवाही नहीं कर रही है तो नेताओं को समझ जाना चाहिए कि जनता क्या करने वाली है।

## सू- दोकू क्र.139

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | 1 | 6 | | 2 | | 7 |
| 3 | | | | | | | | |
| | | 6 | | | | | 9 | |
| 7 | | | 5 | | 1 | | 3 | |
| | 8 | | | 9 | | 6 | | 2 |
| | | 4 | | | | | 7 | |
| | 3 | | | | 2 | 9 | | 6 |
| 6 | | 7 | 3 | | | | | 4 |
| | 4 | | | 1 | | 7 | 8 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.138 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 9 | 8 | 7 | 1 | 5 | 4 |
| 8 | 5 | 1 | 3 | 2 | 4 | 6 | 7 | 9 |
| 9 | 4 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 2 | 3 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 5 | 4 | 2 |
| 6 | 1 | 2 | 5 | 4 | 3 | 9 | 8 | 7 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 9 | 2 | 3 | 1 | 6 |
| 1 | 2 | 6 | 7 | 3 | 5 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 5 | 2 | 6 | 9 | 7 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 4 | 1 | 8 | 2 | 6 | 5 |

## शब्द सामर्थ्य -139

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छींक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, वक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

**ऊपर से नीचे**

1. विचित्र, अद्‌भूत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मपुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | ■ | 4 | 5 | ■ | ■ |
| 6 | | ■ | 7 | | | | 8 | ■ |
| 9 | | 10 | | ■ | | ■ | 11 | |
| 12 | | | ■ | 13 | | 14 | | ■ |
| ■ | 15 | | | | ■ | | ■ | 16 |
| 17 | ■ | | ■ | 18 | | | ■ | |
| 19 | | ■ | ■ | ■ | ■ | 20 | 21 | |
| | ■ | 22 | | 23 | | ■ | 24 | |
| 25 | | | ■ | 26 | | | | ■ |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 138 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दि | क्र | त | ■ | आ | सा | न | ■ | आ |
| ल | ■ | मी | ■ | खि | ■ | सी | ख | ना |
| ■ | म | ज | बू | र | ■ | ह | ■ | जा |
| स | र्द | ■ | ■ | का | ■ | त | रा | ना |
| र | ■ | ■ | ■ | र | वि | ■ | ह | ■ |
| प | ह | ना | ना | ■ | ना | रा | ज | ■ |
| ट | ■ | ■ | क | शि | श | ■ | नी | ला |
| ■ | र | ■ | ■ | का | ■ | रा | ■ | य |
| खा | ति | र | दा | री | ■ | त | क्ष | क |

विश्लेषण

# स्कूल में पढ़ाई या बाहरी दखल?

डॉ. प्रियंका सौरभ



विद्यालय महज कक्षाओं, इमारतों और चारदीवारी का समूह नहीं है। यह एक संवेदनशील संस्था है जहाँ समाज के भविष्य का निर्माण होता है। यह वह स्थान है जहाँ बच्चे बौद्धिक, भावनात्मक, सामाजिक और नैतिक रूप से विकसित होते हैं। इसलिए, सुरक्षा, अनुशासन और शांतिपूर्ण शैक्षणिक वातावरण बनाए रखना मात्र प्रशासनिक कर्तव्य नहीं है, बल्कि सार्थक और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का एक अनिवार्य तत्व है। इस संदर्भ में, हांसी जिले के सरकारी स्कूलों में उपायुक्त राहुल नरवाल द्वारा बिना अनुमति के प्रवेश करने वाले या परिसर में अनाधिकृत रूप से प्रवेश करने वाले किसी भी व्यक्ति पर रोक लगाने के निर्देश उल्लेखनीय हैं। ये निर्देश एक ऐसे बिंदु पर बल देते हैं जिसे अक्सर भुला दिया जाता है: स्कूल एक सीखने का स्थान होना चाहिए, न कि अनावश्यक अशांति, व्यवधान और सुरक्षा समस्याओं से ग्रस्त स्थान। विद्यालय समुदाय आधारित संस्थान होते हैं। ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में, सरकारी विद्यालय एक महत्वपूर्ण सार्वजनिक संस्थान हो सकता है, विशेष रूप से सामुदायिक केंद्र के रूप में। सार्वजनिक महत्व का अर्थ सार्वजनिक पहुंच नहीं है। व्यापक अर्थ में, समुदाय में विद्यालय भी शामिल होता है, लेकिन विद्यालय को प्रतिदिन अपने छात्रों की शिक्षा और कल्याण के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए। इसलिए, किसी को भी इस आधार पर कक्षाओं में जाने, शिक्षकों को बाधित करने या शैक्षणिक गतिविधियों में हस्तक्षेप करने की छूट नहीं होनी चाहिए कि विद्यालय एक सार्वजनिक भवन है।

अनाधिकृत प्रवेश से सीखने की प्रक्रिया पर कई तरह से असर पड़ सकता है। अगर कोई कक्षा में घुसकर शिक्षकों से अनावश्यक बातचीत करता है, छात्रों से बिना अनुमति के संपर्क करता है, या कोई निजी मुद्दा या समस्या स्कूल के माहौल में लाता है, तो इससे पढ़ाई में बाधा आ सकती है। छात्र ध्यान भटकने लगते हैं, शिक्षकों का ध्यान भंग होता है और अनुशासन भंग होता है। अगर ऐसा परीक्षाओं, स्कूल के कार्यक्रमों और अन्य महत्वपूर्ण शैक्षणिक गतिविधियों के दौरान होता है, तो इसके और भी गंभीर परिणाम हो सकते हैं। यह सिर्फ अनुशासन से जुड़ी समस्या नहीं है। आज के समय में, विद्यालय सुरक्षा का मुद्दा बहुआयामी है। बेहतर प्रवेश नियंत्रण बच्चों की सुरक्षा, कर्मचारियों की सुरक्षा, महत्वपूर्ण फाइलों और डिजिटल हार्डवेयर की सुरक्षा के साथ-साथ अप्रिय घटनाओं से बचाव से भी जुड़ा है। स्कूल परिसर में अनाधिकृत प्रवेश, चाहे वह वयस्कों द्वारा हो या बच्चों द्वारा, गंभीर समस्याएं पैदा कर सकता है। इसलिए, आगंतुकों का रिकॉर्ड रखना, आगंतुकों के इरादे को समझना और उचित अनुमति प्राप्त करना संस्थागत सुरक्षा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। हांसी प्रशासन के निर्देशों की दिलचस्प बात यह है कि इनका उद्देश्य स्कूलों को समाज से अलग करना नहीं है। इसके बजाय, वे प्रवेश के लिए उचित अनुमति और वैध उद्देश्य की आवश्यकता पर ज़ोर देते हैं। माता-पिता, शिक्षा अधिकारी, निरीक्षण दल और अन्य अधिकृत व्यक्तियों के स्कूलों में जाने के पीछे निश्चित रूप से अच्छे कारण होंगे। बच्चों की प्रगति में सहयोग के लिए माता-पिता और स्कूलों को एक-दूसरे के साथ रचनात्मक रूप से संवाद करना चाहिए। हालांकि, यह संवाद ऐसी प्रणाली के माध्यम से होना चाहिए जो कक्षा शिक्षण में बाधा न डाले। अभिभावकों के लिए मिलने का समय निर्धारित किया जा सकता है और स्कूलों में आगंतुकों का रजिस्टर और स्कूल अधिकारियों या शिक्षकों से मिलने के समय के बारे में स्पष्ट नीति हो सकती है। इससे यह सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी कि किसी भी वास्तविक चिंता का समाधान गोपनीयता और सम्मानपूर्वक किया जाए और शैक्षणिक दिनचर्या बाधित न हो। इसका उद्देश्य स्कूल को समुदाय से अलग करना नहीं है, बल्कि स्कूल/समुदाय के बीच आपसी संवाद के लिए एक अनुशासित और जवाबदेह व्यवस्था स्थापित करना है। एक अन्य समस्या यह है कि प्रभावशाली लोग कभी-कभी विद्यालयों पर दबाव डालते हैं। किसी भी शैक्षणिक संस्थान के कामकाज पर राजनीतिक, सामाजिक या व्यक्तिगत प्रभाव का असर नहीं पड़ना चाहिए। कई बार लोगों को निजी मामलों को सुलझाने, शिक्षकों को डराने-धमकाने या प्रशासनिक मामलों में दखल देने के लिए विद्यालयों में लाया जाता है। ये गतिविधियाँ न केवल अनुशासन को नुकसान पहुँचाती हैं, बल्कि शैक्षणिक संस्थानों की गरिमा और स्वतंत्रता को भी ठेस पहुँचाती हैं। प्रभावी शिक्षण तभी संभव है जब स्कूल के बाहर से कोई धमकी या अनावश्यक दबाव न हो। स्कूल एक ऐसा स्थान होना चाहिए जहाँ संघर्ष या प्रभाव प्रदर्शन की अनुमति न हो।




इसलिए, शिक्षा की गुणवत्ता और अखंडता सुनिश्चित करने के लिए शिक्षकों और स्कूल प्रशासकों को इस तरह के हस्तक्षेप से बचाना महत्वपूर्ण है। लेकिन सख्त आदेश इस समस्या का समाधान नहीं हो सकते। विद्यालयों में इन निर्देशों को लागू करने के लिए स्पष्ट और व्यावहारिक व्यवस्था होनी चाहिए। सभी संस्थानों के लिए आगंतुकों का रजिस्टर रखना और उनके आने का कारण दर्ज करना महत्वपूर्ण है। आगंतुकों से केवल संबंधित अधिकारी की जानकारी में ही शिक्षक या छात्र मिल सकते हैं और प्रवेश की निगरानी की जानी चाहिए, खासकर जब बच्चे विद्यालय में हों। बड़े विद्यालयों में, यदि संभव हो, तो सुरक्षा कर्मचारियों, निर्धारित प्रवेश द्वार और प्रवेश बिंदुओं तथा उपयुक्त निगरानी प्रणालियों के बारे में भी विचार किया जा सकता है। हालांकि, साथ ही साथ यह भी महत्वपूर्ण है कि स्कूलों को अत्यधिक प्रतिबंधित और/या अत्यधिक भयभीत करने वाला न बनाया जाए। स्कूल खुलापन, विश्वास और सीखने का संस्थान है। "एक ही तरीका सबके लिए" वाला दृष्टिकोण अभिभावकों के लिए अनावश्यक कठिनाई पैदा कर सकता है और समुदाय को स्कूल से अलग-थलग महसूस करा सकता है। असल चुनौती सुलभता और सुरक्षा के बीच संतुलन स्थापित करने में है।

इस प्रक्रिया के केंद्र में प्रधानाचार्य और प्रधानाध्यापक होते हैं। वे न केवल सरकार के निर्देशों का पालन करने वाले प्रशासनिक अधिकारी हैं, बल्कि शैक्षिक वातावरण के संरक्षक भी हैं। सभी शिक्षकों, गैर-शिक्षण कर्मचारियों, छात्रों और अभिभावकों को यह जानना चाहिए कि विद्यालय परिसर की सुरक्षा और पवित्रता हम सभी की जिम्मेदारी है। जिला प्रशासन द्वारा दिए गए निर्देशों में अधिनियम के उल्लंघन या अनुपयोग के मामलों में जवाबदेही पर भी जोर दिया गया है। यह महत्वपूर्ण है, लेकिन इसके लिए पर्याप्त प्रशासनिक सहायता आवश्यक है। हालांकि, कई सरकारी स्कूलों में कर्मचारियों की संख्या कम होती है, भवन छोटे होते हैं, खासकर छोटे स्कूलों में। प्रभावी प्रवेश प्रबंधन के लिए संस्थागत सहयोग आवश्यक है, और यह जिम्मेदारी पूरी तरह से प्रधानाध्यापक की होनी चाहिए। सबसे बड़ा सवाल प्रत्येक बच्चे के सुरक्षित और शांतिपूर्ण विद्यालयी वातावरण के अधिकार से जुड़ा है। विद्यार्थियों को निर्बाध शिक्षण वातावरण का अधिकार है। शिक्षण वातावरण शिक्षकों के लिए किसी भी प्रकार की धमकियों और बार-बार होने वाली व्यवधानों से मुक्त होना चाहिए। अभिभावकों को आश्वस्त होना चाहिए कि उनके बच्चे एक सुरक्षित विद्यालय में पढ़ रहे हैं।उपायुक्त राहुल नरवाल द्वारा दिए गए निर्देशों को इसी संदर्भ में देखा जाना चाहिए। इनका उद्देश्य विद्यालयों को समाज से अलग करना नहीं है, बल्कि शिक्षा के मूल उद्देश्य को बनाए रखना है। बच्चों की सुरक्षा, विद्यालय अनुशासन और शिक्षा की गुणवत्ता महत्वपूर्ण मुद्दे बन गए हैं और विद्यालय की पवित्रता की रक्षा करना अब एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। विद्यालय का खुला दरवाजा पूरी तरह खुला होना चाहिए, लेकिन उस पर ताला नहीं लगा होना चाहिए। वैध कारणों वाले अभिभावकों, अधिकारियों और समुदाय के सदस्यों का शैक्षणिक संस्थान में स्वागत किया जाना चाहिए, हालांकि 'अवैध प्रवेश निषेध' के लिए स्पष्ट सीमाएं निर्धारित होनी चाहिए।

# CJP का आंदोलन, धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा और मदन दिलावर के इस्तीफे की मांग

**योगेश पुरी गोस्वामी राजनीतिक सामाजिक विचारक**

भारत में शिक्षा को केवल नौकरी पाने का माध्यम मानना भारतीय परंपरा की अधूरी समझ है। भारत में शिक्षा का अर्थ रहा है—ज्ञान, चरित्र, संस्कार, कर्तव्य और समाज के प्रति उत्तरदायित्व का निर्माण।



आज जब देश की शिक्षा व्यवस्था को लेकर राजनीतिक संघर्ष तेज है, तब धर्मेंद्र प्रधान, राजस्थान के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर और CJP के बीच खड़े विवाद को केवल सत्ता और विपक्ष की लड़ाई के रूप में देखना पर्याप्त नहीं होगा। इसके भीतर एक बड़ा प्रश्न छिपा है—

क्या भारत की शिक्षा व्यवस्था आधुनिकता के साथ अपनी सनातन जड़ों को भी पहचान रही है?

**और दूसरा प्रश्न—**

क्या सनातन जागृति केवल नारों और राजनीतिक बयानों तक सीमित रहेगी, या वह शिक्षा, संस्कार, सामाजिक समरसता और राष्ट्रनिर्माण में दिखाई देगी?

**धर्मेंद्र प्रधान : नीति के रास्ते भारतीयता की वापसी**

केंद्रीय शिक्षा मंत्री के रूप में धर्मेंद्र प्रधान का सबसे महत्वपूर्ण योगदान राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के क्रियान्वयन से जुड़ा रहा। भारतीय भाषाओं, भारतीय ज्ञान परंपरा और पारंपरिक ज्ञान को शिक्षा के ढांचे में स्थान देने की दिशा में उनके कार्यकाल में संस्थागत प्रयास हुए। आज शिक्षा मंत्रालय के अंतर्गत Indian Knowledge Systems Division भारतीय पारंपरिक ज्ञान को आधुनिक शिक्षा और अनुसंधान से जोड़ने के लिए काम कर रहा है। मंत्रालय स्वयं कहता है कि NEP-2020 में पारंपरिक ज्ञान को शिक्षकों और विद्यार्थियों के लिए महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है।एक शिक्षित सनातनी दृष्टिकोण से यह परिवर्तन इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि लंबे समय से भारतीय शिक्षा को भारतीय दृष्टि से देखने की आवश्यकता महसूस की जाती रही है। वेद, उपनिषद, रामायण, महाभारत, आयुर्वेद, योग, गणित, दर्शन, भारतीय भाषाएं और प्राचीन वैज्ञानिक परंपराएं केवल इतिहास की वस्तुएं नहीं हैं। वे भारतीय सभ्यता की बौद्धिक विरासत हैं।

इस दृष्टि से प्रधान के कार्यकाल में भारतीय ज्ञान परंपरा को शिक्षा की मुख्यधारा में स्थान देने की कोशिश को सनातन चेतना के संस्थागत विस्तार के रूप में देखा जा सकता है।

**लेकिन यहां सावधानी भी जरूरी है।**

किसी मंत्री को केवल इसलिए "सनातन का रक्षक" नहीं कहा जा सकता कि उसके कार्यकाल में भारतीय ज्ञान परंपरा की योजनाएं चलीं। अंतिम मूल्यांकन काम की गुणवत्ता और उसके स्थायी परिणामों से होना चाहिए।

**फिर आया CJP का आंदोलन**

2026 में शिक्षा व्यवस्था और परीक्षा संबंधी विवादों ने राष्ट्रीय राजनीति को हिला दिया। CJP के नेतृत्व में छात्र आंदोलन ने धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे को प्रमुख मांग बनाया।

25 जुलाई 2026 को प्रधान ने शिक्षा मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। उनके इस्तीफे के बाद CJP ने इसे अपने आंदोलन की सफलता के रूप में देखा और अपना आंदोलन वापस लेने की घोषणा की।

यह घटना केवल एक मंत्री के जाने की कहानी नहीं है।

यह लोकतंत्र में युवा शक्ति और सत्ता की जवाबदेही का प्रश्न भी है।

एक शिक्षित सनातनी रूप में यहां दो बातें साथ-साथ स्वीकार करनी होंगी—

पहली, सरकार और मंत्री लोकतांत्रिक जवाबदेही से ऊपर नहीं हैं।

दूसरी, किसी मंत्री का इस्तीफा अपने आप में शिक्षा व्यवस्था की सभी समस्याओं का समाधान नहीं है।

व्यक्ति बदलने से व्यवस्था नहीं बदलती, जब तक व्यवस्था की कमियां दूर न हों।

**क्या धर्मेंद्र प्रधान की हार हुई?**

CJP निश्चित रूप से प्रधान के इस्तीफे को अपनी बड़ी राजनीतिक उपलब्धि मानता है। मीडिया रिपोर्टों में भी आंदोलन के बाद उनके इस्तीफे को CJP की प्रमुख मांग पूरी होने के रूप में दर्ज किया गया।

लेकिन राष्ट्रवादी दृष्टिकोण से इसे केवल "हिंदुत्व की हार" कहना उचित नहीं होगा।

क्यों?

क्योंकि सनातन किसी एक मंत्री, पार्टी या सरकार का नाम नहीं है।

सनातन हजारों वर्षों की सभ्यता का नाम है।

यदि कोई मंत्री चला जाता है, तो सनातन समाप्त नहीं होता।

यदि कोई सरकार बदल जाती है, तो भारत की सभ्यता समाप्त नहीं होती।

और यदि कोई राजनीतिक आंदोलन सरकार को पीछे हटने के लिए मजबूर कर देता है, तो इसका अर्थ यह नहीं कि भारतीय संस्कृति पराजित हो गई।

बल्कि यह लोकतंत्र की स्वाभाविक प्रक्रिया है।

**मदन दिलावर : राजस्थान में अलग शैली**

राजस्थान के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर की शैली धर्मेंद्र प्रधान से अलग रही है।

दिलावर सांस्कृतिक और धार्मिक विषयों पर अधिक मुखर रहे हैं। उनके कई बयान विवादों में भी रहे हैं। यही कारण है कि उनके समर्थक उन्हें स्पष्टवादी और सांस्कृतिक मुद्दों पर निर्भीक नेता मानते हैं, जबकि विरोधी उनकी भाषा और शैली पर सवाल उठाते रहे हैं।

CJP ने अगस्त 2026 में मदन दिलावर के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए उनके इस्तीफे की मांग की और राजस्थान सरकार को 48 घंटे का अल्टीमेटम दिया। विवाद जयपुर जिले में स्कूल निरीक्षण के दौरान CJP कार्यकर्ताओं और कथित भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच हुए टकराव से जुड़ा बताया गया है।

CJP की ओर से इससे पहले दिलावर को उनके कार्यकाल में बनाए गए विद्यालयों का हिसाब सार्वजनिक रूप से दिखाने की चुनौती भी दी गई।

यहीं से एक महत्वपूर्ण तुलना सामने आती है।

धर्मेंद्र प्रधान के सामने राष्ट्रीय स्तर का छात्र आंदोलन था; मदन दिलावर के सामने राजस्थान की शिक्षा व्यवस्था और राज्य स्तरीय राजनीतिक संघर्ष है।

दोनों परिस्थितियां समान नहीं हैं।

**क्या मदन दिलावर सनातन के अधिक मुखर चेहरे हैं?**

राजनीतिक शैली की बात करें तो हां—दिलावर का सार्वजनिक व्यक्तित्व सनातन और हिंदू सांस्कृतिक मुद्दों पर प्रधान की तुलना में अधिक मुखर दिखाई देता है।

लेकिन सनातन जागृति का अर्थ केवल यह नहीं कि कौन नेता सबसे तेज आवाज में हिंदुत्व की बात करता है।

सनातन की असली परीक्षा तब होती है जब—

गरीब बच्चे को अच्छी शिक्षा मिले।

विद्यालय में शिक्षक समय पर पहुंचे।

बेटियों को सुरक्षित वातावरण मिले।

भारतीय भाषाओं को सम्मान मिले।

विद्यार्थी अपनी संस्कृति पर गर्व करे।

जाति के नाम पर समाज न टूटे।

आधुनिक विज्ञान और भारतीय ज्ञान परंपरा साथ चलें।

**और सबसे महत्वपूर्ण—**

शिक्षा व्यक्ति को केवल नौकरी के लिए नहीं, बल्कि जिम्मेदार नागरिक बनाने के लिए तैयार करे।

यही सनातन की व्यावहारिक शक्ति है।

CJP को केवल विरोधी मानना भी भूल होगी

एक सनातनी दृष्टिकोण से किसी राजनीतिक या छात्र संगठन से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं, लेकिन लोकतंत्र में विरोध की आवाज को सुनना आवश्यक है।

CJP ने परीक्षा व्यवस्था, युवाओं, रोजगार और शिक्षा से जुड़े प्रश्न उठाए हैं। धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के बाद संगठन का आत्मविश्वास बढ़ा और अब उसने राजस्थान में मदन दिलावर के खिलाफ भी दबाव बनाया है।

इससे भाजपा और संघ परिवार के सामने भी एक सबक है—

युवा केवल विचारधारा से नहीं, परिणाम से भी जुड़ता है।

यदि कोई विद्यार्थी परीक्षा देता है तो उसे पारदर्शिता चाहिए।

यदि कोई गरीब परिवार अपने बच्चे को सरकारी स्कूल भेजता है तो उसे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा चाहिए।

यदि युवा प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करता है तो उसे निष्पक्ष व्यवस्था चाहिए।

और यदि सरकार इन अपेक्षाओं को पूरा करती है तो किसी भी आंदोलन की राजनीतिक जमीन कमजोर हो जाती है।

सनातन जागृति बनाम केवल राजनीतिक हिंदुत्व

यहां सबसे बड़ा अंतर समझना जरूरी है।

राजनीतिक हिंदुत्व चुनाव जीत सकता है।

लेकिन सनातन जागृति समाज को बदलती है।

राजनीतिक हिंदुत्व सत्ता प्राप्त कर सकता है।

लेकिन सनातन जागृति पीढ़ियां तैयार करती है।

राजनीतिक हिंदुत्व नारे लगा सकता है।

लेकिन सनातन जागृति बच्चों को संस्कार देती है।

एक सनातनी के लिए असली लक्ष्य केवल यह नहीं होना चाहिए कि कौन मंत्री हिंदुत्व की बात अधिक करता है।

असली लक्ष्य होना चाहिए—

ऐसा भारत बनाना जहां आधुनिक शिक्षा और भारतीय संस्कृति एक-दूसरे के विरोधी नहीं, बल्कि पूरक हों।

**प्रधान और दिलावर : तुलना का सही पैमाना**

धर्मेंद्र प्रधान की सबसे बड़ी ताकत राष्ट्रीय नीति और संस्थागत परिवर्तन की दिशा में दिखाई देती है।

मदन दिलावर की सबसे बड़ी पहचान राजस्थान में मुखर सांस्कृतिक और राजनीतिक दृष्टिकोण की है।

प्रधान ने भारतीय ज्ञान परंपरा को शिक्षा नीति में स्थान देने की दिशा में काम किया।

दिलावर ने सांस्कृतिक मुद्दों को सार्वजनिक राजनीतिक बहस में अधिक मुखरता से उठाया।

लेकिन दोनों के लिए समान चुनौती है—

क्या भारतीय संस्कृति को शिक्षा की गुणवत्ता से जोड़ा जा सकता है?

यदि उत्तर हां है, तभी सनातन जागृति का वास्तविक अर्थ निकलेगा।

एक सनातनी की दृष्टि से एक असहज सवाल

सनातन धर्म को मानने वालों को भी आत्ममंथन करना चाहिए।

यदि हम सनातन की बात करते हैं तो क्या हमारे विद्यालय उत्कृष्ट हैं?

क्या हमारे शिक्षक बच्चों को केवल परीक्षा पास कराते हैं या चरित्र निर्माण भी करते हैं?

क्या हमारी शिक्षा व्यवस्था भारतीय भाषाओं को वास्तविक सम्मान देती है?

क्या हमारे बच्चे राम, कृष्ण, बुद्ध, महावीर, गुरु परंपरा और भारतीय वैज्ञानिकों के साथ-साथ आधुनिक विज्ञान को भी समझते हैं?

**क्या समाज में समरसता बढ़ रही है?**

यदि इन प्रश्नों का उत्तर सकारात्मक है, तभी सनातन जागृति वास्तविक है।

अन्यथा केवल राजनीतिक मंचों पर सनातन का नाम लेना पर्याप्त नहीं।

निष्कर्ष : असली लड़ाई शिक्षा के भविष्य की है

धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा और मदन दिलावर के खिलाफ CJP का वर्तमान विरोध दो अलग-अलग घटनाएं हैं, लेकिन दोनों हमें एक ही बड़े प्रश्न तक ले जाते हैं—

**भारत की शिक्षा व्यवस्था आखिर किस दिशा में जाएगी?**

एक दिशा ऐसी हो सकती है जिसमें भारत केवल पश्चिमी मॉडल की नकल करे।

दूसरी दिशा ऐसी हो सकती है जिसमें भारत आधुनिक विज्ञान, तकनीक और वैश्विक प्रतिस्पर्धा को स्वीकार करते हुए अपनी सभ्यता की जड़ों से भी जुड़ा रहे।

मेरे निजी वैचारिक दृष्टिकोण से दूसरी दिशा अधिक स्वाभाविक है।

लेकिन इसके लिए केवल मंत्री नहीं, शिक्षक, अभिभावक, समाज और विद्यार्थी—सभी को जिम्मेदारी निभानी होगी।

धर्मेंद्र प्रधान हों या मदन दिलावर—दोनों का मूल्यांकन अंततः इसी कसौटी पर होना चाहिए कि उन्होंने शिक्षा को कितना मजबूत किया, भारतीय ज्ञान परंपरा को कितना सम्मान दिलाया और युवाओं के भविष्य को कितना बेहतर बनाया।

CJP का विरोध हो या सरकार की नीतियां—लोकतंत्र में दोनों का परीक्षण जनता और विद्यार्थियों के हित की कसौटी पर होना चाहिए।

और सनातन जागृति की अंतिम कसौटी भी यही है—

जिस शिक्षा से ज्ञान बढ़े, चरित्र बने, संस्कृति बचे, समाज जुड़े और राष्ट्र मजबूत हो—वही शिक्षा वास्तव में भारत की सनातन चेतना को आगे ले जा सकती है।

सनातन किसी व्यक्ति की संपत्ति नहीं, भारत की सभ्यतागत चेतना है।

इसे न सत्ता खत्म कर सकती है, न विरोध।

इसे केवल आने वाली पीढ़ियों के संस्कार और शिक्षा मजबूत कर सकते हैं।

# बस्तर मुन्ने के तहत शत-प्रतिशत सैचुरेशन सुनिश्चित करें : कमिश्नर

- बीजापुर जिले की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश, राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण पर जोर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 24 अगस्त।** बस्तर संभाग के कमिश्नर डोमन सिंह ने बीजापुर प्रवास के दौरान इंद्रावती सभाकक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर जिले में संचालित शासकीय योजनाओं और विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने 'बस्तर मुन्ने' योजना के तहत शत-प्रतिशत सैचुरेशन सुनिश्चित करने तथा सभी पात्र हितग्राहियों की पोर्टल में एंट्री पूर्ण करने के निर्देश दिए।




कमिश्नर श्री सिंह ने कहा कि शासन की योजनाओं और सेवाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। उन्होंने पात्र हितग्राहियों को राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, बीवीजी रामजी कार्ड, श्रम कार्ड, प्रधानमंत्री आवास सहित बस्तर मुन्ने के अंतर्गत चिन्हित सभी 31 सेवाओं से शत-प्रतिशत लाभान्वित करने के निर्देश दिए।

बैठक के दौरान अधिकारियों से सैचुरेशन के कार्य में आ रही समस्याओं की जानकारी भी ली गई तथा उनके निराकरण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

### गुणवत्तापूर्ण निराकरण पर जोर

कमिश्नर ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वहीं राजस्व न्यायालयों में लंबित प्रकरणों को शीघ्र निपटाने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने जाति एवं निवास प्रमाण पत्र, वनाधिकार पत्रों की स्थिति, वनाधिकार मान्यता पत्रों में फौती नामांतरण तथा अवैध अतिक्रमण के मामलों में तेजी से कार्रवाई करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। कमिश्नर श्री सिंह ने कहा कि जिले से बाहर प्रवासित बीजापुर के नागरिक यदि वापस लौटते हैं तो उनकी पात्रता के अनुसार उन्हें शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ा जाए, ताकि वे मुख्यधारा में शामिल होकर योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें।

### कलेक्टर ने दिया विकास कार्यों का प्रस्तुतिकरण

बैठक में कलेक्टर श्री विश्वदीप ने जिले में संचालित विभिन्न विकास कार्यों एवं शासकीय योजनाओं की प्रगति का पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुतिकरण दिया। उन्होंने बैठक में प्राप्त निर्देशों के अनुरूप कार्यों में अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया।समीक्षा बैठक में जिला पंचायत सीईओ नम्रता चौबे, संयुक्त कलेक्टर जागेश्वर कौशल सहित जिला स्तरीय वरिष्ठ अधिकारी, सभी अनुभागों के एसडीएम, डिप्टी कलेक्टर, तहसीलदार, जनपद पंचायतों के सीईओ एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### स्कूलों में साइबर जागरूकता कार्यशाला आयोजित, विद्यार्थियों को बताए ऑनलाइन सुरक्षा के तरीके



**बीजापुर, 24 अगस्त। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बीजापुर पुलिस द्वारा चलाए जा रहे साइबर जागृति अभियान-बीजापुर के तहत जिले के स्कूलों में विद्यार्थियों को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को एकलव्य विद्यालय बीजापुर एवं हायर सेकण्डरी स्कूल भैरमगढ़ में साइबर जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में विद्यार्थियों को फर्जी कॉल, फर्जी लिंक, हुआक्रफ्रॉड, ऑनलाइन शॉपिंग में ठगी, सोशल मीडिया अपराध, फर्जी निवेश और नौकरी के नाम पर ठगी, KYC अपडेट फ्रॉड तथा डिजिटल अरेस्ट जैसे साइबर अपराधों की जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को समझाया गया कि वे किसी अनजान लिंक पर क्लिक न करें और OTP, PIN, CVV सहित बैंक से संबंधित गोपनीय जानकारी किसी के साथ साझा न करें। साथ ही सोशल मीडिया अकाउंट की प्राइवेसी सेटिंग्स को सुरक्षित रखने की सलाह दी गई। पुलिस ने बताया कि साइबर बुलिंग, संदिग्ध कॉल या मैसेज से परेशान होने पर ऐसे नंबरों की जानकारी संचार साथी पोर्टल की 'चक्षु' सुविधा के माध्यम से रिपोर्ट की जा सकती है। बीजापुर पुलिस ने विद्यार्थियों से अपील की कि वे स्वयं सतर्क रहें और अपने परिवार व आसपास के लोगों को भी साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करें। अभियान के तहत जिले के स्कूलों, कॉलेजों एवं अन्य शैक्षणिक संस्थानों में लगातार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

### भैरमगढ़ में सरकारी शराब दुकान में ओवररेटिंग का खेल!



**भैरमगढ़/बीजापुर 24 अगस्त। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भैरमगढ़ स्थित शासकीय शराब दुकान में निर्धारित मूल्य से अधिक कीमत वसूलने का मामला सामने आया है। आरोप है कि दुकान में शराब की प्रत्येक बोतल पर ग्राहकों से ?50 से ?80 तक अतिरिक्त राशि ली जा रही है। इससे उपभोक्ताओं में भारी नाराजगी है और आबकारी विभाग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि दुकान में लंबे समय से ओवररेटिंग का खेल खुलेआम चल रहा है। शिकायत करने या निर्धारित मूल्य के संबंध में जानकारी मांगने पर ग्राहकों के साथ अभद्र व्यवहार किया जाता है। आरोप है कि दुकान के मैनेजर से जब अतिरिक्त वसूली के संबंध में सवाल किया गया तो उन्होंने कथित तौर पर लेना है तो ले लो वरना जो करना है कर लो कहकर ग्राहकों को वापस भेज दिया। ग्राहकों का यह भी आरोप है कि शासकीय शराब दुकान में अधिकृत कर्मचारियों के बजाय अवैध रूप से कार्यरत कर्मचारियों का बोलबाला है, जो मनमाने तरीके से शराब की बिक्री कर रहे हैं। इससे शासन को मिलने वाले राजस्व और पूरी व्यवस्था की पारदर्शिता पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि निर्धारित मूल्य से अधिक राशि वसूली जा रही है तो इसकी जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। उनका आरोप है कि इस कथित गोरखधंधे से संबंधित कर्मचारी और जिम्मेदार लोग अवैध कमाई कर रहे हैं, जबकि आबकारी विभाग मूकदर्शक बना हुआ है। लोगों ने मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कराई जाए, शराब दुकान के बिक्री रिकॉर्ड, स्टॉक रजिस्टर, सीसीटीवी फुटेज और कर्मचारियों की नियुक्ति की जांच की जाए। यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो दोषियों के खिलाफकार्रवाई कर शासन को हुए संभावित राजस्व नुकसान की भरपाई कराई जाए। इस संबंध में आबकारी विभाग से जानकारी लेने के लिए सम्पर्क किया गया है लेकिन खबर लिखे जाने तक कोई जवाब नहीं मिला है। संबंधित पक्ष और आबकारी विभाग का पक्ष प्राप्त होने पर उसे भी प्रमुखता से प्रकाशित किया जाएगा।

### इलाज के साथ हक की आवाज, 17 मांगों पर जूनियर डॉक्टरों ने खोला मोर्चा

**जगदलपुर, 24 अगस्त। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** अस्पतालों में मरीजों का इलाज करने वाले जूनियर डॉक्टर अब अपनी सेवा शर्तों और मानदेय को लेकर आवाज बुलंद कर रहे हैं। 17 सूत्रीय मांगों को लेकर जे.डी.ए. शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय जगदलपुर और जूनियर डॉक्टर्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ ने संयुक्त रूप से शासन-प्रशासन के समक्ष अपनी मांगें रखी है। डीन कार्यालय, जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक कार्यालय में ज्ञापन सौंपते हुए संगठनों ने मांगों के शीघ्र निराकरण की मांग की है। साथ ही प्रस्तावित आंदोलन की सूचना 15 दिन पहले दे दी गई है। संगठन ने संविदा चिकित्सकों के मानदेय में पुनरीक्षण के साथ चिकित्सकों को महंगाई भत्ता, यात्रा भत्ता, आवास भत्ता और गैर-निजी चिकित्सा भत्ता जैसी सुविधाएं देने की मांग भी की है। जे.डी.ए. का कहना है कि सेवा शर्तों में सुधार से चिकित्सकों को बेहतर कार्य वातावरण मिलेगा और इसका सीधा लाभ चिकित्सा सेवाओं की गुणवत्ता - पर भी पड़ेगा। जे.डी.ए. शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय - जगदलपुर के महासचिव डॉ. रितेश कुमार सिंह ने कहा कि 17 सूत्रीय मांगों को लेकर शासन-प्रशासन को पहले भी अवगत कराया जा चुका है। है। इस बार आंदोलन की सूचना 15 दिन पहले दी गई है, ताकि सरकार के पास मांगों पर विचार करने और समाधान की दिशा में कदम उठाने का पर्याप्त समय रहे।

# नक्सलियों की बंदूकें शांत मगर स्कूल में लापरवाही का 'राज'!

## कोपेनजरी प्राथमिक शाला में बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ का आरोप

- ग्रामीणों ने प्रधानाध्यापक की अनियमित उपस्थिति और नशे की हालत में स्कूल आने की कही बात
- शिक्षा दूत पर भी दोपहर बाद स्कूल से गायब रहने का आरोप, डीईओ ने तीन दिन में मांगा स्पष्टीकरण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 24 अगस्त।** कभी नक्सलवाद, बंदूक और भय के साये में रहने वाले बीजापुर जिले के दूरस्थ इलाकों में अब हालात तेजी से बदल रहे हैं। सुरक्षा व्यवस्था मजबूत हुई है, सड़कें पहुंच रही हैं और बच्चे बेखौफ होकर स्कूलों तक पहुंचने लगे हैं। सरकार शिक्षा को लेकर बड़े-बड़े दावे कर रही है, लेकिन भैरमगढ़ विकासखंड के प्राथमिक शाला कोपेनजरी की स्थिति इन दावों पर गंभीर सवाल खड़े कर रही है। ग्रामीणों ने स्कूल के प्रधानाध्यापक पाण्डुराम पर सप्ताह में केवल एक-दो दिन स्कूल आने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि प्रधानाध्यापक कभी-कभी नशे की हालत में स्कूल पहुंचते हैं। हालांकि इस आरोप की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है, इसलिए पूरे मामले की निष्पक्ष विभागीय जांच आवश्यक है।

वहीं, स्कूल में कार्यरत शिक्षा दूत राजेश पर भी दोपहर बाद स्कूल से गायब रहने का आरोप लगाया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि शिक्षा दूत के चले जाने के बाद बच्चों को स्कूल में बैठने का कोई लाभ नहीं मिलता और कई बार बच्चे समय से पहले अपने-अपने घर लौट जाते हैं।

### नक्सल समस्या कम हुई, लेकिन क्या अब बच्चों को लापरवाही से लड़ना पड़ेगा

जिस इलाके में कभी बंदूक और भय के कारण बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होती थी, वहां आज बच्चे हिम्मत जुटाकर स्कूल पहुंच रहे हैं। दूरस्थ और आदिवासी गांवों के गरीब परिवार अपने बच्चों को इसलिए स्कूल भेजते हैं कि उन्हें बेहतर शिक्षा मिले और उनका भविष्य बदले।



अगर किसी स्कूल में शिक्षक सप्ताह में केवल एक-दो दिन पहुंच रहे हैं, तो बाकी दिनों में बच्चों की पढ़ाई का क्या होगा? उनकी शैक्षणिक प्रगति कौन सुनिश्चित करेगा? सालभर की पढ़ाई का नुकसान कौन पूरा करेगा?नक्सलवाद से निकलकर सामान्य जीवन की ओर बढ़ रहे इन गांवों के बच्चों के भविष्य को अब सरकारी तंत्र की लापरवाही के हवाले नहीं छोड़ा जा सकता।

### हाजिरी रजिस्टर में सब ठीक, लेकिन जमीनी हकीकत क्या

मामले ने विभागीय निगरानी व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रधानाध्यापक की नियमित उपस्थिति नहीं रहती फिर भी पूरी उपस्थिति पंजी में क्या दर्ज किया जाता है। दूरस्थ स्कूलों की निगरानी केवल कागजी रिपोर्टों और ऑनलाइन उपस्थिति तक सीमित हो गई है।

### स्कूल खुला है या सिर्फ रिकॉर्ड में चल रहा है

कोपेनजरी जैसे दूरस्थ गांवों में स्कूल केवल एक सरकारी भवन नहीं है, बल्कि वहां के बच्चों के बेहतर भविष्य की सबसे बड़ी उम्मीद है। नक्सल प्रभावित रहे इलाकों में सड़क और सुरक्षा पहुंचाना जरूरी था, लेकिन उससे भी बड़ी जिम्मेदारी अब यह सुनिश्चित करना है कि वहां के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण और नियमित शिक्षा मिले।

सिर्फ यह कहना काफी नहीं कि गांव नक्सल समस्या से मुक्त हो गया। असली बदलाव तब होगा, जब गांव का बच्चा रोज स्कूल पहुंचे, शिक्षक समय पर मिले, पूरी कक्षा लगे और उसे शहरों के बच्चों जैसी शिक्षा का अधिकार वास्तव में मिल सके।

नक्सलियों की बंदूकें शांत होने के बाद यदि स्कूलों में लापरवाही का बोलबाला रहा, तो सबसे बड़ा नुकसान उन बच्चों का होगा जिन्होंने वर्षों के भय और कठिनाइयों के बीच भी शिक्षा का सपना जिंदा रखा।

### अब प्रशासन के सामने सबसे बड़ा सवाल

ग्रामीणों की शिकायत और सामने आए आरोपों की अब निष्पक्ष जांच जरूरी है। जांच ही तय करेगी कि आरोपों में कितनी सच्चाई है और जिम्मेदार लोगों पर क्या कार्रवाई होती है। लेकिन तब तक एक बात तय है कि बीजापुर के दूरस्थ इलाकों में शिक्षा के नाम पर किसी भी बच्चे का भविष्य लापरवाही की भेंट नहीं चढ़ना चाहिए।

इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि बच्चों को मध्यान्ह भोजन नहीं दिए जाने की जानकारी मिली है। उन्होंने संबंधित संकुल समन्वयक और प्रधानपाठक को समक्ष उपस्थित होकर तीन दिवस के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है। स्पष्टीकरण प्राप्त होने के बाद जांच टीम को स्कूल भेजा जाएगा। जांच में मध्यान्ह भोजन, शिक्षकों की उपस्थिति और सामने आए अन्य सभी आरोपों एवं बिंदुओं की जांच कराई जाएगी। कोई कर्मचारी दोषी पाया जाता है तो उसके विरुद्ध नियमानुसार उचित कार्रवाई की जाएगी।

## बीजापुर के 8 स्कूलों में साइबर जागरूकता कार्यशाला, 1000 विद्यार्थी हुए जागरूक



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 24 अगस्त।** बीजापुर पुलिस द्वारा चलाए जा रहे साइबर जागृति अभियान के तहत जिले के 8 स्कूलों में साइबर जागरूकता कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। इन कार्यशालाओं में लगभग 1000 विद्यार्थियों को साइबर अपराधों और ऑनलाइन ठगी से बचाव के संबंध में जानकारी दी गई।

कार्यशालाएं पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, केंद्रीय विद्यालय, स्वामी आत्मानंद स्कूल संकनापल्ली, बासागुड़ा एवं उसूर, हायर सेकेंडरी स्कूल कुटरू, संत चावरा स्कूल दुगोली तथा संत थॉमस स्कूल बीजापुर में आयोजित की गईं।

विद्यार्थियों को OTP फ्रॉड, PI फ्रॉड, फर्जी लिंक, सोशल मीडिया फ्रॉड, फर्जी कॉल सहित अन्य ऑनलाइन ठगी के तरीकों की जानकारी दी गई। उन्हें किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ OTP, PIN, पासवर्ड, बैंक या PI संबंधी जानकारी साझा नहीं करने की समझाइश दी गई।

कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों को सोशल मीडिया पर व्यक्तिगत जानकारी सुरक्षित रखने, मजबूत पासवर्ड का उपयोग करने तथा संदिग्ध लिंक, कॉल और ऐप से सावधान रहने की जानकारी दी गई।

साइबर फ्रॉड होने की स्थिति में तत्काल साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराने और www.cybercrime.gov.in के माध्यम से ऑनलाइन शिकायत करने की जानकारी भी दी गई।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने स्वयं साइबर सुरक्षा के प्रति सजग रहने और अपने परिवार तथा आसपास के लोगों को भी साइबर अपराधों से बचाव के लिए जागरूक करने का संकल्प लिया। बीजापुर पुलिस द्वारा साइबर जागृति अभियान के माध्यम से आम नागरिकों और विद्यार्थियों को सुरक्षित डिजिटल जीवन के प्रति लगातार जागरूक किया जा रहा है।

# हर-हर महादेव के जयकारों से गूंजा भोपालपटनम क्षेत्र

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर/भोपालपटनम 24 अगस्त।** सावन माह के अंतिम सोमवार के पावन अवसर पर तिमेंड घाट से भोपालपटनम तक भव्य कांवड़ यात्रा निकाली गई। लगातार 3 दिनों से बारिश होने बावजूद भगवान भोलेनाथ की भक्ति में सराबोर 500 से अधिक भक्तगण एवं श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कांवड़ यात्रा के दौरान हर-हर महादेव और बोल बम के जयकारों से पूरा क्षेत्र शिवमय हो उठा।

श्रद्धालुओं ने तिमेंड घाट पहुंचकर पवित्र इंद्रावती नदी से जल भरा और कांवड़ धारण कर भगवान शिव के जयकारों के साथ भोपालपटनम की ओर पैदल यात्रा शुरू की। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। कांवड़िए पूरे मार्ग में भक्ति भाव के साथ भगवान शिव का गुणगान करते हुए आगे बढ़ते रहे।



कांवड़ यात्रा के गोल्लागुड़ा पहुंचने पर स्थानीय लोगों द्वारा कांवड़ियों का आत्मीय स्वागत किया गया। श्रद्धालुओं की सेवा और सुविधा के लिए स्थानीय स्तर पर विशेष व्यवस्था की गई। यात्रा मार्ग में भक्तों के स्वागत से धार्मिक उत्साह और भी बढ़ गया।

सावन के अंतिम सोमवार पर निकली इस कांवड़ यात्रा ने क्षेत्र में भक्ति का अद्भुत वातावरण बना दिया। जगह-जगह शिवभक्तों के जयकारे सुनाई देते रहे और पूरा मार्ग बोल बम व हर-हर महादेव के उद्घोष से गूंजता रहा। कांवड़ यात्रा के भोपालपटनम पहुंचने के बाद श्रद्धालु शिव मंदिर में पहुंचकर इंद्रावती नदी से लाए गए पवित्र जल से भगवान शिव का जलाभिषेक किया गया। श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ से क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना करेंगे। सावन के अंतिम सोमवार पर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। सिर पर कांवड़, होठों पर शिव का नाम और मन में अटूट श्रद्धा लिए भक्तों की यह यात्रा आस्था और सनातन परंपरा की अद्भुत तस्वीर पेश करती रही।भक्ति, श्रद्धा और शिवमय वातावरण के बीच पूरा भोपालपटनम क्षेत्र देर तक हर-हर महादेव के जयकारों से गूंजता रहा।

### जूडो में दमखम दिखाने के लिए प्रदेश भर से जुटे 260 खिलाड़ी

**जगदलपुर 24 अगस्त। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** शहर के स्थानीय टाउन हॉल में शनिवार को शाम को 14वीं इंटर स्कूल जूडो प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। दो दिनों तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में बस्तर संभाग सहित बाहर से आई टीमों के 260 खिलाड़ी जूडो के दांव-पेंच और तकनीक का प्रदर्शन करेंगे। प्रतियोगिता में 20 अधिकारी भी भाग ले रहे हैं। उद्घाटन समारोह में फुटबाल संघ के अध्यक्ष एवं नगर निगम बाजार सभापति राणा घोष, पूर्व लोक निर्माण सभापति यशवर्धन राव, सीवी रमन यूनिवर्सिटी के डायरेक्टर, अभिषेक अवस्थी, डॉ. आरएसके राज, शंकर श्रीवास, अमित जैन सहित अन्य अतिथि मौजूद रहे। जिला जूडो संघ दंतेवाड़ा के सचिव उदय सिंह और सरजीत सिंह बख्शी भी समारोह में शामिल हुए। ऑल बस्तर जिला जूडो संघ के सचिव अब्दुल मोईन ने बताया कि प्रतियोगिता भारतीय जूडो महासंघ के नियमों एवं उपनियमों के अनुसार आयोजित की जा रही है।

## भोपालपट्टनम में बस्तर कमिश्नर डोमन सिंह ने विभिन्न कार्यालयों का किया निरीक्षण



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 24 अगस्त।** बस्तर संभाग के कमिश्नर डोमन सिंह ने जिले के दूरस्थ क्षेत्र भोपालपट्टनम पहुंचकर एसडीएम कार्यालय, तहसील कार्यालय सहित विभिन्न विभागीय कार्यालयों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यालयीन व्यवस्थाओं, राजस्व प्रकरणों के निराकरण और महत्वपूर्ण अभिलेखों के रख-रखाव की स्थिति का जायजा लिया।

कमिश्नर ने अधिकारियों को राजस्व प्रकरणों का निर्धारित समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। तहसील के रिकॉर्ड रूम का निरीक्षण करते हुए उन्होंने महत्वपूर्ण राजस्व अभिलेखों के सुरक्षित और व्यवस्थित संधारण पर विशेष जोर दिया। उन्होंने रिकॉर्ड रूम को निर्वाचन के स्ट्रांग रूम की तर्ज पर सुरक्षित एवं व्यवस्थित रूप से तैयार करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान कमिश्नर ने प्रस्तावित भू-अर्जन क्षेत्र में भूमि क्रय-विक्रय पर नियमानुसार प्रतिबंध लगाने तथा जिन भू-अर्जन प्रकरणों में अवार्ड पारित हो चुके हैं, उनमें राजस्व अभिलेखों का समय पर दुरुस्तीकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के प्रकरणों का संवेदनशीलता के साथ त्वरित निराकरण कर पीड़ित परिवारों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया।

इसके बाद कमिश्नर श्री सिंह ने जनपद पंचायत भोपालपट्टनम का निरीक्षण कर ई-ऑफिस संचालन एवं विभिन्न कार्यालयीन कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों-कर्मचारियों को कार्यालयीन कार्यों को व्यवस्थित और समयबद्ध तरीके से संचालित करने के निर्देश दिए।

कमिश्नर ने खंड शिक्षा अधिकारी एवं खंड स्रोत समन्वयक कार्यालय का भी निरीक्षण किया। उन्होंने पंजियों, अभिलेखों और दस्तावेजों को अद्यतन एवं व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। साथ ही स्कूली बच्चों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तक, गणवेश, मध्यान्ह भोजन और न्यौता भोज की उपलब्धता की जानकारी ली। एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय के निरीक्षण के दौरान कमिश्नर ने लक्षित बच्चों एवं माताओं को समेकित बाल विकास सेवाओं का लाभ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कमिश्नर डोमन सिंह ने अधिकारियों से कहा कि कार्यालयीन व्यवस्थाओं में पारदर्शिता, जवाबदेही और समयबद्धता बनाए रखते हुए शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन किया जाए। आम जनता से जुड़े प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर निराकृत कर बेहतर लोक सेवाएं उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया गया। इस दौरान एसडीएम बीजापुर जागेश्वर कौशल, एसडीएम भोपालपट्टनम यशवंत नाग, जनपद पंचायत सीईओ आदित्य कुंजाम, तहसीलदार लक्ष्मण राठिया सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# राष्ट्रपति भवन की खास मेहमान बनीं बीजापुर की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता चंदना तिपनपल्ली

- स्वतंत्रता दिवस पर विशेष अतिथि के रूप में मिला सम्मान, राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के साथ लंच का दुर्लभ अवसर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 24 अगस्त।** जिले की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता चंदना तिपनपल्ली ने बीजापुर सहित पूरे छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया है। नीति आयोग की बासागुड़ा परियोजना के तहत सेक्टर धर्मारम स्थित आंगनबाड़ी केंद्र धर्मारम-1 में कार्यरत चंदना को स्वतंत्रता दिवस 2026 के अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली में आमंत्रित कर सम्मानित किया गया।

दुर्गम क्षेत्र में बच्चों और महिलाओं के स्वास्थ्य, पोषण एवं शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए चंदना का चयन किया गया। छत्तीसगढ़ से एकमात्र आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के रूप में राष्ट्रपति भवन पहुंचना उनके साथ-साथ पूरे प्रदेश के लिए गौरव की बात है।



राष्ट्रपति भवन में सम्मान, राष्ट्रपति-प्रधानमंत्री के साथ लंच

चंदना तिपनपल्ली 15 अगस्त को राष्ट्रपति भवन में आयोजित विशेष कार्यक्रम में शामिल हुईं। सम्मान समारोह के अगले दिन 16 अगस्त को उन्हें भारत की राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के साथ लंच करने का दुर्लभ अवसर भी मिला। देश के शीर्ष नेतृत्व के साथ राष्ट्रपति भवन में समय बिताने का यह अवसर चंदना के लिए जीवनभर की अविस्मरणीय याद बन गया।

**दिल्ली के ऐतिहासिक स्थलों का किया भ्रमण :** कार्यक्रम के तहत 17 अगस्त को चंदना को दिल्ली के प्रमुख ऐतिहासिक एवं पर्यटन स्थलों का भ्रमण भी कराया गया। इसके बाद 18 अगस्त को वे ट्रेन से दिल्ली से रवाना हुईं और 20 अगस्त को सकुशल बीजापुर पहुंचीं।

चंदना तिपनपल्ली ने बासागुड़ा परियोजना क्षेत्र के दुर्गम इलाकों में लंबे समय से सेवाभाव के साथ काम किया है। बच्चों के पोषण, महिलाओं के स्वास्थ्य, प्रारंभिक शिक्षा और शासन की योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

उनकी यह उपलब्धि बीजापुर जिले के लिए गौरव का विषय है और जिले की अन्य आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणादायक भी है। चंदना ने अपने कार्यों से यह साबित किया है कि सच्चे समर्पण और सेवाभाव से किया गया काम देश के सर्वोच्च मंच तक पहचान दिला सकता है।

## एक नजर

### संगीतमय शाम में कलाकार अमित कुमार का हुआ सम्मान



**भाटापारा, 24 अगस्त।** बिलासपुर शहर के लखीराम ऑडिटोरियम में कनक मेलोडी ग्रुप द्वारा आयोजित भव्य संगीतमय कार्यक्रम में लाइव ऑर्केस्ट्रा के साथ कलाकारों ने शानदार प्रस्तुतियां दीं कार्यक्रम में लता मंगेशकर, मोहम्मद रफी, किशोर कुमार, मुकेश, आशा भोसले और सुमन कल्याणपुर जैसे महान गायकों को उनके लोकप्रिय गीतों के माध्यम से याद किया गया। मंच पर प्रस्तुत किए गए सदाबहार नगमों ने दर्शकों को पुराने संगीत के दौर की याद दिला दी।कार्यक्रम के दौरान भाटापारा के चर्चित छत्तीसगढ़िया कलाकार अमित कुमार का विशेष सम्मान भी किया गया। छत्तीसगढ़ की कला और संस्कृति के क्षेत्र में उनके योगदान को देखते हुए कनक मेलोडी ग्रुप की ओर से उन्हें सम्मानित किया गया।इस अवसर पर योग आनंद साहू एवं कनक मेलोडी ग्रुप द्वारा अमित कुमार को सम्मान प्रदान किया गया। मंच पर सम्मानित किए जाने का यह क्षण कार्यक्रम के विशेष आकर्षणों में शामिल रहा। सम्मान के दौरान उपस्थित दर्शकों और संगीत प्रेमियों ने तालियों के साथ अमित कुमार का उत्साहवर्धन किया।सम्मान से अभिभूत हुए अमित कुमार, आयोजकों का जताया आभार-अमित कुमार ने कहा कि इतने भव्य और प्रतिष्ठित संगीतमय आयोजन के मंच पर सम्मानित होना उनके लिए बेहद खुशी और गर्व का क्षण है। उन्होंने कनक मेलोडी ग्रुप की पूरी टीम को इस शानदार आयोजन के लिए बधाई दी।

### संसार में जीना है तो साधना महावीर जैसी करें

**बालोद, 24 अगस्त।** जैन मुनि ने आगे कहा कि मणिपुर में कई लोगों अनाथ हो गए, महिलाएं लड़कियों की स्थिति चिंताजनक है। सीता अग्नि परीक्षा में गई तो कोई बचाने वाला नहीं था सिर्फ धर्म ही ने सीता का साथ दिया। सीता ने स्वयं की रक्षा की,नारी जाति का सम्मान हमेशा किया जाना चाहिए। धर्म की महिमा अपरंपार है आज सिर्फ दिमागी खेल खेलता है व्यक्ति। थोड़ा सोचो भगवान महावीर अकेले ही अनार्य देश में गए जहां पर पानी की बूंद भी मिलना मुश्किल था। संसार में जीना है तो साधना महावीर जैसी ही करें। दूसरों पर भरोसा नहीं करें कोई व्यवस्था करने वाला नहीं है। जिनेश्वर भगवंत का धर्म मिला है संयोग कई जन्मों का मिलता है लेकिन आज बच्चे, महिलाएं, युवक सभी मोबाइल के नशा में मस्त है। साधु उपदेश देता है आदेश कभी नहीं देता। व्यक्ति दुनिया को मुट्ठी करने में लगे हैं ब्रह्मांड इको साउंड है जो लौट कर वापस आता है। धर्मसभा में आज समता पाठशाला के बच्चों ने प्रस्तुति दी। शासन दीपक श्री अक्षयमुनि जी मसा की प्रेरणा से धर्म ध्यान, त्याग तपस्या निरंतर जारी है । इस कड़ी में आज काजल नाहर ने 27 , शर्मिला बाफना ने 26, स्नेहल लोढ़ा, प्रिया श्रीश्रीमाल ने 24, नमिता नाहटा ने 21, ईषा नेहा तातेड ने 20, निष्ठा रतनबोहरा ने 9 हेतल गोलछा ने 8 तथा भूमि बुरड़ ने 7 उपवास तपस्या का संकल्प ग्रहण किया।

### सूचना बोर्ड के अभाव में पर्यटक नहीं देख पाते ऐतिहासिक स्थल

**जगदलपुर, 24 अगस्त।** बस्तर की प्राकृतिक खूबसूरती के साथ यहां ऐतिहासिक और धार्मिक स्थलों की भी लंबी श्रृंखला है, लेकिन इन स्थलों तक पहुंचने के लिए पर्याप्त सूचना और दिशा-सूचक बोर्ड नहीं होने से पर्यटक कई महत्वपूर्ण धरोहरों को देखे बिना ही लौट रहे हैं। पर्यटन स्थलों के प्रचार-प्रसार और सुविधाओं पर जोर देने के बावजूद मार्गदर्शन व्यवस्था की कमी पर्यटकों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है।बस्तर के नारायणपाल मंदिर, कुरुसपाल जैन मंदिर, पूर्वी टेमरा स्थित गजलक्ष्मी मंदिर सहित चित्रकोट क्षेत्र के आसपास स्थित विभिन्न प्राचीन मंदिरों तक पहुंचने के लिए प्रमुख मार्गों पर पर्याप्त सूचना बोर्ड नहीं लगाए गए हैं। पहली बार बस्तर पहुंचने वाले पर्यटकों को इन स्थानों की जानकारी नहीं मिल पाती। कई बार स्थानीय लोगों से पूछताछ के बाद भी सही रास्ता नहीं मिलने पर, पर्यटक अपना समय बचाने के लिए वापस लौट जाते हैं। उल्लेखनीय है कि बस्तर में आने वाले अधिकांश पर्यटक चित्रकोट जलप्रपात, तीरथगढ़ और अन्य प्रमुख पर्यटन स्थलों तक ही सीमित रह जाते हैं, जबकि जिले के ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों में कई ऐसे ऐतिहासिक व धार्मिक स्थल हैं, जो बस्तर की समृद्ध संस्कृति और पुरातात्विक विरासत को दर्शाते हैं। इन स्थलों की जानकारी पर्यटकों तक पहुंचाने के लिए मुख्य मार्गों और पर्यटन स्थलों के आसपास दिशा-सूचक बोर्ड लगाने की आवश्यकता है।

### खेलों इंडिया तीरंदाजी सेंटर के खिलाड़ियों को उप मुख्यमंत्री साव ने किट वितरण कर बधाई दी

**महासमुंद 24 अगस्त ।** उप मुख्यमंत्री एवं खेल एवं युवा कल्याण मंत्री छत्तीसगढ़ शासन श्री अरुण साव के शनिवार को महासमुन्द प्रवास के दौरान कलेक्टर कार्यालय में अध्यक्ष जिला पैरा स्पोर्टस संघ महासमुंद निरंजन साहू एवं जिला पैरा स्पोर्टस खिलाडी लक्की यादव राजीव पाण्डे अवॉर्ड वर्ष 2025-26 राज्य खेल अलंकरण हेतु चयनित होने पर उप मुख्यमंत्री एवं खेल मंत्री श्री अरुण साव ने लक्की यादव को बधाई देते हुए सम्मानित किया। अध्यक्ष, जिला पैरा स्पोर्टस संघ द्वारा दिव्यांग पैरा खिलाड़ियों के खेल गतिविधियों में विकास लाने हेतु दिव्यांग एवं सामान्य खिलाडियों के खेल के प्रति राष्ट्रीय भाव उत्पन्न करने हेतु समावेशी खेल एकेडमी (आवासीय एवं गैर आवासीय) संचालन के संबध में मांग पत्र माननीय मंत्री जी को सौंपा गया, जिसमें खिलाडियों का निरंतर अभ्यास, पोषण, आहार व्यवस्था तथा तकनीकी प्रशिक्षण हेतु आवश्यक सुझाव रखा गया। इस अवसर पर मंत्री श्री साव के द्वारा प्रत्यक्ष रूप से मांग पत्र पूरी करने हेतु आश्वासन दिया गया। उप मुख्यमंत्री एवं खेल मंत्री श्री अरुण साव द्वारा खेल एवं युवा कल्याण महासमुंद द्वारा संचालित खेलों इंडिया तीरंदाजी सेंटर एकलव्य आवासीय विद्यालय भोरिंग के खिलाड़ियों से मुलाकात व परिचय प्राप्त कर खेल कीट का वितरण कर बधाई एवं आगामी भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

आंगनबाड़ी भवन का विधिवत उद्घाटन होने पर

# गांव के नन्हे-मुन्ने बच्चों सहित ग्रामीणों में खुशी का माहौल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**दल्लीराजहरा,24 अगस्त।** जनपद पंचायत डौंडी अंतर्गत ग्राम पंचायत खम्हारटोला में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा निर्मित नवीन आंगनबाड़ी भवन का विधिवत उद्घाटन जनपद पंचायत डौंडी की महिला एवं बाल विकास विभाग की सभापति एवं जनपद सदस्य श्रीमती मंजू संजय बैस के मुख्य आतिथ्य में किया गया। नवीन आंगनबाड़ी भवन की सौगात मिलने से गांव के नन्हे-मुन्ने बच्चों सहित ग्रामीणों में खुशी का माहौल देखने को मिला।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मंजू संजय बैस, जनपद सदस्य झमित बाई, महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी कृतेश मार्गिया सहित जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों का ग्रामवासियों द्वारा गाजे-बाजे के साथ भव्य स्वागत किया गया। अतिथियों को सम्मानपूर्वक नवीन आंगनबाड़ी भवन तक लाया गया। इसके बाद विधिवत पूजा-अर्चना कर फीता काटकर भवन का उद्घाटन किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनपद सदस्य झमित बाई ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र गांव के नन्हे बच्चों की शिक्षा, पोषण और सर्वांगीण विकास की पहली सीढ़ी है। नवीन भवन मिलने से बच्चों को बेहतर एवं सुरक्षित वातावरण में प्रारंभिक शिक्षा और पोषण संबंधी सुविधाएं मिल सकेंगी। उन्होंने कहा कि ग्रामवासियों की लंबे समय से चली आ रही आवश्यकता अब पूरी हुई है, जिसके लिए महिला एवं बाल विकास विभाग सहित सभी जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी बधाई के पात्र हैं।कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जनपद सभापति मंजू संजय बैस ने अपने उद्बोधन में कहा कि बच्चों के लिए बेहतर सुविधा उपलब्ध कराना हम सभी की प्राथमिक जिम्मेदारी है। आंगनबाड़ी केवल बच्चों के बैठने और पढ़ने का स्थान नहीं, बल्कि उनके पोषण, स्वास्थ्य, संस्कार और प्रारंभिक शिक्षा का महत्वपूर्ण केंद्र है। उन्होंने कहा कि नवीन भवन में बच्चों को स्वच्छ, सुरक्षित और सुविधाजनक वातावरण मिलेगा, जिससे उनके सर्वांगीण विकास को नई दिशा मिलेगी।उन्होंने आगे कहा कि शासन की योजनाओं का वास्तविक लाभ अंतिम पंक्ति तक पहुंचे, यही जनप्रतिनिधियों का उद्देश्य होना चाहिए। उन्होंने ग्रामवासियों से अपील करते हुए कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र की सुविधाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं तथा बच्चों के नियमित पोषण, स्वास्थ्य जांच एवं प्रारंभिक शिक्षा पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने नवीन भवन के लिए ग्रामवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बच्चों की मुस्कान ही किसी भी विकास कार्य की सबसे बड़ी सफलता है।कार्यक्रम में ग्राम पंचायत की सरपंच लोभन बाई ठाकुर ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से ग्राम खम्हारटोला को नवीन आंगनबाड़ी भवन की सौगात मिली है, जिससे समस्त ग्रामवासी बेहद प्रसन्न हैं। उन्होंने उपस्थित अतिथियों, अधिकारियों एवं ग्रामीणों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस भवन से गांव के नन्हे बच्चों को बेहतर सुविधा मिल सकेगी।कार्यक्रम का संचालन महिला एवं बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर श्रीमती चंद्राकर मैडम द्वारा किया गया। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, पंचगण, जनप्रतिनिधि, विभागीय कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। नवीन भवन के उद्घाटन के दौरान बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला। बच्चों की खुशी देखकर ग्रामीणों के चेहरे भी खिल उठे। इस अवसर पर उप सरपंच जसवंत उर्वषा पंच तुलसी राम पुनाऊ राम रमौ बाई पूजा गिरधारी गोवर्धन कॉर्परिया सोनकर ताराम छगन लाल फगुवा राम सुख राम विमल गौरव बिस्वा राम सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भारती उर्वशा निरंजनी सहारे खिलेश्वरी मीरा उर्वेश सरपंच लोभन बाई ठाकुर, उपसरपंच एवं पंचगण, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिका, सुपरवाइजर चंद्राकर तथा ग्रामवासी उपस्थित थे।

# बस्तर में पहली बार हुआ नी रिप्लेसमेंट का सफल आपरेशन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 24 अगस्त।** आयुष्मान भारत योजना गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीजों के लिए बड़ी राहत साबित हो रही है। डिमरापाल स्थित शहीद महेंद्र कर्मा स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में रूमेटाइड आर्थराइटिस से पीड़ित 44 वर्षीय महिला के बाएं घुटने का सफल संपूर्ण प्रत्यारोपण किया गया। मरीज लंबे समय से घुटने के दर्द, अकडऩ् और चलने-फिरने में परेशानी से जूझ रही थी।

मिली जानकारी के मुताबिक जांच में घुटने के जोड़ को गंभीर क्षति मिलने पर विशेषज्ञों ने प्रत्यारोपण का निर्णय लिया। खास बात यह रही कि आयुष्मान भारत योजना के तहत करीब 65 हजार रुपये का कृत्रिम घुटना जोड़ पूरी तरह निशुल्क उपलब्ध कराया गया। भर्ती से लेकर छुट्टी मिलने तक सभी जांच, इलाज, दवाइयां और देखभाल का पूरा खर्च भी योजना के अंतर्गत निशुल्क रहा। सर्जरी के बाद व्यायाम चिकित्सा और पुनर्वास शुरू किया गया, जिससे मरीज के दर्द में राहत मिली और चलने-फिरने की क्षमता में उल्लेखनीय सुधार हुआ। मेकाज अधीक्षक डॉ. अनुरूप साहू ने बताया कि इस सफल सर्जरी में मेकाज के ऑर्थोपेडिक्स विभाग डॉ. सुनीत पॉल, डॉ. मुकेश ध्रुव, डॉ. संदीप सिंह, डॉ. प्रवेश मिश्रा, डॉ. आदित्य कौशिक, फिजियोथेरेपी विभाग के डॉ. भारतेन्दु कमल, डॉ. जन्मेजय, डॉ. मुकेश साहू, डॉ. कुलदीप भारद्वाज, एनेस्थीसिया विभाग के डॉ. सुष्मिता नायक, डॉ. रविशंकर, डॉ-गुलाब काशी और डॉ. चित्रकांत काशी शामिल रहे।

### आयुष्मान बना इलाज की ढाल

रूमेटाइड आर्थराइटिस से घुटने का जोड़ गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त होने के बाद महिला का टोटल नी रिप्लेसमेंट किया गया। आयुष्मान भारत योजना के तहत करीब 65 हजार रुपए का जॉइंट रिप्लेसमेंट इम्प्लांट मरीज को पूरी तरह निशुल्क मिला। भर्ती से लेकर डिस्चार्ज तक जांच, इलाज और दवाइयों का खर्च भी योजना के अंतर्गत कवर रहा।

### सर्जरी के बाद लौटी चलने की क्षमता

ऑर्थोपेडिक्स टीम ने सावधानीपूर्वक सर्जिकल प्लानिंग के साथ लेफ्ट टोटल नी रिप्लेसमेंट किया। सर्जरी के बाद विशेषज्ञों की निगरानी में फिजियोथेरेपी और पुनर्वास शुरू किया गया। उपचार के बाद मरीज की स्थिति में संतोषजनक सुधार देखा गया। घुटने के दर्द में राहत के साथ चलने-फिरने की क्षमता भी बेहतर हुई। डॉक्टरों के अनुसार नियमित फिजियोथेरेपी से रिकवरी में मदद मिलती है।

### स्थानीय स्तर पर सर्जरी की सुविधा

जटिडिमरापाल मेडिकल कॉलेज में जटिल जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी की सुविधा उपलब्ध होने से बस्तर संभाग और आसपास के मरीजों को स्थानीय स्तर पर उन्नत ऑर्थोपेडिक उपचार मिल रहा है। इस सफल सर्जरी में ऑर्थोपेडिक्स, फिजियोथेरेपी और एनेस्थीसिया विभाग की टीम ने समन्वय से काम किया। अस्पताल प्रबंधन ने इसे क्षेत्र के मरीजों के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया।

## समाचार संक्षेप

### नर्स ने घर में खुदकुशी की

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 24 अगस्त।** भिलाई स्टाफ नर्स ने अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है अहिवारा निवासी नेहा महिलांग हमर क्लीनिक में पांच वर्षो से स्टाफ नर्स के रुप में काम करती थी साल भर पहले ही शादी हुई थी



घासीदास नगर जामुल के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली आत्महत्या करने का कारण अज्ञात है सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची घटनास्थल से किसी भी प्रकार का सुसायडल नोट नहीं मिला है जामुल पुलिस हमर क्लीनिक के अन्य कर्मियों से भी पूछताछ कर सकती है शव को पुलिस पीएम के लिए मरचूरी में भेज दिया है जामुल पुलिस ने बताया कि नेहा के आत्महत्या के कारणों की जानकारी जुटाई जाएगी इस के लिए नेहा से जुड़े लोगों से पूछताछ और उसके मोबाइल को भी खंगाला जाएगा फिलहाल घटना जानकारी की परिजनों को दी गई है सूचना के बाद परिजनों का रो-रोककर बुरा हाल है गौरतलब हो कि जिले में आत्महत्या जैसे घातक कदम आज के युवा पीढ़ियों में उठाए जाने का देखा जा रहा है आत्महत्या को लेकर कई सामाजिक संगठन काउंसलिंग भी तनाव और परेशानी से गुजरने वाले लोगों का करती आ रही है।

### अंतरराज्यीय चोर गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 24 अगस्त।** भिलाई ट्रेन यात्रियों के पर्स चोरी कर एटीएम कार्ड के जरिए रकम निकालने वाले अंतरराज्यीय आरोपी को जीआरपी पुलिस की साइबर सेल और भिलाई तीन जीआरपी चौकी की संयुक्त टीम ने गिरफ्तार किया है आरोपी सुनील कुमार दुबे उर्फ लल्लू (34 साल ) निवासी मिर्जापुर, उत्तरप्रदेश के कब्जे से एक मोबाइल, चार सिम और 12 एटीएम कार्ड बरामद किए गए हैं उसे न्यायिक रिमांड पर केंद्रीय जेल दुर्ग भेज दिया गया है आरोपित ने छत्तीसगढ के अलावा, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, पंजाब, बिहार, कर्नाटक में भी वारदात की है पुलिस के अनुसार सेक्टर-6 निवासी कन्हैया भगत 18 अप्रैल को दुर्ग रेलवे स्टेशन से बिहार जाने के लिए ट्रेन पकड़ने पहुंचे थे। टिकट लेने के दौरान उनका पर्स चोरी हो गया था। पर्स में रखे एटीएम कार्ड से करीब 97,500 रुपये निकाले जाने की शिकायत पर जीआरपी ने जांच शुरू की साइबर सेल ने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी की तलाश की मुखबिर की सूचना पर पावर हाउस रेलवे स्टेशन के पास उसे गिरफ्तार किया गया पूछताछ में आरोपी ने कई राज्यों में घूमकर यात्रियों के पर्स चोरी करने और एटीएम कार्ड से रकम निकालने की बात स्वीकार की चोरी के एटीएम से उसने करीब 75 हजार रुपये की इयररिंग खरीदी और अलग-अलग स्थानों से 22,500 रुपये नकद निकाले बाद में इयररिंग ग्वालियर में 50 हजार रुपये में बेच दी भिलाई तीन जीआरपी चौकी पुलिस जांच में आरोपी के खिलाफ विभिन्न राज्यों में चोरी और धोखाधड़ी के कई मामले भी सामने आए हैं

### स्टील प्लांट पहुंचने से पहले ही पार हो गया 31.5 टन कच्चा लोहा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 24 अगस्त।** नगरनार स्टील प्लांट के लिए कुम्हारमारेंगा रेलवे साइडिंग से भेजे जा रहे आयरन ओर में कथित चोरी का मामला सामने आया है। शुक्रवार को बैलाडीला से पहुंची रैक से अनलोड 31.5 टन सीएलओ एक ट्रक के जरिए नगरनार प्लांट भेजा गया था, लेकिन आरोप है कि ट्रक चालक ने निर्धारित गंतव्य पर माल खाली करने के बजाये सरगीपाल स्थित एक निजी यार्ड में उतार दिया। माल की अनुमानित कीमत करीब 2.63 लाख रुपए बताई गई है।एनएमडीसी के कर्मचारियों ने खनिज ऑनलाइन पोर्टल पर परिवहन की जानकारी जांची, तो माल के प्लांट नहीं पहुंचने का पता चला। इसके बाद मामले की सूचना सामने आई। प्लांट प्रबंधन की ओर से नगरनार थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है। प्रारंभिक जानकारी में ट्रांसपोर्ट कंपनी, वाहन मालिक और निजी यार्ड से जुड़े लोगों की भूमिका की जांच की जा रही है। फिलहाल पुलिस कार्रवाई और माल की बरामदगी का इंतजार है। पूरे मामले में परिवहन दस्तावेज, वाहन की आवाजाही और सीसीटीवी फुटेज की जांच अहम मानी जा रही है।कुम्हारमारेंगा की रेलवे साइडिंग से आयरन ओर के परिवहन को लेकर पहले भी सवाल उठते रहे हैं। आरोप है कि वैध परिवहन दस्तावेजों की आड़ में निर्धारित मात्रा से अधिक माल ले जाने की कोशिश की जाती है। हालांकि इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। ताजा मामले में नगरनार प्लांट के लिए निकले माल के गंतव्य तक नहीं पहुंचने से परिवहन व्यवस्था की निगरानी पर सवाल खड़े हुए हैं। पुलिस और संबंधित विभाग की जांच के बाद ही पूरे मामले की वास्तविक स्थिति स्पष्ट होगी। नगरनार स्टील प्लांट के लिए भेजे गए आयरन ओर को निर्धारित स्थान तक पहुंचाने के बजाये सरगीपाल स्थित निजी यार्ड में उतारे जाने की शिकायत सामने आई है। एनएमडीसी कर्मचारियों की ऑनलाइन जांच में परिवहन किए गए माल के प्लांट तक नहीं पहुंचने की जानकारी मिली। इसके बाद नगरनार थाने में शिकायत दर्ज कराई गई। माल की कीमत करीब 2.63 लाख रुपए बताई गई है।

# मंत्री केदार कश्यप के काफिले से कार टकराई, पीए व ड्राइवर सहित 6 घायल



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कोंडागांव, 24 अगस्त।** छत्तीसगढ़ के कोंडागांव जिले के जुनवानी थाना क्षेत्र में मंत्री केदार कश्यप का काफिला दुर्घटनाग्रस्त हुआ है, मंत्री केदार कश्यप को कोई गंभीर चोट नहीं आई है, वे इस हादसे में बाल-बाल बच गए। इस सड़क हादसे में 6 लोग घायल हुए हैं। इनमें मंत्री के पीए और ड्राइवर को भी चोटें आई हैं। घायलों में मंत्री के पीए. अनुराग शर्मा, ड्राइवर सुनील कुमार मौर्य, प्रधान आरक्षक राजेश नेताम,म.प्र.आरक्षक सुगंतिन उसेंडी, महिला आरक्षक त्रिलोतमा मदरू, एवं आरक्षक नर्मदा मरकाम शामिल हैं। गंभीर रूप से चार घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद रायपुर रेफर कर दिया गया है। इस दौरान मंत्री केदार कश्यप मौके पर ही मौजूद रहकर घायलों के उपचार की व्यवस्था देखते रहे। मिली जानकारी के अनुसार आज रविवार दोपहर जूनवानी के पास एक स्कॉर्पियो ने पहले मंत्री की कार को टक्कर मारी। इसके बाद स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर उनके फॉलो वाहन से जा भिड़ी। घायलों को पहले कोंडागांव जिला अस्पताल लाया गया, जहां से 4 गंभीर घायलों का प्राथमिक उपचार के बाद रायपुर रेफर कर दिया गया है। दुर्घटना के बाद तीनों गाड़ियां क्षतिग्रस्त हुई हैं। मौके पर पहुंची पुलिस ने जेसीबी की मदद से दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि फॉलो वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। उसमें सवार पुलिस जवानों को चोटें आईं। हादसे के तुरंत बाद सभी घायल जवानों को इलाज के लिए कोंडागांव जिला अस्पताल ले जाया गया। कोंडागांव पुलिस हादसा कैसे हुआ, इसकी जांच कर रही है। साथ ही स्कॉर्पियो चालक और हादसे से जुड़ी दूसरी जानकारी जुटाई जा रही है।कोंडागांव के सीएमएचओ आरके चतुर्वेदी ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही जिला अस्पताल के डॉक्टरों की टीम को अलर्ट कर दिया गया था,सभी घायलों का इलाज किया गया। घायलों में दो का

# बस्तर के 12 शिक्षकों को उत्कृष्ट शिक्षण के लिए किया गया सम्मानित



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 24 अगस्त।** बस्तर कलेक्टर आकाश छिकारा, एसपी शलभ कुमार सिन्हा और डीएमसी अशोक पाण्डे की मौजूदगी में बस्तर जिले में संचालित आचार्य विनोबा भावे शिक्षक सहायक कार्यक्रम के अंतर्गत सात विकासखंडों से उत्कृष्ट एवं नवाचारी शिक्षण करने वाले 12 शिक्षकों को सम्मानित किया गया है। कार्यक्रम में पोस्ट ऑफ द मंथ व स्पर्धा विनर शिक्षकों को विशेष रूप से चुना गया।

इस अवसर पर माह जुलाई के पोस्ट ऑफ द मंथ में 5 शिक्षकों - रिंकी नेताम, किरण तिवारी, गेंदकुमारी तिवारी, संतोषी कश्यप और डोमेंद्र कुमार गंगबेर को सम्मानित किया गया। वहीं, स्पर्धा विनर में 7 शिक्षकों - नूतन वर्मा, नोगेश्वर कुमार साहू, निशा साहू, वेणुधर जोशी, यास्मिन बानो, ममता झा और चित्ररुपा गौर को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। कलेक्टर आकाश छिकारा एवं एसपी शलभ सिन्हा ने सभी सम्मानित शिक्षकों को बधाई दी और उन्हें प्रोत्साहित किया। उन्होंने सभी शिक्षकों से छात्रों के समग्र विकास के लिए इसी प्रकार निरंतर कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान कलेक्टर आकाश छिकारा, एसपी शलभ सिन्हा, डीएमसी अशोक पाण्डे, ओपन लिंक्स फाउंडेशन से हेमन्त चंद्रा व शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# मोह का त्याग किए बिना मोक्ष की प्राप्ति संभव नहीं:साध्वी मंजुलाश्रीजी





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायपुर,24 अगस्त।** आत्म उत्क्रांति आध्यात्मिक चातुर्मास-2026 के अंतर्गत दादाबाड़ी में अध्यात्म सार ग्रंथ का पठन करते हुए रविवार को साध्वी मंजुलाश्रीजी म.सा. ने कहा कि जीवन में किए गए अच्छे और बुरे कर्म ही हमारे पाप और पुण्य का आधार बनते हैं। राग और द्वेष हमारे भीतर कब पैदा हो जाते हैं, इसका कई बार हमें पता भी नहीं चलता, लेकिन कर्म सत्ता हमारे प्रत्येक कर्म का राई-राई और पाई-पाई का हिसाब रखती है।

साध्वीश्री ने कहा कि जब तक व्यक्ति को सही ज्ञान प्राप्त नहीं होगा, तब तक वह मोह का त्याग नहीं कर सकता। यदि मोक्ष प्राप्त करना है तो मोह से दूर होना ही पड़ेगा। ज्ञान की प्राप्ति के लिए व्यक्ति को क्रमबद्ध तरीके से आगे बढ़ना होगा। पूर्णता प्राप्त करने के लिए भीतर मग्नता जरूरी है, मग्नता के लिए स्थिरता चाहिए और स्थिरता तभी आएगी जब व्यक्ति मोह का त्याग करेगा।उन्होंने कहा कि मनुष्य संसार में हर चीज को पूर्ण रूप से पाना चाहता है, जबकि संसार की कोई भी वस्तु पूर्ण नहीं है। संसार में जो कुछ भी मिलता है, वह किसी न किसी रूप में अधूरा है। इसके बावजूद व्यक्ति सांसारिक वस्तुओं में पूर्णता तलाशता रहता है। साध्वीश्री ने कहा कि धर्म के क्षेत्र में मिलने वाला ज्ञान और आत्मिक अनुभव ही व्यक्ति को वास्तविक पूर्णता की ओर ले जाता है।

साध्वीश्री ने कहा कि व्यक्ति को संसार की अधूरी वस्तुओं के पीछे भागने के बजाय ज्ञान, संयम और आत्मसाधना की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। ज्ञान की साधना करते-करते जब व्यक्ति कैवल्य ज्ञान की अवस्था को प्राप्त करता है, तब उसके लिए जानने और पाने को कुछ भी शेष नहीं रहता।इस अवसर पर श्री ऋषभदेव मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष विजय कांकरिया, कार्यकारी अध्यक्ष अभय कुमार भंसाली, ट्रस्टी नरेश बैदसमुघा, राजेंद्र गोलछा एवं उज्ज्वल झाबक तथा आत्म उत्क्रांति आध्यात्मिक चातुर्मास-2026 समिति के अध्यक्ष बसंत लोढ़ा, महासचिव मुकेश निमाणी, सह-सचिव अभिषेक गोलछा एवं कोषाध्यक्ष चिंतन मालू सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### खेल के साथ संस्कार और सीख का हुआ संगम

आत्म उत्क्रांति आध्यात्मिक चातुर्मास-2026 के अंतर्गत श्री ऋषभदेव मंदिर ट्रस्ट एवं आयोजन समिति की ओर से दादाबाड़ी परिसर में आयोजित संस्कारम शिविर में बच्चों के लिए विशेष गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों को रूबिक क्यूब सिखाया गया। इसके लिए रूबिक क्यूब की विशेष टीम ने बच्चों को प्रशिक्षण दिया।शिविर में बच्चों ने उत्साह के साथ रूबिक क्यूब सीखने में भाग लिया। खेल और मनोरंजन के माध्यम से बच्चों में एकाग्रता, धैर्य, रचनात्मक सोच और समस्या का समाधान करने की क्षमता विकसित करने का प्रयास किया गया।समिति ने बताया कि संस्कारम शिविर का उद्देश्य बच्चों को धर्म और जैन संस्कारों से जोड़ने के साथ उनके व्यक्तित्व विकास पर भी ध्यान देना है। शिविर में खेलों के माध्यम से संस्कार, प्रेरणादायक कहानियां और विभिन्न शिक्षाप्रद गतिविधियां आयोजित की गईं। प्रतिभागी बच्चों के लिए आकर्षक एवं उपयोगी उपहार भी रखे गए।यह आयोजन परम पूज्य कैवल्यधाम तीर्थ प्रेरिका प्रवर्तिनी महोदया निपुणा श्रीजी म.सा. की सुशिष्या एवं प्रवचन प्रभाविका श्री मंजुला श्रीजी म.सा. आदि ठाणा की पावन निश्रा एवं प्रेरणा में आयोजित किया जा रहा है। ऋषभदेव मंदिर ट्रस्ट एवं आत्म उत्क्रांति आध्यात्मिक चातुर्मास-2026 समिति की ओर से बताया गया कि संस्कारम शिविर के माध्यम से बच्चों में धर्म, संस्कार, अनुशासन, रचनात्मकता और आत्मविश्वास के गुण विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है। शिविर में बच्चों की उत्साहपूर्ण सहभागिता रही।

**एक नजर**

### राजनांदगांव जिले में अब तक 4704.9 मिमी वर्षा दर्ज

**राजनांदगांव 24 अगस्त। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राजनांदगांव जिले में इस वर्ष चालू मानसून वर्ष में 1 जून 2026 से अब तक जिले के सभी 7 तहसीलों में 4704.9 मिमी बारिश एवं औसत 195.7 मिमी बारिश दर्ज की गई है। भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी अनुसार डोंगरगढ़ तहसील में 724.7 मिमी, लाल बहादुर नगर तहसील में 716 मिमी, राजनांदगांव तहसील में 839.7 मिमी, घुमका तहसील में 444 मिमी, छुरिया तहसील में 616.8 मिमी, कुमरदा तहसील में 772.9 मिमी, डोंगरगांव तहसील में 590.8 मिमी बारिश दर्ज की गई है। अब तक सर्वाधिक वर्षा राजनांदगांव तहसील में 839.7 मिमी दर्ज की गई है। इसी तरह आज राजनांदगांव जिले के सभी 7 तहसीलों में 195.7 मिमी एवं औसत 28 मिमी बारिश दर्ज की गई है। डोंगरगढ़ तहसील में 52.5 मिमी, लाल बहादुर नगर तहसील में 6 मिमी, राजनांदगांव तहसील में 39.7 मिमी, घुमका तहसील में 37 मिमी, छुरिया तहसील में 13 मिमी, कुमरदा तहसील में 18 मिमी, डोंगरगांव तहसील में 29.5 मिमी बारिश दर्ज की गई है। सर्वाधिक वर्षा राजनांदगांव तहसील में 52.5 मिमी दर्ज की गई है।

### महिला सशक्तिकरण की मिसाल बनीं जुनवानी की बिहान दीदियां

**रायपुर, 24 अगस्त।** रक्षाबंधन के अवसर पर ग्राम जुनवानी की बिहान दीदियों ने भाई-बहन के रिश्ते को आजीविका से जोड़ते हुए नई पहल की है। गांव के 6 स्व-सहायता समूहों की महिलाएं बीज और फैंसी राखियां तैयार कर रही हैं। अब तक करीब डेढ़ लाख रुपये की राखियों की बिक्री हो चुकी है। बिक्री से प्राप्त राशि का उपयोग महिलाएं आगे राखी निर्माण और अन्य आजीविका गतिविधियों के विस्तार में कर रही हैं। समूह की महिलाओं ने बताया कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत उन्हें आजीविका गतिविधियों के लिए आरएफ से 15 हजार रुपये की सहायता मिली। इसके साथ सीआईएफ से 60 हजार रुपये की राशि का उपयोग आर्थिक गतिविधियों के विस्तार के लिए किया गया। समूह की महिलाओं ने महतारी वंदन योजना से प्राप्त राशि को भी इस गतिविधि में लगाया और राखी निर्माण के लिए कच्चा माल खरीदा। इसके बाद महिलाओं ने मिलकर अलग-अलग डिजाइन की बीज और फैंसी राखियां तैयार कीं। बाजार में मांग के कारण इनकी बिक्री लगातार हो रही है। जुनवानी की बीज राखियां इस पहल की खास पहचान बनी हैं। राखी में मौजूद बीज को रक्षाबंधन के बाद मिट्टी में रोपकर पौधा तैयार किया जा सकता है। इस तरह महिलाओं द्वारा तैयार उत्पाद त्योहार के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दे रहे हैं।

### छत्तीसगढ़ में मानसून का जलवाः औसतन 783.0 मिमी वर्षा दर्ज

**रायपुर ,24 अगस्त।** छत्तीसगढ़ में इस वर्ष मानसून की चाल खेती-किसानी और जल स्त्रोतों के लिहाज से बेहद राहत जनक बनी हुई है। राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा जारी 23 अगस्त 2026 तक की बारिश रिपोर्ट के मुताबिक 1 जून से अब तक प्रदेश भर में औसतन 783.0 मिमी वर्षा दर्ज की जा चुकी है, जो कि इस अवधि की 10 वर्षों की औसत बारिश (791.1 मिमी) का लगभग 99 प्रतिशत है। चालू मानसून सत्र में आज प्रदेश का औसत दैनिक वर्षा का आंकड़ा 15.6 मिमी रिकॉर्ड किया गया। प्रदेश में बारिश का वितरण क्षेत्रवार काफी विविध रहा है। मैदानी और मध्य छत्तीसगढ़ के जिलों में जहां बादल खुलकर बरसे हैं, वहीं बस्तर संभाग और सरगुजा के कुछ इलाकों में बारिश की रफ्तार अब भी औसत से पीछे चल रही है। प्रतिशत के लिहाज से देखें तो राज्य में सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिला 168.3 फीसदी (1019.9 मिमी) बारिश के साथ पहले पायदान पर है, जबकि बलरामपुर 150.6 फीसदी (1028.1 मिमी) और महासमुंद 133.2 फीसदी (943.3 मिमी) के साथ दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। नारायणपुर में जरूर 1089.3 मिमी वर्षा के साथ 111.5 प्रतिशत का आंकड़ा हासिल हुआ है। बीते 24 घंटों के भीतर बस्तर जिले में सबसे ज्यादा 59.7 मिमी बारिश दर्ज की गई। इसके अलावा बालोद में 30.0 मिमी, गरियाबंद में 29.9 मिमी, दंतेवाड़ा में 29.6 मिमी, कोण्डागांव में 29.4 मिमी, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 29.3 मिमी, राजनांदगांव में 28.0 मिमी और बीजापुर में 26.8 मिमी पानी बरसा। प्रदेश में समग्र रूप से 99 फीसदी औसत बारिश हो जाने से खरीफ फसलों की स्थिति मजबूत हुई है और प्रमुख नदी-नालों तथा बांधों में जलस्तर सुरक्षित बना हुआ है।

# पवित्र सावन मास में सामूहिक रुद्राभिषेक का भव्य आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 24 अगस्त।** श्री कच्छ गुर्जर क्षत्रिय गुजराती समाज, डोंगरगढ़ द्वारा पवित्र सावन मास के अवसर पर शनिवार, 22 अगस्त 2026 को गुजराती भवन में सामूहिक रुद्राभिषेक का धार्मिक एवं आध्यात्मिक आयोजन श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ किया गया। आयोजन में समाज के 15 यजमानों ने विधि-विधानपूर्वक भगवान शिव का रुद्राभिषेक कर क्षेत्र एवं समाज की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। कार्यक्रम में मुख्य पुरोहित के रूप में श्री मनोज शर्मा, ढारा निवासी ने वैदिक मंत्रोच्चार एवं धार्मिक विधि-विधान के साथ रुद्राभिषेक संपन्न कराया। मंत्रोच्चार से गुजराती भवन का वातावरण भक्तिमय हो उठा। यजमानों एवं समाजजनों ने श्रद्धापूर्वक भगवान शिव का अभिषेक कर पूजा-अर्चना की तथा हवन में आहुति अर्पित की।

सामूहिक रुद्राभिषेक के दौरान बड़ी संख्या में समाज के महिला-पुरुष एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। सभी ने पूरे उत्साह और आस्था के साथ धार्मिक अनुष्ठान में सहभागिता निभाई। आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ से समाज में आपसी प्रेम, एकता एवं भाईचारे के साथ सभी के जीवन में सुख-शांति और समृद्धि की प्रार्थना की।

**समाजजनों के सहयोग से सफल हुआ आयोजनः** सामूहिक रुद्राभिषेक कार्यक्रम को सफल बनाने में श्री कच्छ गुर्जर क्षत्रिय गुजराती समाज डोंगरगढ़ के समस्त सदस्यों ने तन-मन-धन से सहयोग प्रदान किया। समाज के सदस्यों की सक्रिय सहभागिता एवं सामूहिक प्रयासों से आयोजन सुव्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। समाजजनों ने कहा कि सावन मास में सामूहिक रूप से भगवान शिव की आराधना करने से धार्मिक वातावरण के साथ समाज में एकता और सद्भाव की भावना भी मजबूत होती है। आयोजन के समापन पर सभी श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त किया और समाज की निरंतर प्रगति एवं मंगलमय भविष्य की कामना की।





# हर घर में हो छोटी सी लाइब्रेरी,पढ़ने की संस्कृति को दें बढ़ावा : मुख्यमंत्री

**रायपुर 24 अगस्त।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज राजधानी रायपुर के महंत घासीदास संग्रहालय सभागृह में युवा साहित्यकार श्री करुणा सागर पण्डा के उपन्यास 'कोहरा' का विमोचन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि साहित्य केवल समाज का दर्पण ही नहीं, बल्कि उसे सजग करने और सही दिशा दिखाने का भी सशक्त माध्यम है। 'कोहरा' जैसे उपन्यास सामाजिक विषयों को विमर्श के केंद्र में लाने का महत्वपूर्ण कार्य करते हैं।

मुख्यमंत्री श्री साय ने युवा साहित्यकार श्री करुणा सागर पण्डा को उनके उपन्यास के प्रकाशन पर बधाई देते हुए कहा कि संवेदनशील और चुनौतीपूर्ण विषय पर लेखन के लिए साहस की आवश्यकता होती है। रचनाकार जब समाज की समस्याओं और वास्तविकताओं को अपनी लेखनी का विषय बनाते हैं, तो साहित्य सामाजिक चेतना का माध्यम बनता है।

मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ की समृद्ध साहित्यिक परंपरा का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रदेश की धरती ने देश को अनेक प्रतिष्ठित साहित्यकार दिए हैं। विनोद कुमार शुक्ल जैसे मूर्धन्य रचनाकार को साहित्य के सर्वोच्च सम्मान ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित किया गया। छत्तीसगढ़ मुक्तिबोध की सृजनभूमि रही है और पदुमलाल पन्नालाल बख्शी जैसे साहित्यकारों ने हिंदी साहित्य को समृद्ध किया है। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी के रचनाकार इस गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं और समकालीन विषयों को साहित्य के माध्यम से समाज के सामने ला रहे हैं।



मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि सिनेमा और साहित्य ने समय-समय पर समाज के संवेदनशील विषयों को सामने लाने का काम किया है। उन्होंने 'द केरल स्टोरी' और 'द कश्मीर फाइल्स' का उल्लेख करते हुए कहा कि कठिन और मार्मिक विषयों को उठाने पर मतभेद और विरोध के स्वर भी सामने आते हैं, लेकिन रचनाकार का दायित्व है कि वह अपनी दृष्टि और संवेदना के साथ समाज के सामने विषय रखे। उन्होंने 'कोहरा' के लेखक के साहसिक प्रयास की सराहना की।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि अच्छी पुस्तकें अधिक से अधिक पाठकों तक पहुंचनी चाहिए। उन्होंने लोगों से अपने घरों में छोटी-सी लाइब्रेरी बनाने और बच्चों में पढ़ने की आदत विकसित करने की अपील की। मुख्यमंत्री ने कहा कि घर की समृद्धि केवल उसकी भव्यता में नहीं, बल्कि वहां उपलब्ध पुस्तकों और अध्ययन की संस्कृति में भी दिखाई देती है। उन्होंने कहा कि पुस्तकें पीढ़ियों के बीच ज्ञान, संस्कार और अनुभव का सेतु बनती हैं। इसलिए हर परिवार को अपनी रुचि के अनुसार पुस्तकों का संग्रह अवश्य रखना चाहिए।

मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर नक्सलवाद का उल्लेख करते हुए साहित्यकारों और रचनाकारों से इससे प्रभावित लोगों की पीड़ा और संघर्ष को भी अपनी रचनाओं का विषय बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ ने लंबे समय तक नक्सल हिंसा का दंश झेला है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व, केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह की दृढ़ इच्छाशक्ति, सुरक्षा बलों के अदम्य साहस और राज्य सरकार के सतत प्रयासों से प्रदेश में नक्सलवाद के विरुद्ध निर्णायक सफलता मिली है और बस्तर शांति एवं विकास के नए दौर की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नक्सलवाद की हिंसा में अनेक निर्दोष लोगों ने अपने परिजनों को खोया, बच्चों की शिक्षा और भविष्य प्रभावित हुआ तथा दशकों तक अनेक क्षेत्र विकास की मुख्यधारा से दूर रहे। नक्सलवाद की इस मानवीय त्रासदी और इसके कारण समाज पर पड़े प्रभावों को भी व्यापक रूप से सामने लाने की आवश्यकता है। साहित्यकार अपनी संवेदनशील लेखनी के माध्यम से उन परिवारों की पीड़ा, संघर्ष और बदलते बस्तर की कहानी को देश-दुनिया तक पहुंचा सकते हैं।

## बाबा मरस पोटा धाम में श्रावण मास पुत्रदा एकादशी हवन-पूजन किया गया



- **रोजाना रूद्र महा अभिषेक के साथ रोज भंडारा प्रसादी**
- **सावन मास यज्ञ में रोजाना भाग ले रहे हैं भक्त**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 24 अगस्त।** वनचेतना मनगटा मार्ग ग्राम बघेरा स्थित बाबा मरस पोटा धाम में श्रावण मास पुत्रदा एकादशी के पावन ठाकुर जी का विशेष पूजा अर्चना के साथ महाभिषेक यज्ञ किया गया में भक्त सपरिवार के साथ पहुंच कर शिव लिंग का रूद्र महा अभिषेक कर रहे श्रावण मास में शिव प्रसादी वितरण किया जा रहा है सावन मास में आयोजित यज्ञ में भक्त परिवार सहित यज्ञ कर रहे हैं

बाबा मरस पोटा धाम के संरक्षक श्री राकेश श्रीवास्तव ने बताया कि राजनांदगांव शहर से 16 किलो मीटर दूर वनचेतना मनगटा मार्ग ग्राम बघेरा में स्थित बाबा मरस पोटा धाम में महापुराण कथा व्यास भागवताचार्य पंडित श्री खिलेश कृष्ण दुबे जी द्वारा पुत्रप्राप्ति हेतु आज बाबा मरस पोटा धाम में पुत्रदा एकादशी के पावन पर्व पर गोपाल सहस्त्रनाम विष्णु सहस्त्रनाम पाठ एवं ठाकुर जी की विशेष पूजा अर्चना के साथ हवन पूजन कराया इस पूजा अर्चना में भक्तों ने भाग लिया बाबा मरस पोटा धाम 12 ज्योति लिंग दर्शन करने वाले भक्तों से रोजाना रूद्र महा अभिषेक कराया जा रहा छत्तीसगढ़ के विभिन्न हिस्सों से बढ़ी संख्या में भक्त मरस पोटा धाम पहुंच रहे हैं बाबा मरस पोटा धाम समिति के कमल सोनी दिलीप साहु नीलकंठ यादव रवि साहु राजकुमार देवांगन संजय यादव पुरूषोत्तम साहु मुकेश निषाद अर्जुन चंदा गांधी साहु रोहित साहु सहित सभी सदस्यों ने भक्तों से अपील की है कि वे सावन मास में बाबा मरस पोटा धाम में आयोजित शिव लिंग रूद्र महा अभिषेक यज्ञ कार्य में अवश्य परिवार सहित भाग ले।

# पूर्व महापौर बलवीर सिंह जुनेजा की पुण्यतिथि पर सुनील सोनी ने किया नमन

**रायपुर 24 अगस्त।** आज रायपुर नगर पालिक निगम के पूर्व महापौर स्व. बलवीर सिंह जुनेजा को उनकी पुण्यतिथि पर राजधानी शहर रायपुर के नगर पालिक निगम रायपुर के बलवीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम परिसर के प्रांगण में स्थित उनके मूर्ति स्थल के समक्ष उन्हें सादर नमन करने रायपुर नगर निगम संस्कृति विभाग के तत्वावधान में नगर निगम रायपुर जोन 4 के सहयोग से रखे गये संक्षित पुष्पांजलि आयोजन में पहुंचकर रायपुर दक्षिण विधायक श्री सुनील सोनी ने रायपुर नगर निगम के पूर्व महापौर स्व. बलवीर सिंह जुनेजा को उनकी पुण्यतिथि पर मूर्ति स्थल पर सादर नमन किया।



रायपुर दक्षिण विधायक श्री सुनील सोनी ने कहा कि रायपुर नगर निगम के पूर्व महापौर स्व. बलवीर सिंह जुनेजा सहज स्वभाव के जनप्रतिनिधि थे एवं सहज भाव से उन्होने अपने महापौर कार्यकाल में रायपुर शहर के विकास में अपना योगदान दिया। दक्षिण विधायक श्री सुनील सोनी ने कहा कि जबवे रायपुर नगर निगम के महापौर थे। तब उनके कार्यकाल में रायपुर में इंडोर स्टेडियम का निर्माण एवं लोकार्पण किया गया। तब पूर्व महापौर स्व. बलवीर सिंह जुनेजा के नाम से रायपुर नगर निगम के इंडोर स्टेडियम को नामकरण बलवीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम रखा गया एवं उनकी स्मृति में उनकी मूर्ति इंडोर स्टेडियम के परिसर में रायपुर नगर निगम के माध्यम से लगवायी गयी जहां हर वर्ष स्व. बलवीर सिंह जुनेजा का सादर नमन करने उनकी जयंती एवं पुण्यतिथि पर रायपुर नगर निगम संस्कृति विभाग एवं जोन 4 द्वारा पुष्पांजलि आयोजन रखा जाता है।

नगर निगम संस्कृति विभाग एवं जोन 4 के पुष्पांजलि आयोजन में पहुंचकर नगर निगम रायपुर के पूर्व महापौर स्व. बलवीर सिंह जुनेजा को उनकी पुण्यतिथि पर मूर्ति स्थल पर रायपुर नगर निगम जोन 4 जोन अध्यक्ष श्री मुरली शर्मा सहित स्व. बलवीर सिंह जुनेजा के परिवारजनों श्री करण सिंह जुनेजा एवं श्री रौनक सिंह जुनेजा एवं जोन 4 उपअभियंता सुश्री राखी देवांगन सहित नगर के गणमान्यजनों, सामाजिक कार्यकर्ताओं ने सादर नमन किया ।

## खेतों में खीरे की फसल से खिली खुशियां बिहान से कल्पना बनीं लखपति दीदी

**रायपुर,24 अगस्त।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए 'बिहान' योजना के माध्यम से स्व-सहायता समूहों को आजीविका गतिविधियों से जोड़ा जा रहा है। समूहों के माध्यम से महिलाएं ऋण, प्रशिक्षण और वित्तीय सहयोग प्राप्त कर कृषि सहित विभिन्न गतिविधियों को अपनाकर अपनी आय बढ़ा रही हैं। सरगुजा जिले के अम्बिकापुर विकासखंड के सकालो ग्राम पंचायत की श्रीमती कल्पना सिंह की कहानी इसी बदलाव की प्रेरक मिसाल है।

मां महामाया महिला स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष कल्पना सिंह ने समूह के माध्यम से डेढ़ लाख रुपये का ऋण लेकर कृषि कार्य शुरू किया। उन्होंने इस राशि का उपयोग खीरे की खेती के लिए किया। वर्तमान में उनके खेत में खीरे की तुड़ाई चल रही है और फसल से उन्हें अच्छी आमदनी प्राप्त हो रही है। कल्पना सिंह हर वर्ष मौसम के अनुसार अलग-अलग फसलों और सब्जियों की खेती करती हैं। इनमें बैंगन, टमाटर, खीरा, तरबूज सहित अन्य फसलें शामिल हैं। अलग-अलग कृषि गतिविधियों को अपनाने से उन्हें आय के विविध स्त्रोत मिले हैं और परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूती मिली है।

बिहान से जुड़ना कल्पना सिंह के लिए केवल आर्थिक बदलाव नहीं, बल्कि उनके व्यक्तित्व में आए आत्मविश्वास का भी सफर है। वे बताती हैं कि स्वयं सहायता समूह से जुड़ने से पहले उनका अधिकांश समय घर की जिम्मेदारियों तक सीमित था। घर से बाहर निकलने, बाजार जाने और लोगों से बातचीत करने में उन्हें झिझक महसूस होती थी।

समूह से जुड़ने के बाद उन्होंने बैंकिंग, बाजार और कृषि व्यवसाय से जुड़ी गतिविधियों को समझना शुरू किया। अब वे बैंक के काम से लेकर बाजार में अपनी उपज बेचने तक के कार्य स्वयं करने में सक्षम हैं। लोगों से बातचीत करने और अपने हित-अहित को समझने का आत्मविश्वास भी उनमें बढ़ा है। कल्पना सिंह बताती हैं कि स्वयं सहायता समूह के माध्यम से समय-समय पर ऋण लेकर अलग-अलग सब्जियों की खेती करने से उनकी आमदनी में लगातार वृद्धि हुई है।

## नशामुक्त युवा,विकसित भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने पर जोर




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 24 अगस्त।** युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने और उन्हें राष्ट्र निर्माण की मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य से पत्र सूचना कार्यालय, रायपुर एवं केंद्रीय संचार ब्यूरो द्वारा नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत–संकल्प अभियान के तहत कल, 23 अगस्त को राजनांदगांव में पत्रकार वार्तालाप एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में नशामुक्ति, युवा शक्ति और विकसित भारत के निर्माण में मीडिया की भूमिका सहित विभिन्न समसामयिक विषयों पर संवाद होगा।

कार्यक्रम में श्री दुर्गा प्रसाद अधिकारी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत; श्री अनिल कुमार, अधीक्षक, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो, रायपुर; बहन प्रियंका कौशल, वरिष्ठ पत्रकार, रायपुर तथा प्राध्यापक श्री शंकर मुनि राय, विभागाध्यक्ष, हिंदी विभाग, दिग्विजय कॉलेज, राजनांदगांव वक्ता के रूप में शामिल होंगे। इस दौरान पत्रकारिता का अतीत और वर्तमान विषय पर भी विशेष संवाद होगा।

पत्रकार वार्तालाप एवं प्रदर्शनी का आयोजन 23 अगस्त को प्रातः 10:30 बजे एबिस ग्रीन्स, रिलायंस पेट्रोल पंप के पीछे, रायपुर नाका, राजनांदगांव में किया जाएगा। आयोजन का उद्देश्य युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करने के साथ उन्हें स्वस्थ, जागरूक और जिम्मेदार नागरिक के रूप में राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम के माध्यम से नशामुक्त युवा और विकसित भारत के संकल्प को जनभागीदारी के साथ आगे बढ़ाने का संदेश दिया जाएगा।

# निगम शहर में मूलभूत सुविधाओं के सुधार एवं सौंदर्यीकरण के लिए कर रहा निरंतर कार्य

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 24 अगस्त।** नगर पालिक निगम राजनांदगांव द्वारा शहर में नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने, स्वच्छता एवं सुगम आवागमन सुनिश्चित करने तथा सार्वजनिक स्थलों के सौंदर्यीकरण के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। बारिश के दौरान उत्पन्न समस्याओं के त्वरित निराकरण के साथ ही शहर के विभिन्न क्षेत्रों में पाइपलाइन मरम्मत, सड़क सुधार, अतिक्रमण हटाने, मवेशी नियंत्रण एवं उद्यानों के जीर्णोद्धार की दिशा में कार्य जारी है।

**पाइपलाइन मरम्मत के बाद सड़क को किया जा रहा समतलः** कमला कॉलेज रोड से कलेक्टोरेट बंगला के बीच पाइपलाइन मरम्मत के लिए खोदे गए गड्ढे को सुधार कार्य पूर्ण होने के बाद पाटकर समतल करने की कार्रवाई की जा रही है। इसी प्रकार कमला कॉलेज रोड में कौरिनभाठा तालाब के पास पाइपलाइन में लीकेज के कारण जीवन कॉलोनी में प्रभावित हुई जलापूर्ति को भी सुधार लिया गया है। निजी टेलीकॉम कंपनी द्वारा भूमिगत केबल बिछाने के दौरान पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने से पटरी पार क्षेत्र के कुछ वार्डों में मटमैले पानी की समस्या उत्पन्न हुई थी। पाइपलाइन का सुधार कर लीकेज की जांच एवं आवश्यक मरम्मत की गई है। कुछ क्षेत्रों में गंदे पानी की शिकायत मिलने पर संबंधित पाइपलाइनों की जांच एवं सुधार कार्य भी किया जा रहा है। फिल्टर प्लांट में सुचारू जलापूर्ति के लिए लगातार निगरानी रखी जा रही है।

**प्रतिमा स्थलों का मरम्मत एवं सौंदर्यीकरण :** शहर के चौक-चौराहों में स्थापित पुरानी प्रतिमाओं एवं उनके स्थलों के रखरखाव और सौंदर्यीकरण की दिशा में नगर निगम द्वारा कार्य किया जा रहा है। वर्तमान में रानी अवंती बाई लोधी की प्रतिमा स्थल का मरम्मत कार्य पूर्ण कर सौंदर्यीकरण किया गया है। इसी तर्ज पर शहर के अन्य प्रतिमा स्थलों का भी चरणबद्ध तरीके से मरम्मत एवं सौंदर्यीकरण किया जाएगा।

बारिश के बाद कीचड़ एवं जलभराव वाले क्षेत्रों में सफाई

अत्यधिक बारिश के कारण शहर के कुछ क्षेत्रों में कीचड़ एवं जलभराव की स्थिति निर्मित हुई है। नगर निगम द्वारा ऐसे स्थानों पर सफाई एवं आवश्यक सुधार कार्य कराया जा रहा है। पानी भराव से निजात दिलाने के लिए धंसी हुई इंटरलॉकिंग को भी दुरूस्त किया जाएगा।

**मवेशी नियंत्रण के लिए दिन-रात अभियानः** शहर के चौक-चौराहों एवं प्रमुख मार्गों पर आवारा मवेशियों के कारण होने वाली समस्या के समाधान के लिए नगर निगम द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। निगम के 18 कर्मचारियों की टीम द्वारा प्रतिदिन अलग-अलग क्षेत्रों में दिन एवं रात के समय अभियान चलाकर मवेशियों को पकड़कर कांजी हाउस में रखा जा रहा है। रात्रि में भी मवेशियों को सड़कों से हटाने की कार्रवाई की जा रही है। कांजी हाउस में सीमित स्थान तथा मवेशियों की अधिक संख्या को देखते हुए निर्धारित शुल्क लेकर मवेशी मालिकों को उनके मवेशी सुपुर्द किए जा रहे हैं। समस्या के स्थायी समाधान के लिए बड़े कांजी हाउस के निर्माण हेतु स्थल की तलाश की जा रही है। साथ ही मवेशी मालिकों की बैठक आयोजित कर उन्हें अपने मवेशियों को खुले में नहीं छोडने् के संबंध में जागरूक करने की योजना है।

**उद्यानों के जीर्णोद्धार के लिए बजट में प्रावधानः** नगर निगम सीमा क्षेत्र के कुछ पुराने उद्यानों की स्थिति को बेहतर बनाने के लिए इस वित्तीय वर्ष के बजट में जीर्णोद्धार का प्रावधान रखा गया है। इसके क्रियान्वयन की प्रक्रिया भी प्रारंभ की जा रही है। उद्यानों में नागरिकों के लिए बेहतर सुविधाएं एवं व्यवस्थित वातावरण सुनिश्चित करने के लिए नगर निगम द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

अतिक्रमण हटाकर सुगम आवागमन एवं जल निकासी पर जोर

शहर के प्रमुख मार्गों, सार्वजनिक स्थलों एवं फुटपाथों पर रखे ठेला-खोमचा के कारण यातायात बाधित होने तथा पानी निकासी प्रभावित होने की स्थिति को देखते हुए नगर निगम का अतिक्रमण दस्ता लगातार कार्रवाई कर रहा है। सार्वजनिक मार्गों को व्यवस्थित एवं सुगम बनाने के साथ जल निकासी व्यवस्था को भी बेहतर बनाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

**सड़कों के गड्ढों का पेचवर्क जारी :** नगर निगम द्वारा शहर की सड़कों में बने गड्ढ़ों का पेचवर्क कर मरम्मत कार्य कराया जा रहा है। अत्यधिक बारिश के कारण पेचवर्क कार्य में कुछ कठिनाइयां आ रही हैं। इसके बावजूद आवश्यकतानुसार मरम्मत कार्य जारी है। महापौर द्वारा बैठक में बारिश की स्थिति को देखते हुए गणेश पर्व के पूर्व सड़कों की आवश्यक मरम्मत सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। लोक निर्माण विभाग अंतर्गत आने वाली सड़कों पर पेचवर्क के लिए संबंधित विभाग को पत्र भी प्रेषित किया गया है। डिवाइडर टूटने तथा सड़क पर निर्माण सामग्री बिखरे होने के संबंध में संबंधित विभाग को अवगत कराया गया है। वहीं नगर निगम द्वारा अपने स्तर पर साफ-सफाई एवं आवश्यक व्यवस्थाओं को दुरूस्त करने का कार्य लगातार किया जा रहा है। नगर निगम द्वारा बारिश के मौसम में उत्पन्न समस्याओं के त्वरित निराकरण के साथ शहर को स्वच्छ, सुंदर, व्यवस्थित एवं सुविधायुक्त बनाने के लिए विभिन्न स्तरों पर कार्य किया जा रहा है। नागरिक सुविधाओं को प्राथमिकता देते हुए आवश्यक कार्यों की लगातार निगरानी एवं कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है।

## मिट्टी के तालाब में समृद्धि की लहर, बिहान से जय कुमारी ने गढ़ी आत्मनिर्भरता की राह

**रायपुर, 24 अगस्त।** ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में संचालित छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन 'बिहान' महिलाओं के लिए आजीविका के नए अवसरों का आधार बन रहा है। स्व-सहायता समूहों से जुड़कर महिलाएं कृषि, पशुपालन, मत्स्य पालन सहित विभिन्न गतिविधियों को अपनाकर अपनी आय बढ़ा रही हैं और परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। सरगुजा जिले के लखनपुर विकासखंड के ग्राम गुमगराखुर्द की रहने वाली श्रीमती जय कुमारी भी बिहान योजना से जुड़कर आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ा रही हैं। लक्ष्मी स्व-सहायता समूह की सदस्य जय कुमारी ने अपनी निजी भूमि पर तालाब का निर्माण कर मत्स्य पालन को आजीविका का माध्यम बनाया है। विभिन्न आजीविका गतिविधियों से जुड़कर उन्होंने लखपति दीदी के रूप में अपनी पहचान बनाई है। जय कुमारी ने बताया कि उन्होंने अपनी निजी भूमि पर तालाब का निर्माण कराया और इसके बाद उसमें मत्स्य पालन शुरू किया। 'बिहान' योजना के माध्यम से उन्हें मछली बीज की सहायता मिल रही है। मत्स्य विभाग से 50 प्रतिशत अनुदान पर मछली बीज उपलब्ध होने से उन्हें मत्स्य पालन गतिविधि को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण सहयोग मिल रहा है।

## एक नजर

### रायपुर में धोखाधड़ी व चोरी के सात व 36.50 लाख की ठगी का मामला दर्ज

**रायपुर, 24 अगस्त।** राजधानी रायपुर के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में धोखाधड़ी, वाहन चोरी, सोने के आभूषण की चोरी और मारपीट के कई मामले सामने आए हैं। पुलिस ने संबंधित मामलों में अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इनमें शेयर बाजार में अधिक मुनाफे का झांसा देकर 36 लाख 50 हजार रुपये की धोखाधड़ी का मामला भी शामिल है। दीनदयाल उपाध्याय नगर थाना क्षेत्र में अवकाश श्रीवास्तव ने शिकायत दर्ज कराई कि मोबाइल फोन धारक ने उन्हें शेयर बाजार में कारोबार के नाम पर अधिक मुनाफा कमाने का झांसा दिया। आरोपी के बताए बैंक खाते में अलग-अलग किस्तों में कुल 36 लाख 50 हजार रुपये जमा कराए गए। रकम वापस नहीं करने पर पीड़ित ने धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4) के तहत मामला दर्ज किया है। तेलीबांधा थाना क्षेत्र में थाना परिसर के बाहर पार्किंग स्थल से हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 04 एमवी 0787 चोरी हो गई। वाहन की कीमत करीब 20 हजार रुपये बताई गई है। सौरभ शर्मा की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की है। गोलबाजार थाना क्षेत्र में जवाहर बाजार के पास एक दुकान में सामान खरीदने पहुंची वांशिका मानिकपुरी के गले से अज्ञात चोर ने सोने का एक लॉकेट, जिसकी कीमत करीब 6 हजार रुपये है, चोरी कर लिया। शिकायत के आधार पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। कबीर नगर थाना क्षेत्र की बीएसयूपी कॉलोनी में साहेब आलम ने रेहान सहित अन्य लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत के अनुसार आरोपियों ने टिप्पणी को लेकर विवाद किया। विरोध करने पर गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और हाथ-मुक्के से मारपीट कर चोट पहुंचाई। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है।

### छत्तीसगढ़ के बच्चों के हक की एक भी सीट नहीं होगी प्रभावित: जायसवाल

**रायपुर, 24 अगस्त।** छत्तीसगढ़ के चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा है कि छत्तीसगढ़ के बच्चों के हितों के साथ किसी भी तरह की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रदेश में मेडिकल कॉलेज और एमसीसीएस की सीटें बढ़ाने का उद्देश्य ही यही है कि छत्तीसगढ़ के अधिक से अधिक बच्चों को मेडिकल शिक्षा का अवसर मिले। मंत्री जायसवाल ने कहा है कि डोमिसाइल को लेकर अगर कहीं कोई शंका या शिकायत सामने आती है तो उसकी पूरी गंभीरता से जांच कराई जाएगी।व्यवस्था को पूरी तरह पारदर्शी और पुख्ता बनाया गया है। जिनके दस्तावेज सही हैं, उन्हें चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है, लेकिन अगर कहीं नियमों का उल्लंघन या फर्जीवाड़ा पाया गया तो उसे किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा है कि छत्तीसगढ़ के विद्यार्थियों ने मेहनत की है, उनके भविष्य और उनके अधिकारों की रक्षा करना हमारी जिम्मेदारी है। मेडिकल कॉलेज और सीटें बढ़ाना हमारी उपलब्धि है, लेकिन यह सुनिश्चित करना भी उतना ही जरूरी है कि इसका लाभ पात्र विद्यार्थियों को ही मिले। इस मामले में किसी तरह की लापरवाही नहीं होगी। पिछले वर्षों की भांति इस वर्ष भी काउंसलिंग, मेरिट और आवंटन की संपूर्ण प्रक्रिया प्रचलित प्रवेश नियमों के अनुसार ऑनलाइन माध्यम से पारदर्शी ढंग से संपादित की जा रही है।

# बोल बम के नारों के साथ सर्व ब्राह्मण समाज ने निकाली कांवड़ यात्रा

**रायपुर, 24 अगस्त।** सावन महीने के अंतिम रविवार पर बोल बम के गगन भेदी नारे, धर्माचार्यो की शंख ध्वनि और डीजे की धुन में थिरकते सर्व ब्राह्मण समाज ने भव्य कांवड़ यात्रा निकाली. कांवरियों का जत्था प्रातः 10 बजे से ही भगवा या पीला पोशाक में बूढ़ेश्वर मंदिर में पहुंचकर शिवजी की पूजा अर्चना के साथ कुएं से जल लेकर कतारबद्ध हो रहे थे.11 पंडितों और धर्मध्वज लिए भक्तों ने समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा की अगुवाई में बोल बम के नारों के साथ आगे बढ़े. इस यात्रा में शिव नंदी का किरदार निभा रहे कलाकार आकर्षण का केंद्र रहे. यात्रा में ब्राह्मण समाज, बेटी बचाओ मंच, तथा जय मां रणचंडी महिला समिति के सदस्य काफी संख्या में महादेवघाट स्थित हटकेश्वर महादेव में जल अर्पण के लिए चल रहे थे. समाज के अध्यक्ष ललित मिश्रा ने बताया की यात्रा के साथ सफेद घोड़े पे भगवाधारी पंडित सवार थे. गिरीश दुबे तथा ऋषि कुमार व्यवस्था संभाले हुए थे.रामकृष्ण बाजपेई, आशीष पाठक तथा नीतीश शुक्ला ट्रैफिक व्यवस्था संभालने में लगे थे.अश्वनी नगर, सुंदर नगर चौक तथा रायपुरा चौक में कांवरियों का कई राजनीतिक व सामाजिक संगठनों ने स्वागत किया. महादेव घाट हटकेश्वर महादेव में जलाभिषेक व भोजन प्रसादी के साथ कांवड़ यात्रा समाप्त हुई. इस यात्रा में समाज के रत्ना शर्मा, हेमंत शर्मा, आशीष पाठक, रामकृष्ण बाजपेई, बरखा बाजपेई, प्रफुल्ल दुबे, गिरीश दुबे, नीतीश शुक्ला, शारदा मिश्रा, पुष्पा तिवारी, वैजयंती चतुर्वेदी, संजना तिवारी, बेटी बचाओ मंच से गीता विश्वकर्मा, महेश्वरी यादव, प्रगति रहंगडाले, इमला ठाकरे, प्रमिला कोपुलवार केजई साहू. जय मां रणचंडी महिला समिति से ऋषि कुमार, लता छूरा, पूनम कुमार, बजरंग ठाकुर, यतीश सोनी सहित श्रद्धालु जन काफी संख्या में उपस्थित थे.



## प्रधानमंत्री आवास योजना पर सियासत तेज

# पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने स्वीकार की डिप्टी सीएम विजय शर्मा की चुनौती

**रायपुर, 24 अगस्त।** छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर सियासत तेज हो गई है। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा की बहस के लिए चुनौती को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने स्वीकार किया है। उन्होंने कहा कि बहस के लिए समय और स्थान तय कर लें।

### उप मुख्यमंत्री ने दी थी चुनौती

विजय शर्मा ने प्रधानमंत्री आवास योजना के आंकड़े सामने रखते हुए कहा था कि प्रदेश में नई सरकार बनने के बाद पहली कैबिनेट बैठक में 18 लाख प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत कर निर्माण का निर्णय लिया गया था। उन्होंने दावा किया कि सरकार बनने के बाद अब तक 11 लाख से अधिक प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के मकान पूर्ण किए जा चुके हैं। मंत्री ने पूर्व मुख्यमंत्री पर भ्रम फैलाने का आरोप लगाते हुए कहा था कि यदि वे पीएम आवास के मुद्दे पर किसी भी मंच पर चर्चा करना चाहते हैं तो सरकार इसके लिए तैयार है।

### पूर्व सीएम ने स्वीकार की चुनौती

वहीं, पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने विजय शर्मा की चुनौती स्वीकार करते हुए कहा कि मुझे विजय शर्मा की चुनौती मंजूर है। समय और स्थान तय कर लें, मैं बहस करने के लिए तैयार हूं।

### कहा- बहस के लिए समय और स्थान तय कर लें





### लिखित में झूठ बोलने का आरोप

बघेल ने प्रधानमंत्री आवास के आंकड़ों को लेकर विजय शर्मा पर सवाल उठाते हुए कहा कि वे लिखित में झूठ बोलते हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में 18 लाख 50 हजार आवास स्वीकृत होने की बात कही गई है, जबकि संसद में अलग आंकड़े बताए जाते हैं। बघेल ने सवाल किया कि आखिर दोनों में सही कौन है।

### पूर्व मुख्यमंत्री ने किया दावा

पूर्व मुख्यमंत्री ने दावा किया कि प्रदेश में 11 लाख से अधिक आवास पहले ही बनाए जा चुके थे, जिनमें पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के कार्यकाल और उनके कार्यकाल के आवास भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि उनके कार्यकाल में बिलासपुर में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान करीब 7 लाख आवास स्वीकृत कराए गए थे, जिसमें राहुल गांधी भी शामिल हुए थे।

### विजय शर्मा से किए सवाल

बघेल ने आगे कहा कि 45000 आवास ऐसे थे, जो इनके सर्वे में नहीं थे। मुख्यमंत्री आवास का हमने 45000 को स्वीकृति दी। इस तरह कुल 18 लाख 50 हजार हुए। उन्होंने विजय शर्मा से सीधा सवाल करते हुए कहा कि वे यह बताएं कि मौजूदा सरकार ने कितने आवास स्वीकृत किए और उनमें से कितने पूरे किए हैं। उन्होंने दावा किया कि 18 लाख 45 हजार आवास उनके कार्यकाल में ही स्वीकृत हो चुके थे।

# ई-रिक्शा में महिला अधिकारी के गले से सोने की चेन पार

## तीन दिन बाद पुलिस में की शिकायत, जांच जारी

**रायपुर, 24 अगस्त।** राजधानी रायपुर में महिला अधिकारी के साथ चेन स्नेचिंग की वारदात सामने आई है. जेल रोड से पेंशनबाड़ा के बीच ई-रिक्शा में महिला अधिकारी के गले से सोने की चेन पार कर दी गई. बताया जा रहा है कि घटना के तीन दिन बाद कोतवाली थाना में रिपोर्ट लिखाई गई है. पीड़िता जनता कॉलोनी गुढ़ियारी निवासी मंजूलता साहू राज्य परिवहन कार्यालय समग्र शिक्षा, रायपुर में सहायक संचालक हैं. जानकारी के मुताबिक, घटना 18 अगस्त की सुबह की है. करीब सुबह 10:15 बजे मंजूलता साहू दोपहिया से पेंशनबाड़ा स्थित बोर्ड ऑफिस जाने के लिए निकली थीं. रास्ते में बारिश तेज होने से ई-रिक्शा में सवार हो गई. ई रिक्शा खालसा स्कूल होते हुए आम्बेडकर चौक पहुंचा, जहां 6 महिलाएं बैठीं. पीड़िता ने शिकायत में बताया कि ई-रिक्शा में जगह की कमी होने से आपस में धक्का-मुक्की करने लगीं. इसके बाद वह पेंशनबाड़ा में हमर क्लिनिक के पास उतर गई. ई-रिक्शा से उतरने के बाद महिला का अपने गले पर ध्यान तो सोने की चेन गायब मिली. शिकायत के बाद पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है.




**पुलिस की जांच जारी:** पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है. आरोपियों को पकड़ने के लिए ई-रिक्शा के रूट और संबंधित स्थानों के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाले जा सकते हैं. वहीं ई-रिक्शा चालक और घटना के वक्त सवार महिलाओं की पहचान की भी कोशिशें जारी है.



पौधारोपण

**पंडरिया, 24 अगस्त।** पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने जन्मदिन पर पौधारोपण कर पौधा संरक्षण ओर पर्यावरण जागरूकता का संदेश दिया। इस दौरान सुबह से ही पंडरिया विधायक भावना बोहरा को जन्मदिन की बधाई देने वालों का तांता दिखा। गुलदस्ता भेंटकर बीजेपी कार्यकर्ताओं ओर जिले वासियों की बधाई का सिलसिला जारी रहती हुई दिखी।

# पूरे प्रदेश में धूमधाम से मनाया गया पूर्व सीएम भूपेश बघेल का जन्मदिन




**रायपुर 24 अगस्त।** पूर्व मुख्यमंत्री, एआईसीसी महासचिव, भूपेश बघेल का जन्मदिन कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने पूरे प्रदेश में धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आप का स्नेह, प्यार और आशीर्वाद ही मेरी असल ताकत है, आप सभी का यही विश्वास मुझे प्रदेश के 3 करोड़ हितों के लिए काम करने की प्रेरणा देता है। प्रदेश के कोने कोने से आए कार्यकर्ताओं का जोश मुझे कर्तव्य पथ पर ताकत देता है, आप सभी के उत्साह और विश्वास मुझे हमेशा और अधिक क्षमता से माटी की सेवा के लिए प्रेरित करता है, मैं भरोसा दिलाता हूं कि कार्यकर्ताओं की अपेक्षाओं को पूरा करने का सदैव प्रयास जारी रहेगा।

इस अवसर पर सुबह भिलाई निवास से लेकर पाटन, दुर्ग और रायपुर बंगले में ऐतिहासिक जन सैलाब उमड़ा, जगह-जगह फुलमाला और आतिशबाजियों के साथ स्वागत किया गया। करी लड्डू, फूल, फलों और धान से तौलकर जननेता के स्वागत के लिए कार्यकर्ता उमड़ पड़े। मुख्य कार्यक्रम पाटन के अखरा दाई मंदिर में क्षेत्र के हजारों की संख्या में लोग बधाई देने पहुंचे। प्रदेश भर से कांग्रेस के विधायक, पूर्व मंत्री, पूर्व विधायक सहित हजारों कार्यकर्ता बधाई देने पहुंचे। रायपुर के एक्स सीएम हाउस में भी बड़ी संख्या में प्रदेश भर से आए नेता कार्यकर्ताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का जन्मदिन मनाया।



# राजधानी में डबल मर्डर: एक ही रात में दो युवकों की चाकू मारकर हत्या, पांच गिरफ्तार

**रायपुर, 24 अगस्त।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर एक बार फिर चाकूबाजी की वारदातों से थर्रा उठी है। डीडी नगर थाना क्षेत्र में रविवार रात दो युवकों पर चाकू से घातक वार किया गया। हमले में दोनों की मौत हो गई है। शिकायत के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। इस मामले में पांच आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया है। हालांकि पिछले 20 दिनों में 12 हत्याएं की वारदात घटित हुई है, जिससे पुलिस कमिश्नरेट की कार्यप्रणाली पर कई गंभीर सवाल उठ रहे हैं।

**महादेव घाट रोड में हुई पहली घटना:** पहली घटना महादेव घाट रोड की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, कैलाश अपनी महिला मित्र के साथ पैदल घर की ओर जा रहा था। इसी दौरान स्कूटी सवार टिकेंद्र ने सुमीत बाजार के सामने कैलाश को रोक लिया और बिना किसी बातचीत के चाकू से उस पर हमला कर दिया। हमले के दौरान कैलाश ने चाकू छीन लिया और टिकेंद्र पर वार कर दिया। इस घटना में टिकेंद्र की मौत हो गई। घायल कैलाश को गंभीर हालत में इलाज के लिए एम्स रायपुर भेजा गया है, जहां उसका इलाज जारी है। पुलिस ने मामले में हत्या का अपराध दर्ज कर घटनाक्रम की जांच शुरू कर दी है।

**चंगोराभांठा में हुई दूसरी घटना:** वहीं दूसरी घटना रविवार की रात करीब 12:30 बजे श्रीराम नगर, चंगोराभांठा में हुई। जानकारी के मुताबिक, 20 वर्षीय भोला विश्वकर्मा का कुछ स्थानीय युवकों से किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। विवाद बढ़ने के बाद आरोपियों ने कथित तौर पर मिलकर भोला पर चाकू से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल भोला को उपचार के लिए मेकाहारा अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

**5 आरोपी गिरफ्तार:** घटना के बाद डीडी नगर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए वारदात में शामिल पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इनमें कुछ नाबालिग भी बताए जा रहे हैं। वहीं अन्य फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम रवाना की गई है। दोनों मामलों में बीएनएस की हत्या और बलवा सहित संबंधित धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर लिया गया है। पुलिस घटनाओं के कारण, आरोपियों की भूमिका और पूरे घटनाक्रम की जांच कर रही है।

### फिर डबल मर्डर, कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त : कन्हैया

**रायपुर, 24 अगस्त।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री कन्हैया अग्रवाल ने डीडी नगर थाना क्षेत्र के चंगोराभाठा और रायपुरा में देर रात हुए दोहरे हत्याकांड पर गहरा आक्रोश व्यक्त किया है। उन्होंने इस घटना को पुलिस पेट्रोलिंग की पोल खोलने वाला और कमिश्नरेट प्रणाली की विफलता का प्रत्यक्ष प्रमाण करार देते हुए कहा कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है और अपराधियों के दिल से पुलिस का खौफ खत्म हो गया है। कन्हैया अग्रवाल ने कहा कि रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र लगातार अपराधियों का गड़बड़ पर जा रहा है। क्षेत्र में अवैध शराब गांजा नशे की गोलियां भारी मात्रा में लगातार बेची जा रही है साथ ही अवैध रूप से सट्टा और जुआ खिलाने का कारोबार भी तेजी से बढ़ रहा है। राजधानी रायपुर के डीडी नगर थाना अंतर्गत आने वाले कई इलाके लंबे समय से अवैध नशीली वस्तुओं के कारोबार और सट्टेबाजी के लिए बदनाम हैं। पुलिस प्रशासन की ढिलाई और गश्त के अभाव के कारण अपराधियों के हौसले बुलंद हैं, जिसके चलते खुलेआम हत्या जैसी संगीन वारदातों को अंजाम दिया जा रहा है।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26